Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 । अंक 64
नई दिल्ली, बुधवार, 8 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

भारत में एआई, क्लाउड क्षमता के विस्तार में तीन अरब डॉलर निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट

## दिल्ली में 5 फरवरी को मतदान, 8 को नतीजे




दिल्ली विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू। फोटो : रंजन डिमरी/पायनियर

**संजय राय।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय राजधानी** में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा का चुनाव 5 फरवरी को एक ही चरण में मतदान होगा और 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच त्रिकोणिय मुकाबला है। दिल्ली विस चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल बनाम आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद की मुफ्त योजना के बीच है। आप सत्ता में वापसी कर हैट्रिक लगाने की कोशिश में है। जिसने वर्ष 2015 और 2020 के विस चुनावों में क्रमश: 67 और 62 सीटें जीत कर प्रचंड बहुमत हासिल किया था।

आम आमदी पार्टी को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश में सत्ता विरोधी लहर, भ्रष्टाचार के आरोपों और भाजपा के आक्रामक प्रचार का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कांग्रेस दिल्ली में अपना खोयाजनाधार फिर से हासिल करने में जुटी है। हालांकि कांग्रेस और आप ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव इंडिया गुट के तहत लड़ा था। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, यह एक चरण का चुनाव है। आयोग ने जानबूझकर बुधवार को मतदान रखा है ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान करने के लिए बाहर निकले, जैसा कि महाराष्ट्र में किया था। पूरी चुनाव प्रक्रिया 10 फरवरी तक पूरी हो जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और चुनाव समाप्त होने तक लागू रहेगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है और नामांकन की जांच 18 जनवरी तक की जाएगी। उम्मीदवार 20 जनवरी तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। दिल्ली की 70 सीटों में से 58 सामान्य और 12 आरक्षित हैं। 70 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। जिससे नए सदन के गठन के लिए उससे पहले चुनाव कराना आवश्यक है।

कुमार ने कहा कि दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं और इनमें 83.49 लाख पुरुष तथा 71.74 लाख महिलाएं हैं। युवा मतदाताओं (20 से 21 वर्ष के) की संख्या 28.89 लाख है जबकि पहली बार मतदान के पात्र युवाओं की संख्या 2.08 लाख है। राष्ट्रीय राजधानी के 2697 स्थानों पर कुल 13,033 मतदान केंद्र होंगे और इनमें से 210 मॉडल मतदान केंद्र होंगे। सीईसी ने उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के नेताओं से चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं के खिलाफ टिप्पणी करने और बच्चों को शामिल करने से परहेज करने का आग्रह किया है। हाईप्रोफाइल नई दिल्ली विधानसभा सीट से दो पूर्व मुख्यमंत्रियों दिवंगत साहिब सिंह वर्मा के बेटे पूर्व सांसद परवेश वर्मा, पूर्व सीएम दिवंगत शीला दीक्षित के बेटे पूर्व सांसद संदीप दीक्षित और आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। इसी तरह, भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस की अलका लांबा कालकाजी से मुख्यमंत्री आतिशी को टक्कर दे रही हैं। यह विधानसभा चुनाव को तीनों पार्टियों लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई के तौर पर देखा जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी दिल्ली की सत्ता में गत 25 साल से जारी अपने वनवास को समाप्त करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। इस कोशिश को मूर्त रूप देने के लिए उसने परिवर्तन का नारा दिया है और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान(शेष पृष्ठ 9)

### आम बजट में केंद्र सरकार नहीं करेगी दिल्ली से जुड़ी घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुख्य निर्वाचन** आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग कैबिनेट सचिव को पत्र लिखकर सूचित करेगा कि केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया जा सकता जिससे सभी के लिए समान अवसर प्रभावित हों। चुनाव से कुछ दिन पहले पेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, हम कैबिनेट सचिव को लिखेंगे कि केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया जा सकता, जिससे सभी के लिए समान अवसर प्रभावित हों। इस बीच राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों से चुनाव के दौरान मर्यादा बनाए रखने (शेष पृष्ठ 9)

## भारत ने एचएमपीवी के लिए निगरानी बढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**कर्नाटक, गुजरात,** महाराष्ट्र और तमिलनाडु में मानव मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण के मामलों का पता चलने के बीच, केंद्र ने राज्यों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आईएलआई और एसएआरआई सहित श्वसन संबंधी बीमारियों के लिए निगरानी बढ़ाने और चीन में तेजी से फैल रहे रोग के बारे में जागरूकता पैदा करने की सलाह दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की और देश में श्वसन संबंधी बीमारियों व एचएमपीवी के मामलों और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा की। हालांकि, केंद्र ने अभी तक कोई परामर्श जारी नहीं किया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि कि वर्ष 2001 से वैश्विक स्तर पर मौजूद एचएमपीवी को लेकर लोगों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने राज्यों को आईएलआई, एसएआरआई निगरानी को मजबूत करने और समीक्षा करने की सलाह दी। उन्होंने दोहराया कि आमतौर पर सर्दियों के महीनों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि देखी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि देश श्वसन संबंधी बीमारियों के मामलों में किसी भी संभावित वृद्धि के लिए पूरी तरह तैयार है। राज्यों को वायरस के संक्रमण की रोकथाम के संबंध में लोगों में आईईसी और जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी गई। लोगों को साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोने, गंदे हाथों से अपनी आंख, नाक या मुंह को छूने से बचने, रोग के लक्षण वाले लोगों के साथ निकट संपर्क से बचने और खांसते व छींकते समय मुंह और नाक को ढकने जैसे उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

एचएमपीवी एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त श्वसन वायरस है। यह सभी आयु वर्ग के लोगों में श्वसन संक्रमण का कारण बनता है। आईडीएसपी डेटा देश में कहीं भी इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारियों (एसएआरआई) के मामलों में किसी भी असामान्य वृद्धि का संकेत नहीं देता है। सभी पाए गए रोगियों का कोई विदेश यात्रा इतिहास नहीं है, जो यह दर्शाता है कि वायरस स्वदेशी है। श्रीवास्तव ने दोहराया कि श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि (शेष पृष्ठ 9)

## 6.8 तीव्रता के भूकंप ने तिब्बत में 95 लोगों की ली जान, नेपाल में भी लगे झटके

**एजेंसी।** बीजिंग



दक्षिण-पश्चिमी चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र, शिगाज़े में डिंगरी के चांगसुओ टाउनशिप में भूकंप के बाद बचावकर्मी जीवित बचे लोगों की तलाश करते हुए। एपी/पीटीआई

**तिब्बत के** सबसे पवित्र शहरों में से एक के पास मंगलवार को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें कम से कम 95 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। भूकंप के झटकों से पड़ोसी नेपाल में भी इमारतें हिल गईं और लोग सड़कों पर भागने को मजबूर हो गए। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार सुबह 9:05 बजे (बीजिंग समय) चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाज़े में डिंगरी काउंटी में भूकंप आया। हालांकि, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सेवा ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि मंगलवार दोपहर 3 बजे (स्थानीय समय) तक कम से कम 95 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 130 अन्य घायल हुए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार और भारत के लोग तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में आए विनाशकारी भूकंप के कारण हुई जान-माल की दुखद क्षति पर संवेदना व्यक्त करते हैं। जायसवाल ने कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान चलाने के लिए सभी तरह के बचाव प्रयासों का आदेश दिया है। शी ने घायलों के उपचार के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया (शेष पृष्ठ 9)

## सीआईसी में जल्द करें नियुक्ति : सुप्रीम कोर्ट



**पायनियर न्यूज सर्विस।** नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने मंगलवार को नाराजगी जताते हुए सरकार को निर्देश दिया कि वह केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) और राज्य सूचना आयोगों (एसआईसी) में रिक्त पदों को तुरंत भरे। कोर्ट ने सूचना आयुक्तों के पद पर सिर्फ सेवानिवृत्त नौकरशाहों की नियुक्ति पर भी टिप्पणी की, जबकि कानून में अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों की नियुक्ति का सुझाव दिया गया है। सीआईसी में सूचना आयुक्तों के शीघ्र चयन की मांग करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र से कहा, इन पदों को जल्द से जल्द भरा जाना चाहिए, अन्यथा संस्थान के होने का क्या फायदा, अगर हमारे पास काम करने वाले लोग ही नहीं हैं।

पीठ ने सीआईसी और एसआईसी में सिर्फ एक खास श्रेणी के उम्मीदवारों की नियुक्ति की आलोचना की और इन आयोगों में नौकरशाहों की मौजूदगी पर न्यायिक टिप्पणी करने पर विचार किया, न कि सभी क्षेत्रों से लोगों की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान ले सकते हैं कि पूरे आयोग में केवल एक ही श्रेणी के लोग हैं। केवल नौकरशाहों की नियुक्ति क्यों की जानी चाहिए और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जानी चाहिए। हम और कुछ नहीं कहना चाहते, लेकिन इस पर गौर करने की जरूरत है। याचिकाकर्ता अंजलि भारद्वाज और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि 2019 में शीर्ष अदालत ने सीआईसी और एसआईसी में पदों को भरने के लिए मौलिक निर्देश जारी किए थे, लेकिन राज्यों ने चयन प्रक्रिया में देरी की और सूचना के अधिकार अधिनियम को लगभग खत्म कर दिया। संबंधित सचिवों को तलब करने या जवाब मांगने का अदालत से आग्रह करते हुए भूषण ने कहा कि रिक्तियों के कारण इस मंच का उपयोग करने वाले लोगों को बड़ी कठिनाई होती है और राज्य सरकारों द्वारा (शेष पृष्ठ 9)

## पीडब्ल्यूडी ने आतिशी के बंगले का आवंटन वापस लिया



**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**सिविल लाइंस** स्थित 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी आवास को लेकर चल रहे विवाद में एक नया मोड़ आ गया है। लोक निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री आतिशी को बंगला आवंटित करने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है, क्योंकि आतिश विभाग के कई बार अनुरोध करने और पिछले अक्टूबर में आवंटन पत्र जारी करने के बावजूद घर का भौतिक कब्जा नहीं लिया था। सीएम ने विभाग के दावे का खंडन करते हुए कहा कि उन्हें तीन महीने में दूसरी बार उनके सरकारी आवास से बेदखल किया था।

पीडब्ल्यूडी के सूत्रों ने कहा है कि बेदखली का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्होंने कभी बंगले का कब्जा नहीं लिया। पीडब्ल्यूडी ने अब आतिशी को आवास के दो विकल्प दिए हैं। इसमें एक राज निवास रोड स्थित बंगला नंबर 2 है जबकि दूसरा अंसारी रोड पर स्थित बंगला नंबर 115 है। उन्हें आठ दिनों के भीतर अपना विकल्प पेश करने को कहा है।

लोक निर्माण विभाग ने इस मामले के संबंध में छह जनवरी को जारी अपने दो आधिकारिक पत्रों में आवंटन वापस लेने के कारणों को स्पष्ट किया तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री को दो अन्य बंगलों का प्रस्ताव भी दिया। विभाग के अनुसार, आतिशी निर्धारित समय-सीमा के भीतर परिसर का कब्ज़ा लेने में विफल रहीं। पीडब्ल्यूडी के पत्र में कहा गया है, आवंटी कई अनुरोधोंपत्राचार के बावजूद और बंगले के लिए (रहने के लिए परिसर के सुरक्षित होने संबंधी) प्रमाणपत्र जारी करने के बाद भी 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले का भौतिक कब्जा लेने में विफल रहीं। इस मामले में, तीन महीने बाद भी कब्जा नहीं लिया गया। पीडब्ल्यूडी ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह बंगला, इसकी मरम्मत में अनियमितताओं के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में है, तथा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने भी इसकी पुष्टि की है। पत्र के अनुसार, आवंटन की शर्तों में से एक यह थी कि जांच में मुख्यमंत्री को सहयोग करना था। पीडब्ल्यूडी ने आरोप लगाया कि कब्जे में देरी के कारण जांच में बाधा उत्पन्न हुई। पत्र में स्पष्ट किया गया कि यह बेदखली नहीं थी और मुख्यमंत्री को वैकल्पिक आवास की पेशकश की गई थी। पीडब्ल्यूडी ने लिखा, मुख्यमंत्री आतिशी को पहले से ही 17 एबी मथुरा रोड पर एक आधिकारिक आवास आवंटित है, जो उनके लिए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, उन्हें अब आधिकारिक उपयोग के लिए दो अन्य बंगले भी देने की पेशकश की गई है। पीडब्ल्यूडी द्वारा दो बंगलों 8 राज निवास लेन, सिविल लाइंस, नई दिल्ली में बंगला नंबर 2 और अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली में बंगला नंबर 115 की पेशकश करने का प्रस्ताव है, जिसमें से एक का चयन किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री को एक अलग प्रस्ताव पत्र जारी किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा 4 अक्टूबर 2024 को सिविल लाइंस बंगला खाली करने के बाद, आतिशी 6 अक्टूबर को घर में शिफ्ट हो गई थीं। हालांकि, उन्हें 9 अक्टूबर को पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा परिसर खाली करने के लिए कहा था। एक विभाग जिसकी (शेष पृष्ठ 9)



### बीएसएफ ने सीमा क्षेत्र पर बांग्लादेश के नियंत्रण के दावों को किया खारिज

**एजेंसी।** पेट्रापोल

**बीएसएफ ने** मंगलवार को कहा कि मालदा जिले में भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पर बाड़ लगाने का काम शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल के डीआईजी नीलोत्पल कुमार पांडे ने कहा कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने इस मामले पर आपत्ति जताने पर उचित जवाब दे दिया गया है। उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में पांडे ने संवाददाताओं से कहा, सब कुछ शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। बांग्लादेशी प्रेस में आई उन खबरों के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें दावा किया गया है कि बीजीबी ने झेनइदाह के मोहेसपुर उपजिले में कोडाला नदी के किनारे स्थित 5 किलोमीटर के सीमा क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है, बीएसएफ अधिकारी ने कहा कि ये खबरें पूरी तरह से निराधार हैं। उन्होंने कहा कि यह इलाका (शेष पृष्ठ 9)

## महामारी के बाद पहली बार भारत की जीडीपी की रफ्तार हुई सुस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**विनिर्माण एवं** सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर आ सकती है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह अनुमान जताया गया। अगर ऐसा होता है तो देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2020-21 के बाद सबसे धीमी गति से बढ़ेगी। कोविड महामारी से बुरी तरह प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि, उसके बाद 2021-22 में यह 9.7 प्रतिशत, 2022-23 में सात प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी।

एनएसओ का वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से कम है। आरबीआई ने दिसंबर, 2024 में जारी अपने अनुमान में कहा था कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके अलावा एनएसओ का यह अनुमान वित्त मंत्रालय के भी अनुमान से कम है। वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि 6.5 से सात प्रतिशत रहने का प्रारंभिक अनुमान जताया था। अग्रिम अनुमानों का उपयोग एक फरवरी को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट की तैयारी में किया जाएगा। एनएसओ ने 2024-25 के पहले अग्रिम अनुमान में कहा कि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पिछले वित्त वर्ष के 9.9 प्रतिशत से घटकर 5.3 प्रतिशत पर आ सकती है। इसके अलावा व्यापार, होटल, परिवहन और संचार सहित सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर 2023-24 के (शेष पृष्ठ 9)

## राजस्थान में महिला सशक्तीकरण 'मरू उड़ान' कल से होगी लागू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**महिला** सशक्तीकरण के लिए नवंबर 2024 में बाड़मेर में शुरू की गई 360 डिग्री व्यापक दृष्टिकोण वाली पहल 'मरू उड़ान' को अब पूरे राजस्थान में लागू किया जाएगा। बाड़मेर की जिलाधिकारी टीना डाबी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 'मरू उड़ान' अभियान की शुरुआत की थी। यह पहल बृहस्पतिवार को पूरे राज्य में लागू की जाएगी। 'राजस्थान मरू उड़ान' अभियान के तहत महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण, व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, घर से उद्यमिता, आत्मरक्षा, साइबर अपराध और ड्राइविंग पाठ्यक्रम जैसी कई गतिविधियां और सत्र शामिल होंगे। इसमें बाजरा कुकीज़, पर्यावरण संरक्षण और जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं शामिल होंगी। संवेदनशील इलाकों में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे। ये गतिविधियां जिला और पंचायत समिति स्तर पर आयोजित की जाएंगी।

महिला अधिकारिता विभाग की आयुक्त नीतू राजेश्वर ने एक आदेश में कहा, कार्यक्रम की उपयोगिता और प्रभावशीलता को ध्यान में रखते हुए इसे 9 जनवरी से 'राजस्थान मरू उड़ान' नाम से सभी जिलों में लागू किया जाएगा। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उद्योग, पुलिस, परिवहन, कृषि एवं बागवानी तथा शिक्षा विभाग भाग लेंगे। राजस्थान मरू उड़ान के तहत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों का खर्च बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बजट से किया जा सकेगा। सीएसआर भागीदारों को शामिल करके वित्तीय सहायता भी ली जा सकेगी। (शेष पृष्ठ 9)

## शराब और डीजे के बगैर शादी करने पर मिलेगा नगद

● पंजाब के बठिंडा की एक पंचायत की 21 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की अनूठी पहल

**पायनियर न्यूज सर्विस।** चंडीगढ़/नई दिल्ली



**पंजाब के बठिंडा** जिले की एक पंचायत ने एक अनूठी पहल की है, जो ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में दूसरों के लिए एक मिसाल बन सकती है। पंचायत ने उन परिवारों को 21,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है, जो शादी समारोहों में शराब नहीं परोसेंगे या डीजे नहीं बजाएंगे। यह फैसला ग्रामीणों को शादी समारोहों में फिजूलखर्ची न करने और शराब के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया है। बल्लो गांव की सरपंच अमरजीत कौर ने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि शादी और अन्य समारोहों में जहां शराब परोसी जाती है और तेज आवाज में संगीत बजाए जाते हैं वहां पर विवाद और झगड़े होने की अधिक संभावना रहती है। इस तरह के आयोजन और तेज आवाज में बजने वाले संगीत आसपास के छात्रों की पढ़ाई भी बाधित होती है। उन्होंने कहा, हम लोगों को शादी समारोहों में फिजूलखर्ची न करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। सरपंच ने कहा कि पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसके तहत अगर कोई परिवार शादी समारोहों में शराब नहीं परोसता या डीजे नहीं बजाता, तो उसे 21,000 रुपये दिए जाएंगे। बल्लो गांव की आबादी करीब 5,000 है।

कौर ने आगे कहा कि पंचायत ने सरकार से गांव में एक स्टेडियम बनाने की मांग की है ताकि युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। सरपंच ने कहा, गांव में एक स्टेडियम होना चाहिए ताकि विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा सके। पंचायत ने गांव में बायोगैस प्लांट लगाने का भी प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती करने वाले किसानों को मुफ्त बीज दिए जाएंगे। वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जैसे शहर में शादियों के सीजन में चारो तरफ गंदगी फैलने के साथ प्रदूषण में भी बढ़ोतरी हो जाती है। जहां दिखावे के तौर पर शराब परोसना और तेज संगीत के (शेष पृष्ठ 9)

# न्यू नोएडा के लिए जमीन के मुआवजा की दर तय होगी

## गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी के साथ प्राधिकरण बैठक करेगा, कई मानकों को परखने के बाद निर्णय होगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

न्यू नोएडा के लिए 80 गांवो को अधिसूचित किया जा चुका है। यहां निर्माण के लिए प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी इसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की जाएगी। सवाल ये है कि यहां किसानों को किस दर से मुआवजा दिया जाए।

इसके लिए डीएम के साथ नोएडा प्राधिकरण की एक बैठक होगी। इस बैठक में मुआवजा दर तय की जाएगी। बता दे यहां जमीन किसानों से आपसी सहमति के आधार पर ली जाएगी।

जिसके लिए प्राधिकरण एक सलाहकार कंपनी का चयन भी किया है। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण के लिए क्राइटेरिया तय होना बेहद जरुरी है। इसी के लिए डीएम के साथ बैठक होगी। मसलन इन गांवों की जेवर एयरपोर्ट से कितनी दूरी है। यहां जमीन की उपयोगिता क्या है। इसके अलावा कई ऐसे गांव है जो ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के नजदीक है। बुलंदशहर के गांवों का सर्किल रेट क्या है। इन सभी को मिलाकर एक निर्णय लिया जाएगा।




इन बातों का ध्यान रखकर और हाल ही में नए शहर को बसाने में किसान हितों का ध्यान रखते हुए ही मुआवजा की दर तय की जाएगी।

न्यू नोएडा करीब 209 वर्ग किमी का बसाया जाना है। इसके लिए ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड अलग होती है। सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जाए। इस गांव में जोखाबाद, सांवली भी आता है।

इन गांवों के प्रधान से बातचीत की गई। यहां आपसी समझौते के आधार पर जमीन किसानों से खरीदी जाएगी। इसके अलावा जोखाबाद और ग्राम सांवली में ही डीएनजीआईआर (न्यू नोएडा) का आस्थाई कार्यालय बनाया जाएगा।

सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

| | लैंड यूज | हेक्टेयर |
|---|---|---|
| 1. | रेजिडेंशियल | 2810.54 |
| 2. | कमर्शियल | 849.97 |
| 3. | पीएसपी इंस्टीट्यूशनल | 1739.93 |
| 4. | फैसिलिटी / यूटिलिटी | 195.97 |
| 5. | इंडस्ट्री | 8420 |
| 6. | ग्रीन पार्क | 1792.26 |
| 7. | ग्रीन बेल्ट एंड बफर | 1432.73 |
| 8. | रिक्रेशनल | 530.22 |
| 9. | वाटर बॉडी | 122.77 |
| 10. | ट्रैफिक और ट्रांसपोटेशन | 2963.61 |

# नोएडा प्राधिकरण ने 480 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त



● डूब क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा करके प्लाटिंग का काम किया जा रहा है।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने 480 करोड़ रुपए की जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराया। ये जमीन नोएडा के डूब क्षेत्र में सोरखा गांव की है। यहां अवैध रूप से कलोनाइज़र ने कब्जा किया था। बाउंडरी वाल बनाकर प्लाटिंग की जा रही थी। जानकारी मिलने पर प्राधिकरण की टीम ने पहले निरीक्षण किया। इसके बाद 50 से ज्यादा प्राधिकरण कर्मी और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में करीब 3 घंटे तक जेसीबी से अवैध निर्माण को ढहाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। ये पूरा एक्शन नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-6 की अगुआई में किया गया।

दरअसल, नोएडा के डूब क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा करके प्लाटिंग का काम किया जा रहा है। सस्ते प्लाट की चाहत में लोग अपनी जमा पूंजी लगा रहे है। जानकारी मिलने के बाद नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-6 की टीम प्राधिकरण पुलिस और थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। यहां जेसीबी की ममद से अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान कुछ स्थानीय लोग वहां पहुंचे।

पुलिस के समझाने पर शांत हुए वापस चले गए। यह जमीन करीब 250 बीघा के आसपास है। जिस पर बुलडोजर चलाया गया। इस जमीन की निगरानी का काम नोएडा प्राधिकरण का है।

ये जमीन हिंडन नदी का डूब क्षेत्र है। विगत वर्ष यहां बाढ़ जैसे हालात भी बने थे। प्राधिकरण के सीईओ की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है कि इस तरह की जमीन कलोनाइज़र से नहीं खरीदे। प्राधिकरण से जांच पड़ताल के बाद ही कोई जमीन खरीदे। अन्यथा पैसा डूब सकता है। बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 2 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1168 करोड़ रुपए आकी गई है। इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है। इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 24 से ज्यादा मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है।

# पंचायत के बाद किसानों की अधिकारियों संग पहली बैठक

● 10 प्रतिशत प्लाट अधिग्रहण बिल 2013 को लेकर सकारात्मक पहल, 13 जनवरी को होगी दूसरी बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




30 दिसंबर को महापंचायत के बाद किसानों की मांगों को लेकर मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के साथ पहली बैठक नोएडा प्राधिकरण में हुई। इस बैठक में तीनों प्राधिकरण के अधिकारी, डीएम व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में किसानों ने अपनी मांग को दस्तावेज के साथ रखा। प्राधिकरण ने आश्वस्त किया कि मांगों पर कार्य किया जा रहा है। आगे भी किया जाएगा। 13 जनवरी को इसी मामले में दूसरी बैठक की जाएगी।

किसान प्रतिनिधियों ने बताया कि यहां बैठक सकारात्मक रही। हमारे दस्तावेजों को सीएम तक पहुंचाया जाएगा। बैठक 3 घंटे चली। प्राधिकरण ने ये भी कहा कि जो भी मांग शासन स्तर से पूरी होगी वहां तक दस्तावेज तीन से चार दिन में पहुंचा दिए जाएंगे। उनका जवाब मिल जाएगा।

इस जवाब के साथ 13 जनवरी को किसान दोबारा से नोएडा प्राधिकरण में बैठक करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि सबसे पहले 10 प्रतिशत विकसित भूखंड और आबादी निस्तारण को लेकर बातचीत की गई।

जिसमें किसानों की ओर से दस्तावेज प्रस्तुत किए। इस दौरान प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि गांव वार सर्वे किया जा रहा है। जल्द ही इस मांग को पूरा करने का कदम उठाया जाएगा। इसके बाद भूमि अधिग्रहण बिल-2013 को लागू करने की बात की गई। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि ये बिल शासन स्तर से लागू किया जाएगा। आपके दस्तावेज वहां पहुंचा दिए जाएंगे। बिल को लेकर लगातार प्रशासनिक अधिकारी शासन के टच में है। जल्द ही कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा।

इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के अलावा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद रहे। बातचीत सकारात्मक रही। इसके बाद अब 13 जनवरी को बैठक की जाएगी।

# किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गांव मामूरा में रहने वाली एक मां ने अपने बेटे को ज्यादा चलाने पर डांट दिया। इससे नाराज होकर 17 साल के किशोर ने पंखे के कुंदे के सहारे फंदे पर लटककर जान दे दी।

सूचना पर पहुंची जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव मामूरा में रहने वाले एक व्यक्ति पत्नी और बच्चों के साथ किराए के घर में रहते हैं। वह मेहनत-मजदूरी करके परिवार चलाते है। रविवार रात उनका 17 साल का बेटा मोबाइल फोन पर गेम चला रहा था। उसकी मां ने मोबाइल फोन छोड़कर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए कहा। मां की मोबाइल फोन चलाने से मना करने वाली बात पुत्र को इस कदर नागवार गुजरी कि उसने कमरे में जाकर पंखे के सहारे फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। परिजन कमरे में पहुंचे तो किशोर का शव पंखे से लटका देख उनकी चीख निकल गई।

उन्होंने फौरन ही किशोर को फंदे से उताकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर थाना फेज-तीन पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस को परिजन ने बताया कि उसकी मां ने उसे अत्यधिक मोबाइल फोन चलाने से मना किया था। इससे खफा होकर किशोर ने यह कदम उठाया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि छात्र के आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार



चोरी के आरोप में थाना दादरी पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर के निवाड़ी थानाक्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट वापस लेने का आरोपी पक्ष दबाव बना रहे हैं। इंकार करने पर दबंगों ने किशोरी के घर में घुसकर मां बेटी की बेहरमी से पिटाई कर दी। रिपोर्ट वापस न लेने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने इस संबंध में निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक गांव निवासी एक युवक परिवार सहित रहते हैं। उनकी 14 वर्षीय बहन को गांव निवासी एक युवक जुलाई 2024 में अपहरण करके ले गया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। किशोरी ने अपने बयान में जबरन दुष्कर्म करने का आरोप भी लगाया था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी की अभी तक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपी पक्ष लगातार समझौता करने का दबाव बना रहे है। आरोप है कि शनिवार शाम को आरोपी पक्ष के कई लोग पीड़िता के घर पहुंच गए और समझौता करने का दबाव बनाने लगे। समझौता करने से इंकार करने पर आरोपी पक्ष के लोगों ने पीड़िता व उसकी भाभी की बेहरमी से पिटाई कर दी। दोनों को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गई। चीख पुकार सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता की भाभी ने इस संबंध में निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### आटा मिल में दम घुटने से युवक की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली एरिया के गांव रामपुर बांगर में स्थित एक आटा मिल (चक्की) में शराब के नशे में दम घुटने से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि इस संबंध में मृतक के परिजनों ने पुलिस को कोई शिकायत लिखित में नहीं दी हैं। जानकारी के मुताबिक गांव रामपुर बांगर में वीरेंद्र पुत्र भूप सिंह की आटा चक्की है। जहां पर अलीगढ़ के अतरौली निवासी मनोज उसकी पत्नी आशा और उसका साला नीरज (20) पुत्र नाहर सिंह काम करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार रात नीरज शराब पीकर बाहर से आया था। मना करने के बावजूद वह चक्की पर चढ़ गया। जिसके चलते वह वहां बनी अनाज की होद (टंकी) में गिर गया। जिससे चलते दम घुटने से उसकी मौत हो गई। काफी खोजबीन के बाद उसकी मौत का पता चला। जिसको बाद में लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि अभी तक परिवार के लोगों ने इस संबंध में कोई शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### होटल कारोबारी नौवीं मंजिल से कूदा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना कौशांबी क्षेत्र की एक सोसायटी में होटल कारोबारी अपने फ्लैट से नीचे कूद गया। कारोबारी का फ्लैट नौवीं मंजिल पर था। कारोबारी का बेटा तुरंत कारोबारी को अस्पताल लेकर पहुंचा जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गाजियाबाद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के थाना कौशांबी के वैशाली सेक्टर 4 में नंदिनी मेट्रो सुइट्स के नाम से हाई राइज सोसायटी है। इसी सोसायटी में होटल कारोबारी अजय गुप्ता अपने परिवार के साथ रहते थे। अजय गुप्ता की उम्र 52 वर्ष है। अजय गुप्ता के 2 होटल है। अजय गुप्ता ने खिड़की के सहारे स्टूल लगाया और नौवीं मंजिल से कूद गए। तुरंत उनका बेटा उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# कवि नगर के रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस पिला रहे थे शराब

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

थाना कवि नगर के पॉश इलाके आरडीसी के एक रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस के ग्राहकों को शराब पिलाई जा रही थी। इस दौरान न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि सिर्फ दिल्ली में बिकने वाली शराब का भी प्रयोग हो रहा था।

आबकारी विभाग ने छापा मारकर अलग-अलग ब्रांड की विदेशी मदिरा, बीयर और वाइन की 230 बोतल बरामद की है। इस मामले में रेस्टोरेंट के मालिक उनके माता-पिता समेत 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। रेस्टोरेंट में जो चार लोग मौजूद थे उनको उनकी गिरफ्तारी हुई है। गाजियाबाद आबकारी विभाग की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में थाना कवि नगर क्षेत्र के आरडीसी के ताशा किचन रेस्टोरेंट द फूड वर्कशॉप में रेड की गई। इस दौरान यहां उत्तर प्रदेश और दिल्ली में बिक्री के लिए विभिन्न ब्रांडों की विदेशी मदिरा बीयर और वाइन की 199 सील बंद और 31 खाली बोतल बरामद हुईं। इस रेस्टोरेंट के पास शराब पिलाने का लाइसेंस मौजूद नहीं था।

# यति मामलो में जुबेर की गिरफ्तारी पर रोक बढ़ी

● ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक को राहत, 10 दिनों में यूपी सरकार जवाब दाखिल करे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यति नरसिंहानंद पर एक्स पोस्ट के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी पर रोक 16 जनवरी तक बढ़ा दी।

कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने एफआईआर को चुनौती देने वाली जुबैर की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। इससे पहले 20 दिसंबर को हाईकोर्ट ने जुबैर की गिरफ्तारी पर 6 जनवरी तक रोक लगाई थी। जुबैर पर अक्टूबर 2024 में गाजियाबाद पुलिस द्वारा एक एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें उन पर पुजारी यति नरसिंहानंद के एक सहयोगी की शिकायत के बाद धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने मंगलवार को ऑल्ट न्यूज के पत्रकार और तथ्य-जांचकर्ता मोहम्मद जुबैर की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया।

जिसमें गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद के समर्थकों द्वारा दायर मामले में गिरफ्तारी से सुरक्षा की मांग की गई थी। खंडपीठ ने निर्देश दिया कि मामले को किसी अन्य पीठ के समक्ष रखा जाए। पिछली सुनवाई के दौरान मामले की जांच कर रहे अधिकारी ने कोर्ट को बताया था कि जुबैर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 के तहत भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने का अपराध शामिल किया गया है। यह एफआईआर गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद के समर्थकों द्वारा जुबैर द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक ट्वीट को लेकर दर्ज की गई शिकायत के कारण दर्ज की गई थी।

29 सितंबर को नरसिंहानंद, जिन पर पहले भी नफरत फैलाने वाले भाषण देने का आरोप लगाया जा चुका है, उसने एक सार्वजनिक भाषण दिया जिसमें उन्होंने कथित तौर पर पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी की थी।

# प्राधिकरण ने बहुमंजिला इमारत की सील

● हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी हो रहा था निर्माण, कई बार जारी किया था नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने वाजिदपुर गांव में खसरा संख्या-168,198, 199 की भूमि पर बनी रही बहुमंजिला इमारत को सील कर दिया है।

ये इमारत अवैध है साथ ही जिस जमीन पर इसका निर्माण किया जा रहा है वो जमीन प्राधिकरण की अर्जित जमीन है। जोकि मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित भी है। इस इमारत पर हाईकोर्ट ने यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। नोएडा प्राधिकरण की अर्जित जमीन पर अतिक्रमण करते हुए बहुमंजिला इमारत बना दी। इसको रोकने के लिए प्राधिकरण ने कई बार धारा-10 का नोटिस जारी किए। अवैध निर्माण कर्ता ने कार्य नहीं रोका और हाईकोर्ट चला गया। हाईकोर्ट ने मामले को संज्ञान लिया और यथा स्थिति बनाने का आदेश 2 अगस्त 2024 को जारी किया। इसके बाद भी अतिक्रमण कर्ता द्वारा लगातार निर्माण कार्य किया जाता रहा। साथ ही हाईकोर्ट के द्वारा मांगे गया जवाब भी प्राधिकरण द्वारा 4 नवंबर 2024 को दिया गया। इसके बाद भी निर्माण कार्य नहीं रोका गया। 26 दिसंबर 2024 को ओएसडी भूलेख में उक्त स्थल का निरीक्षण किया। लेकिन कार्य बंद नहीं किया गया था। जिसके बाद प्राधिकरण ने थाना एक्सप्रेस वे को निर्माण कार्य रुकवाने के लिए आदेश दिया। यहां भी निर्माण कर्ता मनमानी जारी रही। वो रात में कार्य करवाता रहा। प्राधिकरण को जानकारी मिलने पर मंगलवार को अनधिकृत इमारत को सील किया गया। साथ ही सीलिंग की देखरेख की जिम्मेदारी थानाध्यक्ष थाना एक्सप्रेस वे को दी गई। बता दे नोएडा प्राधिकरण ने सार्वजनिक सूचना के जरिए अवगत करा दिया गया था कि ये निर्माण अवैध यहां किसी प्रकार का क्रय

# सर्द हवाओं ने पूरे एनसीआर में बढ़ाई ठंड

● लोगों को प्रदूषण से भी मिली राहत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में शीतलहर जैसा मौसम है। जहां 15 किमी की गति से तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पहाड़ों पर बर्फबारी का असर वेस्ट यूपी व एनसीआर में भी दिखने को मिल रहा है।

पूरा एनसीआर इस समय कड़ाके की सर्दी की चपेट में है। सुबह हल्की धुंध जैसा मौसम है। मंगलवार सुबह तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया, रात में 14 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से सर्द हवाएं चली, तेज हवाओं से लगातार पूरे एनसीआर मे ठिठरन बड़ी हुई है। कड़ाके की सर्दी और शीतलहर के चलते गाजियाबाद में सरकारी स्कूल बंद हैं। 2 दिन पहले डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने कक्षा एक से 8 वीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया था, डीआईओएस डॉ धर्मेंद्र शर्मा के अनुसार 11 जनवरी तक कक्षा 8 तक के स्कूलों में शीतलहर के चलते अवकाश है। सोमवार को दिन भर गाजियाबाद में शीतलहर जैसा मौसम रहा। जहां पूरे दिन धूप नहीं निकली। दिन में भी धुंध छाई रही। शाम होते ही हवा की गति भी तेज हो गई। मौसम विभाग ने 1 मिलीमीटर बारिश की संभावना जताई है। तेज हवाओं के बाद भी एनसीआर में जहरीली हवा से निजात नहीं मिल रही। जहां एक्यूआई अभी भी बढ़ा हुआ है।



# नोएडा-गाजियाबाद में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

● जवाबी कार्रवाई में पांच आरोपियों के पैर में लगी गोली

पीएनएस। गाजियाबाद/ नोएडा



गौकशी समेत पांच आरोपियों की गाजियाबाद और नोएडा पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई पांच लोगों के पैर में गोली लग गई है।

दोनों गौकश पुलिस को गौकशी के औजार बरामद करवाने के लिए ले जा रहे थे। इस दौरान पहले से छुपाए हथियार से इन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। जिसके बाद दो आरोपी फैजान और इस्तकार को गिरफ्तार किया था। सेंट्रल नोएडा में सूरजपुर थाना पुलिस और बदमाशों के बीच में मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस में मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। यह दोनों बदमाश बड़े ही शातिर किस्म के लुटेरे हैं। पहचान पंकज बैंसला उर्फ बादशाह निवासी त्यागी मार्केट खन्ना नगर लोनी गाजियाबाद व फरमान निवासी त्यागी मार्केट खन्ना नगर लोनी गाजियाबाद के रूप में हुयी। बदमाशों के कब्जे से एक-एक तमंचा 315 बोर, एक-एक खोखा कारतूस व दो-दो जिन्दा कारतूस तथा मोटर साइकिल स्पेलंडर प्लस बरामद हुई है।

थाना सूरजपुर पुलिस एवीजे हाईट्स के सामने चेकिंग कर रही थी तभी सामने से एक मोटरसाइकिल पर 2 लोग आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया गया।

मोटर साइकिल सवारों भागने का प्रयास करते हुये पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसने दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गए। यक्ति की पहचान कुलदीप तिवारी पुत्र श्री कैलाश नारायण निवासी सेक्टर ए-6 पाकेट-11 नरेला दिल्ली हुई। उसकी उम्र 29 साल बताई गई।

इसके कब्जे से 5 मोबाइल चोरी/लूट से संबंधित एवं अवैध शस्त्र बरामद किया गया। बरामद मोबाइल में से एक मोबाइल के संबंध में थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज है। बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ये अपने गैंग के लोगों के साथ मिलकर लोगों से मोबाइल लूट की घटना करता है। इसके बाकी साथियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल इसके पास से बरामद किए

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने कार में मारी टक्कर, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रक ने आगे चल रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक आलमगीर जिला मैनपुरी निवासी प्रमोद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनका भाई अभिषेक(25), बुआ का लड़का दिलीप, बुआ की लड़की वंदना और उसके पति दिनेश के साथ कार से मथुरा वृंदावन घूमने के लिए गए। सोमवार की देर रात सभी लोग यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान रबूपुरा एरिया में यमुना गौर सिटी के पास पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही से कार को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में उनके भाई अभिषेक की मौत हो गई थी। वहीं वंदना, दिनेश और दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों का नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

# आप प्रमुख ने फिर लाएंगे केजरीवाल गीत जारी किया



विधानसभा चुनावः तीन मिनट 29 सेकेंड का प्रचार गीत पर थिरकते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

- कहा, भाजपा नेताओं को भी हमारा गीत पसंद आएगा। वे अपने कमरों में हमारे गीत पर नाच सकते हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रचार गीत जारी किया। आप का प्रचार गीत फिर लाएंगे केजरीवाल तीन मिनट 29 सेकेंड की अवधि का है। यह गीत दिल्ली में आप की सरकार के कार्यकाल के दौरान की उपलब्धियों को दर्शाता है।

गीत जारी करने के बाद केजरीवाल ने कहा, वह विधानसभा चुनावों को त्योहारों की तरह मनाते हैं और लोग हमारे गीत का इंतजार करते हैं। अब यह गीत आ गया है और लोग इस पर नाच सकते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, उन्हें पता है कि भाजपा नेताओं को भी हमारा गीत पसंद आएगा। वे अपने कमरों में हमारे गीत पर नाच सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आतिशी और आप के अन्य वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और संजय सिंह मौजूद थे। अभियान गीत जारी करने के साथ ही आप ने राष्ट्रीय राजधानी में अपनी पकड़ बनाए रखने के प्रयास तेज कर दिए हैं। आप लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए सभी 70 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।


सर्दी से बचने के लिए ट्रॉली बैंग पर बैठकर जाती बच्ची। फोटोः रंजन डिमरी

# काम और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा मुकाबला : केजरीवाल



- बोले, कार्यकर्ता पूरी ताकत, जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए हो जाएं तैयार
- दिल्ली वाले एक बार फिर मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, तीर्थयात्रा, महिलाओं की बस यात्रा के लिए केजरीवाल को चुनेंगे : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच मुकाबला होगा। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी दिल्ली में फिर सरकार बनाएगी।

केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, यह चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ रहेगा। हम जरूर जीतेंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि भाजपा मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार और मुद्दों के बिना चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार रहने की अपील की और उन्हें पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया। आपके जुनून के आगे इनके बड़े-बड़े तंत्र फेल हो जाते हैं। आप ही हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं।

पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोग एक बार फिर से अपने परिवार के लोगों को अच्छा स्वास्थ्य देने वाले मुख्यमंत्री को चुनेंगे। मतदाता एक बार फिर से उन्हें 24 घंटे और जीरो बिजली बिल देने वाले नेता को चुनेंगे। लोग एक बार फिर से 5 फरवरी को उनके परिवारों को मुफ्त तीर्थयात्रा कराने वाले, महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा कराने वाले और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी से लागू करने वाले ईमानदार और दूरदर्शी नेता केजरीवाल को चुनेंगे। मतदाताओं के पास एक बार फिर से लोकतंत्र का महान अवसर है। वह अपने बच्चों के लिए अच्छा भविष्य, अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य चुनें। महंगाई से लड़ने के लिए मदद देने वाली सरकार को चुनें। साथ ही, वोट जरूर डालें।

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि लोग चुनाव की तारीख का इंतजार कर रहे थे। हमें भरोसा है कि दिल्ली के लोग मिलकर फिर से काम करने वाली केजरीवाल की सरकार बनाएंगे। आम आदमी पार्टी ने चुनाव के लिए पूरी तैयारियां पहले से तेज कर दी थीं। मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने अपना फिर लाएंगे केजरीवाल कैंपेन सॉन्ग भी जारी किया है। अब पूरी पार्टी और सभी उम्मीदवार कैंपेन सॉन्ग के साथ जनता के बीच में जाएंगे। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि उन्हें उम्मीद हैं कि भगवान का और दिल्ली के लोगों का आशीर्वाद हम पर बना रहेगा।

# दिल्ली को मिलेगी डबल इंजन की सरकार : सचदेवा



- प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मार्ग होगा प्रशस्त
- परिवर्तन के नारा के साथ आप के खिलाफ शुरू किया बड़े पैमाने पर अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने मंगलवार को यह विश्वास जताया कि आठ फरवरी को विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को डबल इंजन की सरकार मिलेगी।

दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती तीन दिन बाद आठ फरवरी को की जाएगी। वहीं, नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 17 जनवरी है और नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी तक की जाएगी। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पांच फरवरी का दिन महत्वपूर्ण होगा क्योंकि 1.55 करोड़ से अधिक मतदाता दिल्ली का भविष्य तय करेंगे। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय राजधानी के एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 मतदाता नई दिल्ली को बेहतर और सुंदर बनाने के लिए मतदान करेंगे।

सचदेवा ने विश्वास जताया कि आठ फरवरी को आने वाले नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन सरकार का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा, यहां कमल (भाजपा का चुनाव चिन्ह) खिलेगा। भाजपा के नेता डबल इंजन शब्द का प्रयोग करते हैं, जिसका मतलब केंद्र के साथ राज्यों में भाजपा की सरकार होना है। ऐसे राज्यों की सरकारों को डबल इंजन सरकार कहा जाता है। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली की सत्ता में गत 25 साल से जारी अपने वनवास को समाप्त करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। इस कोशिश को मूर्त रूप देने के लिए उसने परिवर्तन का नारा दिया है और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले सप्ताह रोहिणी में आयोजित परिवर्तन रैली में पार्टी के इरादे स्पष्ट कर दिए थे और आह्वान किया था, आप-दा (आप) नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे। इस पूरे अभियान में भाजपा की ताकत, उसकी कमजोरी, अवसर और संभावित खतरे का विश्लेषण किया गया है। भाजपा की ताकत विधानसभा चुनाव के लिए सभी 70 निर्वाचन क्षेत्रों में बूथ स्तर तक मजबूत संगठनात्मक उपस्थिति है। पार्टी ने चुनाव से महीनों पहले झुग्गी-झोपड़ियों और अनधिकृत कॉलोनियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लक्षित समूहों और समुदायों के साथ हजारों छोटी-छोटी बैठकें कीं।

मुख्यमंत्री निवास के जीर्णोद्धार पर कथित तौर पर भारी भरकम खर्च को रेखांकित करने के लिए शीश महल और शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के मुद्दों को उजागर करके जनता की धारणा में बदलाव के लिए एक सतत अभियान चलाया। इसके कारण अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में पद छोड़ना पड़ा। पानी की कमी, दूषित जलापूर्ति, वायु प्रदूषण, बारिश के दौरान जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कें, खराब सार्वजनिक बस परिवहन जैसे लोगों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा रही है।

दिल्ली की सत्ता पर 2015 से काबिज आप के खिलाफ आम सत्ता विरोधी लहर है, खास तौर पर उसके विधायकों के खिलाफ। भाजपा ने आप की इस कमज़ोरी का फायदा उठाने की कोशिश की और इसके तहत उसने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में उसके विधायकों की विफलताओं को उजागर करने के लिए आरोप पत्र जारी किए। पिछले साल मई में हुए आम चुनाव में भाजपा ने लगातार तीसरी बार दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की। सात लोकसभा सीट में विभाजित 70 विधानसभा क्षेत्रों में से 52 में भाजपा उम्मीदवारों को आप के उम्मीदवारों से अधिक मत मिले।

वहीं भाजपा की कमजोरी आप द्वारा मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर सामने किए गए केजरीवाल को चुनौती देने के लिए किसी स्थानीय नेता को पेश करने में विफल रही है। पार्टी ने अब तक केवल 29 उम्मीदवारों की घोषणा की है और 41 अन्य की घोषणा अभी बाकी है, हालांकि चुनाव पांच फरवरी को होंगे।

भाजपा ने अब तक महिलाओं और पुजारियों को मानदेय देने जैसे आप के वादों का मुकाबला करने के लिए कोई घोषणा नहीं की है।

## दिल्लीवासियों को फैसला करना है कि टकराव देखना चाहते हैं या काम करने वाली सरकारः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि वह और उसके प्रत्याशी पूरी तरह तैयार हैं तथा राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को इस चुनाव में यह फैसला करना है कि वो आगे के पांच साल भी केंद्र एवं प्रदेश के बीच टकराव देखना चाहते हैं या फिर जनता के लिए काम करने वाली स्थिर सरकार। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली के लोगों को जिस पल का इंतजार था वह आ गया है। 5 फरवरी को दिल्ली को इस बात पर निर्णय लेना होगा कि क्या वह राज्य और केंद्र के बीच अराजकता व टकराव के 5 साल और देखना चाहती है या एक स्थिर सरकार देखना चाहती है जो पूरी तरह से लोगों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के शासन में दिल्ली को एक आधुनिक शहर में बदल दिया गया जो 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करता था। चाहे वह विश्व स्तरीय मेट्रो हो या संपर्क सेतु का काम करने वाला वाला विशाल बुनियादी ढांचा, कांग्रेस शासन के तहत दिल्ली का स्वर्णिम काल था। कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने पीटीआई-वीडियो से कहा, कांग्रेस, उसके प्रत्याशी चुनाव के लिए तैयार हैं। हम तारीख की घोषणा का स्वागत करते हैं। मैं लोगों से चुनाव में मतदान करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा, लोगों को दिल्ली के गैस चैंबर से खुद को बचाने के लिए वोट करना चाहिए।

# राजधानी में अनधिकृत कॉलोनियों के 15 गैर-सहायता प्राप्त स्कूल होंगे नियमित

- उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने दी मंजूरी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अनधिकृत कॉलोनियों में 150 गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को नियमित करने को मंजूरी दे दी है। एलजी ने यह मंजूरी सोमवार को दी गई। ये स्कूल नरेला, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, नजफगढ़, संगम विहार, असोला, नाथूपुरा, देवली, बदरपुर, श्याम विहार, भगत विहार व मुंडका आदि क्षेत्रों में स्थित हैं। ये सभी अनधिकृत कॉलोनियां हैं।

उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार, 20 दिसंबर 2024 को निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों के साथ एलजी के संवाद एट राजनिवास में इन स्कूलों के नियमितीकरण का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। तब एलजी ने वादा किया था कि वह इस मामले को देखेंगे और बहुत जल्द इसका समाधान निकालेंगे। इन स्कूलों में ज्यादातर आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के बच्चे पढ़ते हैं और विद्यालय वर्ष 2008 से नियमित किए जाने के इंतजार में थे तथा शिक्षा निदेशालय, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली विकास प्राधिकरण की ओर से उत्पीड़न का सामना कर रहे थे। एलजी ने इन स्कूलों के नियमितीकरण को मंजूरी देते हुए निर्देश दिया है कि यह कार्य लागू भवन उपनियमों, अग्नि सुरक्षा से जुड़े नियमों, संरचनात्मक सुरक्षाास्थिरता आदि के प्रावधानों के अनुरूप किया जाए। एलजी ने इससे पहले इस मामले पर मुख्य सचिव के साथ शिक्षा विभाग, एमसीडी और डीडीए के अधिकारियों के साथ एक बैठक बुलाई थी।

## विकसित दिल्ली बनाने, उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुने : नड्डा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया और जनता से विकसित दिल्ली बनाने तथा लोगों की उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुनने की अपील की। नड्डा ने एक्स पर कहा, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा का वह स्वागत करते हैं। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सुशासन को सुनिश्चित करने में इसकी अग्रणी भूमिका है। वह यहां की जनता से विकसित दिल्ली बनाने और लोगों की उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुनने की अपील करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा अंत्योदय के संकल्प के साथ दिल्ली के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है।

# दिल्ली के किसानों की मदद करें आतिशीः शिवराज

- केंद्रीय कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री से कल्याण योजनाओं को लागू करने की अपील की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


दिल्ली के किसानों से मुलाकात करते कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व अन्य।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी से राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र सरकार की किसान कल्याण योजनाओं को लागू करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अगर इससे दिल्ली के कृषक समुदाय को लाभ होता है तो वह व्यक्तिगत हमलों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

चौहान ने यहां दिल्ली के किसानों के एक समूह के साथ बैठक में कहा, मुझे गाली दीजिए या दाऊद कहिए, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन भारत सरकार की किसान कल्याण योजनाओं को दिल्ली के किसानों के लिए लागू कीजिए, उन्हें योजनाओं का लाभ दीजिए। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री से तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करने और केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए केंद्र से धनराशि लेने का आग्रह किया। ऐसा प्रतीत होता है कि आम आदमी पार्टी (आप) नेतृत्व द्वारा पूर्व की आलोचनाओं के जवाब में चौहान ने कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का हवाला दिया। उन्होंने कहा, आप मुझे गाली दें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन योजनाओं का लाभ किसानों को दें...किसी को गाली देना मेरे स्वभाव में नहीं है। मैं आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि योजनाओं को लागू करें।

मंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए बनाई गई केंद्र की कई योजनाओं को दिल्ली में कार्यान्वयन में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

# शाहदरा पुलिस स्टेशन को 110 साल हुए पूरे

- शहीद सुखदेव को गिरफ्तार कर इसी थाने में लाया था



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शाहदरा पुलिस स्टेशन स्थापना को मंगलवार को 110 वर्ष पूर हो गए। अपने गौरवशाली इतिहास के साथ शाहदरा पुलिस स्टेशन ब्रिटिश काल से लेकर अभी तक अपना विशेष स्थान बनाए हुए है।

शाहदरा थाने में 110 साल पहले सेंधमारीमामला दर्ज किया गया था। यह मामला खजान सिंह पुत्र रामफल के घर में सेंधमारी की थी, जिसमे धारा 457 के तहत मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में शिकायत की गई थी कि रात के समय सुखदेव माली अपने साथी के साथ खजान सिंह के घर में एक छेद करके अंदर घुस आया था। माचिस जला कर रौशनी ही की थी। रोशनी से खजान सिंह जाग गए और आरोपी भाग खड़े हुए।

ब्रिटिश काल में बने इस थाने को उस समय स्वतंत्रता सेनानियों की गिरफ्तारी की वजह से जाना जाता था। शहीद सुखदेव को गिरफ्तार कर इसी थाने में लाया था और उनको यहां यातनाएं सहनी पड़ी थी। उस समय 1925 काकोरी ट्रेन कांड के बाद एचआरए सदस्यों की गिरफ्तारी, 1928 सुखदेव सिंह की गिरफ्तारी और 1930 में कई स्वतंत्रता सेनानियों को यहां रखा गए था। वर्तमान में यह पुलिस स्टेशन पुलिस बल के आवश्यक अंग के रूप में काम कर रहा है जो सार्वजनिक सुरक्षा, अपराध की रोकथाम और शाहदरा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## पत्नी के प्रेमी को चाकू मारने के आरोप में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अपनी पत्नी के कथित प्रेमी पर चाकू से हमला करने के आरोप में नेपाल निवासी एक व्यक्ति को पुलिस ने सीमा के उस पार से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मुस्तफा (36) रविवार को दिल्ली में यह देखने लौटा था कि क्या पीड़ित की मौत हो गई है और इस दौरान यहां उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि कुवैत में काम कर रहे आरोपी को अपनी पत्नी से तलाक का आवेदन प्राप्त हुआ था और उसे फैक्टरी के एक सहकर्मी के साथ पत्नी के कथित संबंध के बारे में पता चला। पुलिस ने बताया, आरोपी अपनी पत्नी और उस व्यक्ति की दिनचर्या पर लगातार नजर रख रहा था और 23 नवंबर को आरोपी ने 32 वर्षीय व्यक्ति पर मुकुंदपुर स्थित उसके आवास के पास कई बार चाकू से हमला किया।

# शोरूम मालिक के वेतन बढ़ाने से इनकार पर कर्मी ने की चोरी

- छह लाख का इलेक्ट्रॉनिके सामान की चोरी करने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बाइक के एक शोरूम में से छह लाख रुपए और इलेक्ट्रॉनिक का सामान चुराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि बाइक के शोरूम में कार्यरत 20 वर्षीय कर्मचारी ने वेतन बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन तनख्वाह बढ़ाने से इनकार करने पर उसने शोरूम में ही चोरी कर ली।

उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी हसन खान के पास से पांच लाख रुपए और दो महंगे कैमरे बरामद किए हैं। चोरी का बाकी सामान बरामद किए जाने की कोशिश की जा रही है। पश्चिमी दिल्ली के नारायणा स्थित शोरूम से 31 दिसंबर को छह लाख रुपए नकद और इलेक्ट्रॉनिक का कुछ सामान चुरा लिया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। शोरूम में एक साल से अधिक समय से कार्यरत तकनीकी कर्मचारी खान ने पहचान छिपाने के लिए चोरी करते समय शोरूम की बिजली काट दी थी। अपनी पहचान छिपाने के लिए हेलमेट भी पहना था। पूछताछ के दौरान खान ने अपना जुर्म कबूल किया और दावा किया कि वह शोरूम प्रबंधन द्वारा वेतन वृद्धि के उसके अनुरोध को ठुकराए जाने से परेशान था।

# संक्षिप्त समाचार

## राजधानी में सांसों का संकट खत्म होगाः देवेंद्र यादव




**नई दिल्ली।** झारखंड सरकार की पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मंगलवार आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले केजरीवाल के जुमले और झूठ से ऊब चुके हैं। यहां के लोग कई समस्याओं को लेकर परेशान हैं, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री शीशमहल के लाल बनकर रह गए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस जुमले की नहीं जरूरतमंदों की पार्टी है। राष्ट्री राजधानी में कांग्रेस की सरकार बनने पर उनकी पार्टी महिलाओं को अपनी पहली गारंटी 'प्यारी दीदी योजना' के तहत प्रति महीने 2500 रुपये देगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव की मौजूदगी में दीपिका पांडे सिंह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड में उनकी सरकार महिलाओं के खाते में सीधा 2500 रुपये दे रही है जिससे उनका आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है। अभी 56 लाख महिलाओं के खातों में लगभग 1500 करोड़ रुपये दे चुकी है। देवेन्द्र यादव ने चुनावों की तारीख की घोषणा के बाद कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के पापों के अंत होने की तारीखों का भी ऐलान हुआ है। आज उन तारीखों का भी ऐलान हुआ है जब दिल्ली में सांसों का संकट खत्म होगा, कचरा मुक्त होगी, यमुना स्वच्छ और साफ बनेगी और अपराध मुक्त होगी।

## समर्थन जुटाने को रेल मंत्री नई दिल्ली स्टेशन पहुंचे

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा से पहले, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को भाजपा के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। यहां उन्होंने ऑटोरिक्शा चालकों और कुलियों से बातचीत की, उनकी शिकायतें सुनीं और उनके काम की स्थिति में सुधार के लिए समाधान का वादा किया। वैष्णव के साथ दिल्ली प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा भी थे। जब ये दोनों भाजपा नेता यहां पहुंचे तो स्टेशन पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में जोरदार नारे लगाते हुए उनका स्वागत किया। वैष्णव ने कुलियों और ऑटोरिक्शा चालकों को माला पहनाई। कुलियों ने मंत्री और सचदेवा को पगड़ी बांधी। रेल मंत्री ने ऑटोरिक्शा चालकों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं का समाधान किया जाएगा।

## जटिल सर्जरी को 49 मिनट में किया पूरा

**नई दिल्ली।** मिनिमल एक्सेस स्मार्ट सर्जरी हॉस्पिटल (मैश) ने 4 घंटे चलने वाली जटिल सर्जरी को मात्र 49 मिनट में कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। मैश अस्पताल के मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग के निदेशक, डॉ. सचिन अंबेकर बताया कि यह सर्जरी बिहार की 36 वर्षीय महिला मरीज़ का किया गया। जो गॉल ब्लैडर स्टोन के इलाज के लिए हमारे पास आई थी। अल्ट्रासाउंड के दौरान उन्हें जटिल बीमारी पोर्टल कैवर्नोमा का पता चला। इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को विशेषज्ञ टीम ने लैप्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग कर मात्र 49 मिनट में पूरा किया। आमतौर पर ऐसी सर्जरी में 4 घंटे तक का समय लग सकता है। मरीज़ के गॉल ब्लैडर में 18 मिमी का पत्थर गॉल ब्लैडर की नली में फंसा हुआ था, जो बेहद खतरनाक स्थिति थी।

# छात्रों को ई-वीसा

## महत्वपूर्ण सुविधा

**अंतरराष्ट्रीय** छात्रों को विशेष वीसा श्रेणी में रखने से उनको भारत में शिक्षा पाना आसान होगा। भारत ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए दो विशेष वीसा श्रेणियों-ई-स्टूडेंट वीसा तथा ई-स्टूडेंट-एक्स वीसा का फैसला किया है। इस पहल से न केवल भारत में शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए प्रक्रिया सहज होगी, बल्कि इससे उच्च शिक्षा का केन्द्र बनने की देश की प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित होगी। ई-स्टूडेंट वीसा खासकर 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल में पंजीकृत विदेशी छात्रों के लिए है। यह प्लेटफार्म अंतरराष्ट्रीय छात्रों को विभिन्न प्रकार के भारतीय संस्थानों में प्रवेश के अवसर देकर दीर्घकालीन व अल्पकालीन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है। दूसरी ओर ई-स्टूडेंट-एक्स वीसा उन छात्रों पर निर्भर लोगों की सहायता करता है जिससे अकादमिक यात्रा के दौरान परिवार साथ रह सकते हैं। इन वीसा के लिए प्रार्थना करने हेतु छात्रों को 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल में दर्ज साझा संस्थानों में प्रवेश सुनिश्चित करना होगा। प्रवेश की पुष्टि होने के बाद वे 'स्टडी इन इंडिया' पहचान का प्रयोग अपनी पहचान अधिकृत करने तथा आधिकारिक पोर्टल पर वीसा प्रार्थना पूरी करने के लिए कर सकते हैं। ये वीसा पांच साल तक वैध रहेंगे जो छात्र द्वारा चयनित पाठ्यक्रम की अवधि पर निर्भर होगा।

अंतरराष्ट्रीय छात्रों के विविधतापूर्ण समूह का स्वागत कर भारतीय विश्वविद्यालय अपना वैश्विक सम्मान बढ़ा सकते हैं, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दे सकते हैं तथा विश्व मंच पर अपनी अकादमिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के बढ़ते पंजीकरण से राजस्व सृजन में सहायता मिलेगी जिसका निवेश शोध, ढांचागत संरचना तथा फैकल्टी के विकास में किया जा सकता है। विभिन्न देशों के आने से परिसरों का परिवेश सुधरेगा, वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा तथा अंतर-सांस्कृतिक संवाद विकसित होगा। अनेक विषयों में कई प्रकार के पाठ्यक्रमों से अंतरराष्ट्रीय छात्र अपनी दिलचस्पी व कॅरियर आकांक्षाओं के अनुरूप पाठ्यक्रम चुन सकेंगे। भारत में अध्ययन से इस देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं व विविधता से परिचित होने का असाधारण अवसर मिलेगा। वैश्विक रूप से अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश लंबे समय से छात्र वीसा ढांचा उपलब्ध करा रहे हैं जिन्होंने लाखों अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित किया है। उदाहरणार्थ, अमेरिका अकादमिक छात्रों के लिए एफ-1 वीसा तथा व्यावसायिक या तकनीकी छात्रों के लिए एम-1 वीसा उपलब्ध कराता है। इन वीसा से छात्रों को परिसर में अंशकालिक काम करने तथा वैकल्पिक प्रायोगिक प्रशिक्षण-ओएफ्टी कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलता है जिससे वे अध्ययन वाले क्षेत्र में कार्य अनुभव भी प्राप्त करते हैं। ब्रिटेन के टायर-4 स्टूडेंट वीसा में पूर्णकालिक अध्ययन के साथ अंशकालिक काम की अनुमति मिलती है। इसके साथ ही अध्ययन के बाद काम के विकल्पों में 'ग्रैजुएट रूट' शामिल है जिसके अंतर्गत छात्रों को ब्रिटेन में स्नातक करने के बाद दो साल तक रहने और काम करने की अनुमति मिलती है। भारत द्वारा विशेष छात्र वीसा श्रेणी शुरू करना एक रणनीतिक कदम है जिससे वह वैश्विक शिक्षा केन्द्र बन सकता है। वीसा प्रक्रिया सरल बना कर देश बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित कर सकता है। सस्ते फीस ढांचे के साथ भारत दुनिया भर से बड़ी संख्या में छात्रों को आकर्षित कर सकता है। लेकिन शिक्षा तथा ढांचागत संरचना की गुणवत्ता के संबंध में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। विश्वविद्यालय परिसरों को विदेशी छात्रों के लिए मैत्रीपूर्ण बनाना होगा। यह भारत को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र बनाने में बहुत सहायक सिद्ध होगा।



# कनाडा में संकट : भारत को अवसर

कौशल में कमी को संबोधित कर भारत वैश्विक कौशल केन्द्र बन सकता है। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अंतरराष्ट्रीय मांग के अनुरूप बनाना होगा।



**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल विकास से संबद्ध हैं।)



**कौशल विकास पर ध्यान देकर भारत यह सुनिश्चित कर सकता है कि देश की युवा पीढ़ी कल और समृद्ध होगी। आर्थिक अनिश्चितताओं का सामना कर रही दुनिया में संकटों के बजाय उनको परिभाषित करने का तरीका ज्यादा महत्वपूर्ण है। ऐसे में भारत के लिए अवसर है कि वह इन चुनौतियों को अपने लाभ में बदले तथा देश के भीतर और दुनिया में भारतीय युवाओं को गौरवान्वित करे।**

**कनाडा सालों** से भारतीयों व खासकर पंजाबियों के लिए गंतव्य स्थल रहा है जहां वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा रोजगार अवसरों के लिए जाते रहे हैं। लेकिन कनाडा वर्तमान समय में अनेक सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है और यह स्थिति भारत को अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध करा सकती है। हालांकि, कनाडा में संकट गंभीर चिन्ता का विषय है, पर इससे भारत के युवा कामगारों को आत्मावलोकन और कार्य का अवसर मिलता है। भारत इस दृष्टिकोण से लाभ की स्थिति में है। देश में युवा जनसंख्या बढ़ रही है तथा आईटी, अतिथि सत्कार, परिवहन, सौंदर्य व बेहतरी तथा खुदरा व्यापार में कुशल कामगारों की मांग लगातार बढ़ रही है। दुनिया में वर्तमान समय में कामगारों की कमी है और इससे भारत को यह कमी पाटने का अवसर मिलता है। इसके लिए उसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग पूरी करने के लिए अपने कामगार बल को तैयार करना होगा। भारत में 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु वाली है और इस प्रकार भारत दुनिया का सबसे युवा और जीवन्त कामगारों वाला देश है। भारत में उपलब्ध 'जनसंख्या लाभांश' संभावित वैश्विक कौशल भंडार है। लेकिन कुशल कामगार बल तैयार करने के रास्ते में कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी हैं। भारतीय नौजवान महत्वाकांक्षी और जिज्ञासु हैं, पर उनमें उद्योगों के लिए प्रासांगिक कौशलों और प्रशिक्षण का अभाव है। कौशल की यह कमी पूरी करना रोजगार पाने तथा आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। कनाडा की चुनौतियां भारत के लिए चेतावनी होनी चाहिए कि वह अपने कामगार बल को खासकर वैश्विक मांगों के अनुसार कौशलों में प्रशिक्षित करे। कनाडा के संकट ने उस कार्यबल की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिसे उत्तर अमेरिका के आगे भी अवसर मिल सकते हैं। यूरोप तथा दक्षिण एशिया के ताइवान व वियतनाम जैसे देशों में भी कार्यबल में कर्मियों का अनुभव हो रहा है और वे भी आवश्यक रूप से कुशल तथा कठोर परिश्रम करने वाले कामगारों की कमी अनुभव कर रहे हैं।

अपने जनसंख्या लाभांश तथा कौशल विकास पर ज्यादा ध्यान दे कर भारत इन कमियों को पूरा कर सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इन बाजारों की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप ढाल कर भारत वैश्विक कौशल सप्लायर के रूप में अपना सम्मान और मजबूत कर सकता है। नीतिगत समर्थन से भारत ने इन कमियों को दूर करने का प्रयास किया है और उसने स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया तथा नेशनल स्किल डेवलपमेंट मिशन जैसे अनेक कदम उठाए हैं। लेकिन इन प्रयासों को उच्च स्तर तक ले जाना तथा वैश्विक मानकों तक ऊंचा उठाना उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए जरूरी है। इसमें निजी क्षेत्र को सचमुच सहभागिता कर ऐसे प्रमाणन पाठ्यक्रम तैयार करने चाहिए जो अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरे करते हों। कार्यस्थल पर प्रशिक्षण, इंटर्नशिप तथा विशिष्ट उद्योग आधारित पाठ्यक्रम यह सुनिश्चित करेंगे कि भारतीय नौकरियों योग्य हों तथा वैश्विक स्तर पर प्रतियोगिता में सक्षम हों। इसके लिए कौशल विकास कार्यक्रमों तक समतापूर्ण पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी है। सरकारी सब्सिडी, शिक्षण संस्थानों से साझेदारी तथा शिक्षण के डिजिटल प्लेटफार्म उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध करा सकते हैं। भारत की कौशल विकास यात्रा में तकनीक एक गेमचेंजर साबित हो सकती है। आनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम, वर्चुअल रियलिटी साइम्यूलेशन तथा ए-आई संचालित व्यक्ति-केन्द्रित प्रशिक्षण माड्यूल कौशल शिक्षण में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। इन उपकरणों से प्रशिक्षण तक पहुंच देश के सुदूर भागों में भी सुनिश्चित की जा सकती है जिससे लाखों लोगों को आर्थिक मुख्यधारा में सहभागिता का अवसर मिलेगा। कौशल विकास में रोजगार तथा उद्यमिता बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, प्रशिक्षित सौंदर्य व बेहतरी पेशेवर अपने सैलून शुरू कर सकते हैं या लाजिस्टिक विशेषज्ञ डिलीवरी सेवा शुरू कर सकते हैं। मेंटरशिप व वित्तीय सहायता से ऐसे उद्यम नौकरियों व रोजगार सुनिश्चित करने के साथ ही क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं। भारत आईटी क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर है, पर कृत्रिम बुद्धि-एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग तथा साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में तेजी से प्रगति होने के कारण अत्यधिक कुशल कामगारों की जरूरत है। दुनिया भर के उद्योगों में डिजिटल परिवर्तन हो रहे हैं इसलिए उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित कार्यबल की आवश्यकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डेटा एनालिटिक्स, एआई प्रयोगों तथा साइबर सुरक्षा प्रोटोकालों पर भी ध्यान देना चाहिए जिससे वे वैश्विक मानक प्राप्त कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय व घरेलू यात्रा में वृद्धि से अतिथि सत्कार व पर्यटन क्षेत्रों में अत्यधिक साफ्ट कौशल, सांस्कृतिक क्षमता तथा ग्राहकों की सेवा में उत्कृष्टता वाले पेशेवरों की आवश्यकता है। इन क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ ही भाषा समृद्धि कार्यक्रमों से भारतीय नौजवानों को देश विदेश में आकर्षक नौकरियां मिल सकेंगी। परिवहन उद्योग में लाजिस्टिक प्रबंधन, सुरक्षा प्रोटोकालों तथा ढांचागत आपरेटरों की आवश्यकता है। इन क्षेत्रों में लक्षित प्रशिक्षण के माध्यम से भारत एक ऐसा कार्यबल तैयार कर सकता है जो इस क्षेत्र में बढ़ती मांग पूरी कर सके।

अक्सर सौंदर्य व बेहतरी उद्योग को अनदेखा किया जाता है, लेकिन इसमें दुनिया भर में असाधारण वृद्धि हुई है। इस क्षेत्र में कास्मेटोलोजी से स्पा थेरेपी और होलिस्टिक वेलनेस तक असीम संभावनायें हैं। परंपरागत भारतीय व्यवहारों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ कर भारत दुनिया भर में विभिन्न सांस्कृतिक आवश्यकताओं वाले लोगों के लिए कुशल पेशेवर उपलब्ध करा सकता है। ई-कामर्स और परंपरागत खुदरा व्यापार में परिवर्तन से इस क्षेत्र में इन्वेंटरी प्रबंधन, ग्राहक संबंध तथा डिजिटल मार्केटिंग में पेशेवर कुशल कामगारों की मांग बढ़ रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इन क्षेत्रों पर ध्यान देकर भारतीय युवाओं को अवसरों की ओर आकर्षित करना चाहिए।

इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र तथा शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोगी प्रयासों की जरूरत है। नीतियों को उद्योगों की सहभागिता, कौशल विकास के लिए फाइनेंसिंग, आदि पर ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रशिक्षण कार्यक्रम बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप हों। इसके साथ ही निजी उद्यमों को अपस्किलिंग पहलों में भाग लेते हुए प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग करना चाहिए ताकि रोजगारों के लिए तैयार पाठ्यक्रम विकसित किए जा सकें। भारतीय कामगारों को वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार अपनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी भी जरूरी है। कनाडा जैसे देशों के समक्ष मौजूद चुनौतियां हमें वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं तथा अवसरों के बीच संबंधों की याद दिलाती हैं। यह भारत के लिए अपने कार्यबल को विभिन्न देशों में भेजने तथा वैश्विक कुशल श्रमशक्ति के रूप में अपना सम्मान बढ़ाने का अवसर देता है। कौशल विकास पर ध्यान देकर भारत यह सुनिश्चित कर सकता है कि देश की युवा पीढ़ी कल और समृद्ध होगी। आर्थिक अनिश्चितताओं का सामना कर रही दुनिया में संकटों के बजाय उनको परिभाषित करने का तरीका ज्यादा महत्वपूर्ण है। ऐसे में भारत के लिए अवसर है कि वह इन चुनौतियों को अपने लाभ में बदले तथा देश के भीतर और दुनिया में भारतीय युवाओं को गौरवान्वित करे।

# योग की परिवर्तनकारी शक्ति

**"हठयोग में समग्र बेहतरी पर जोर दिया जाता है जिसमें शरीर, मन और आत्मा में सामंजस्य बैठाना महत्वपूर्ण है। सभी साधकों के अनुभव उनको गहरे अनुभव की ओर ले जाते हैं और वे असली योगी या योगिनी बन जाते हैं।"**

**रवि बल्लूरी**
(लेखक, योग प्रशिक्षक हैं।)



**हठयोग में** शरीर की समग्र बेहतरी पर जोर देने के साथ ही योगसाधक के मस्तिष्क और आत्मा पर भी ध्यान दिया जाता है। इस योग क्रिया का मूलाधार महर्षि पातंजलि द्वारा अपने योग सूत्र में वर्णित योग के आठ सिद्धान्त हैं। यहां हम गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के 10 सूत्रों का वर्णन कर रहे हैं जिनसे योग की गहनता का पता चलता है। 1. 'फूल की एक कली की तरह मानव जीवन में पूर्ण रूप से खिलने की संभावना होती है। मानव संभावनाओं को पूर्ण रूप से खिलाने की क्षमता योग में है।' योग एक अनुशासन की तरह है जो शरीर, श्वास तथा मस्तिष्क को जागरूक व एकजुट करने में बहुत संवेदनशील तरीके से शक्तिशाली भूमिका अदा करता है। इसमें योग के विभिन्न मार्गों के तत्वों को समाहित किया गया है जिनसे राजयोग, अष्टांग या हठ योग, कर्म योग, भक्ति योग तथा ज्ञान योग की झलक मिलती है। इससे योग का अनुभव सर्वांगीण हो जाता है। 2. 'योग ज्ञान, भावना और कार्य को एकसाथ लाता है।' योग का अर्थ केवल शरीर को मोड़ने की कुछ गतिविधियां नहीं हैं। यह शरीर, मन और श्वास की एकता का अनुभव है। 3. 'योग जीवन, अपने शरीर, श्वास, मन, बुद्धि, स्मृति और अहंकार का अध्ययन, यानी आपकी सारी आंतरिक स्थितियों का अध्ययन है।' योग का व्यवहार शताब्दियों से हो रहा है जिसके लाभ स्वास्थ्य, मानसिक सतर्कता तथा आध्यात्मिक संपर्क पर दिखाई देते हैं। 4. 'अपनी संवेदनशीलता को वस्ते से स्रोत पर केन्द्रित करें। तब एकता होती है और तब योग होता है।' इस प्रकार सबको आसान और प्राणायम करने का सही तरीका सीखना चाहिए। 5. 'शांति हमारी प्रकृति है और योग आपको आंतरिक शांति की ओर ले जाता है।' योग आपको सिखाता है कि कैसे ध्यान लगाया जाए जिससे आंतरिक अनुभव प्राप्त हों तथा आपकी मानसिक स्थिति क्या है।



**सरल योगिक आसन, पुनर्जीवित करने वाली श्वसन तकनीकें तथा लाभदायक ध्यान एक दूसरे से जुड़े हैं। इसमें योग का प्राचीन विवेक किसी को वास्तविक जीवन के मार्ग पर ले जाता है और उसमें परिवर्तन पैदा करता है।**

इससे मन में मची उथलपुथल शांत होती है।

6. 'योग का उद्देश्य पीड़ा पैदा होने के पहले ही उसे रोकना है।' योग एक समग्र माध्यम है जिससे मन, शरीर और आत्मा ऊर्जान्वित होती है। 7. 'योग केवल वजन घटाने का कार्य6म नहीं है, यह एक विज्ञान है जिससे हम हल्का महसूस करते हैं। इससे गुस्सा, ईर्ष्या, घृणा, लालच, आदि का मानसिक बोझ समाप्त करने में सहायता मिलती है।'

आर्ट आफलिविंग में 10-12 घंटे में श्री श्री योग के सिखाये जाने वाले मूलभूत कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षक हमें योग का सच्चा अनुभव प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। इससे न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तर पर भी लाभ प्राप्त होता है। 8. 'योग का एक नियम प्रसन्न रहने का अभ्यास करना है।' सभी अंततः प्रसन्न रहना चाहते हैं। लेकिन प्रसन्नता का अर्थ क्या है? बुद्धिमान लोग कहते हैं कि प्रसन्नता की खोज में सोच बदलने की आवश्यकता होती है क्योंकि इससे प्रसन्नता एक लक्ष्य बन जाता है। 9. 'योग का विवेक आत्मविश्वास से पैदा अहंकार समाप्त करता है, विनम्रता एवं सद्भावना प्रदान करता है तथा निर्भरता से परस्पर निर्भरता की ओर ले जाता है।' ऐसे में लगता है कि क्या योग एक स्वयं-सहायता कार्यक्रम है। विभिन्न स्तरों पर सिखाए जाने वाले योग कार्यक्रम हमें प्राचीन विवेक से जोड़ते हैं तथा मानव जीवन के आंतरिक सौंदर्य का पोषण करते हैं। 10. 'योग का विवेक हमें असीम का अनुभव करा कर स्वतंत्रता की पहचान कराता है। यह सीमित स्वामित्व से संपूर्ण के स्वामित्व का मार्ग है।' क्या यह आश्चर्यजनक लगता है? हां ऐसा है, पर वास्तव में यही योग की सच्ची क्षमता है। सरल योगिक आसन, पुनर्जीवित करने वाली श्वसन तकनीकें तथा लाभदायक ध्यान एक दूसरे से जुड़े हैं। इसमें योग का प्राचीन विवेक किसी को वास्तविक जीवन के मार्ग पर ले जाता है और उसमें परिवर्तन पैदा करता है। योग साधक के रूप में मुझे डेढ़ दशक का अनुभव है। इसके आधार पर मैं कह सकता हूं कि सभी साधकों के अनुभव उनको गहरे अनुभव की ओर ले जाते हैं और वे असली योगी या योगिनी बन जाते हैं।

# आप की बात

## नए वायरस से सावधान !

**कोविड के** नए वायरस एचएमपीवी ने देश में दस्तक दे दी है। चीन से पहले भी कोविड का वायरस पूरी दुनिया में फैला था और लाखों लोगों ने जान गंवाई और करोड़ों बीमार हुए। ऐसी खबरें आ रही है कि अब फिर चीन से ही कोविड के नए वायरस एचएमपीवी ने चीन समेत भारत में भी कुछ जगह दस्तक दे दी है। कर्नाटक में 8 और 3 महीने के बच्चे और गुजरात में दो महीने के बच्चे पर इसका असर पाया गया। फिलहाल बच्चों पर इसका असर हो रहा है। सर्दी, खांसी, जुकाम जैसे लक्षण पाए जा रहे हैं। ध्यान चूकने पर निमोनिया भी हो सकता है। दिसंबर 2024 में भी ऐसी खबरें आ रही थी कि जनवरी के महीने में वायरस बढ़ सकता है। ठण्ड और वसंत में इस तरह के लक्षण ज्यादातर होते हैं। अतः बच्चे ही नहीं बल्कि बड़ों को भी सावधान रहने की आवश्यकता है। चीन में काफी तादाद में एचएमपीवी फैला है आईसीआरएम ने भी चेतावनी दी है। हालांकि डरें नहीं किन्तु अत्यधिक सावधानी जरूर बरतें। सरकार को भी चाहिए कि वो लोगों को सावधान रहने और एचएमपीवी के प्रति जागरूक करने हेतु समय रहते शीघ्र ही उचित कदम उठाये ताकि बीमारी फैलने से रुक सके। अच्छी बात यह है कि डॉक्टरों की ओर से कहा गया है कि यह वायरस कोरोना की तरह घातक नहीं है और न ही नया है। हर साल यह दुनियाभर में फैलता है।

**-शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

## लाभकारी बने खेती

**धीरे-धीरे** हमारे किसान कृषि कार्य से विमुख होते जा रहे हैं। यह स्थिति भयावह है। खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए व्यापक सुधारों की दरकार है। किसानों को नगद फसल लेने हेतु प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इस हेतु उन्नत बीज एवं आवश्यक संसाधन कृषकों को न्यूनतम मूल्य पर सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाने चाहिए। सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने का निर्णय शीघ्र होना चाहिए। किसानों को लोन की सुविधा आसान शर्तों पर मिलना चाहिए। सभी फसलों को बीमा के दायरे में लाया जाना चाहिए। असिंचित जमीनों को सिंचित करने के लिए व्यापक प्रबंध होना चाहिए। फसलों की खरीदी के लिए बाजार उपलब्ध होना भी जरूरी है। फसल को बाजार तक ले जाने के लिए व्यवस्थित सड़कों का निर्माण होना चाहिए। बिचौलियों एवं दलालों के शोषण से कृषको को बचाने के लिए सरकार द्वारा नीतिगत निर्णय लिया जाना चाहिए। राजस्व संहिता में फसलों के नुकसान के मुआवजे का पुनरनिर्धारण होना चाहिए। अभी जो किसानों को मुआवजा प्राप्त होता है वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान प्रतीत होता है। नुकसानी का आकलन भी पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए। अब किसानों को भी पारंपरिक खेती के साथ औषधीय खेती की ओर भी ध्यान देना चाहिए जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होगा।

**– ललित महालकरी, इंदौर**

## अनावश्यक विवाद

**समाधि स्थलों** की जरूरत ही क्या है? लेकिन, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद स्मारक को लेकर उनकी ही पार्टी ने अनावश्यक विवाद खड़ा कर दिया। एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री और भारत के आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार, डॉ. सिंह ने वित्त मंत्री के रूप में देश के वित्तीय परिदृश्य को बदल दिया था। एक अर्थशास्त्री के रूप में उनकी विरासत को यादगार और प्रेरणादायक बनाने के लिए कायदे में तो उनके नाम पर एक अर्थशास्त्र शोध संस्थान या बड़ा पुस्तकालय होना चाहिए। उन प्रसिद्ध विशेषज्ञों, कलाकारों, वैज्ञानिकों और सख्शियतों के नाम सार्वजनिक संस्थानों से जोड़े जाने चाहिए, जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन भारत में अक्सर इसके विपरीत ही होता रहा है। ऋषि कपूर ने एक बार सड़कों, हवाई अड्डों और संस्थानों के नाम राजनीतिक हस्तियों पर रखने के बेतुकेपन की आलोचना की थी। उन्होंने कला, विज्ञान, खेल आदि क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तित्वों के नाम पर प्रमुख सड़कों के नाम रखने की वकालत की थी। दुर्भाग्य से, इस सुझाव पर अमल नहीं हुआ। राजनीतिक हस्तक्षेप का एक स्पष्ट उदाहरण देश की सबसे पुरानी पार्टी है, जो एक परिवार के लोगों के नाम सरकारी योजनाओं और सार्वजनिक स्थलों से जोड़ती आई है। आंकड़े बताते हैं कि 449 सरकारी योजनाओं और 378 सड़कों व गलियों के नाम इस पार्टी के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के नाम पर रखे गए।

**-नरविजय यादव**

## राजनीति का मोहरा बने छात्र

**बिहार में** चुनाव है और चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने में लग गए हैं। गांव - गांव, घर - घर प्रचार होने शुरू हो गए हैं, एक दूसरे की कमियां और अपनी अच्छाइयां बताने का सिलसिला शुरू हो गया है। संयोग की बात है कि विगत दिनों हुए बीपीएससी पीटी परीक्षा को रद्द करने की मांग छात्रों द्वारा 18 दिसंबर से जोर शोर से उठाई जा रही है लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगा और अफसोस कि इस प्रदर्शन का भी राजनीतिकरण हो गया है। एक नए नवेले दल द्वारा बीते दिनों कंबल बांटा गया और फिलहाल अनशनरत हो कर छात्रों को ये दिखाने की कोशिश हो रही है कि यह दल छात्रों का हितैषी है। खैर छात्रों को याद रखना चाहिए कि जब विगत दिनों प्रदर्शन के दौरान लाठियां बरसाईं गईं और पानी की बौछारें की गईं तो ये तथाकथित राजनेता उस वक्त भाग खड़े हुए थे। अभी के लिए गांधी मैदान भी खाली हो चुका है और इस प्रदर्शन का राजनीतिकरण की वजह से छात्र कमजोर नजर आने लगे हैं। अब देखने की बात ये है कि इस स्थिति में छात्र खुद को कैसे मजबूत करते हुए बैक करते हैं।

**-बृजेंद्र राय**

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

# तेज ठंड के बीच आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजामः मुख्यमंत्री

- मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियों की सीएम योगी ने की समीक्षा
- कहा, अलर्ट रहे स्वास्थ्य तंत्र, जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ हो चाक-चौबंद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा, कि पूरे प्रदेश में तेज ठंड का मौसम है। शीतलहर चल रही है। यह समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने वाले है।

सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। ऐसे में स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। महाकुम्भ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो अथवा कोई अन्य गंभीर बीमारी, सभी को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए।

# आठ जिलों के पुलिस कप्तान सहित 15 आईपीएस अफसरों के तबादले

- डीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा को सीबीसीआईडी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने मंगलवार रात 15 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें आठ जिलों सुल्तानपुर, अमरोहा, लखीमपुर खीरी, मैनपुरी, कन्नौज, मिर्जापुर, भदोही और बस्ती के पुलिस कप्तान बदल दिए गए।

तबादला आदेश के अनुसार डीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा को सीबीसीआईडी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता को डीजीपी मुख्यालय भेजने का आदेश निरस्त कर दिया गया है। डीजीपी के जीएसओ एन. रविन्दर का एडीजी एसीओ के पद पर किया गया तबादला भी निरस्त कर दिया गया है। आईजी मुख्यालय नचिकेता झा को आईजी स्थापना बनाया गया है। आईजी स्थापना शलभ माथुर को आईजी कार्मिक बनाया गया है।

सुल्तानपुर के एसपी सोमेन वर्मा को मिर्जापुर का एसपी बनाया गया है। अमरोहा के एसपी कुंवर अनुपम सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त संकल्प शर्मा को लखीमपुर खीरी का एसपी बनाया गया है। लखीमपुर में तैनात गणेश साहा को मैनपुरी का एसपी बनाया गया है। मिर्जापुर के एसपी अभिनन्दन को बस्ती की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैनपुरी के एसपी विनोद कुमार को कन्नौज का नया एसपी बनाया गया है।

भदोही की एसपी डॉ. मीनाक्षी कात्यायन को कानपुर में एसपी इंटेलिजेंस बनाया गया है जबकि कानपुर में तैनात बसंत लाल को एसीओ मुख्यालय भेजा गया है। बस्ती के एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी को लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है। कन्नौज के एसपी अमित कुमार आनंद को अमरोहा में तैनात किया गया है। सहारनपुर के एएसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक को भदोही का एसपी बनाया गया है। मुजफ्फरनगर में एएसपी व्योम बिंदल को सहारनपुर में प्रभारी एसपी सिटी बनाया गया है।

# केंद्रीय गृह मंत्री ने सीएम योगी के साथ की यूपी में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा

- यूपी के सभी सात कमिश्नरेट में 31 मार्च तक, पूरे प्रदेश में जल्द से जल्द हो नए आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। बैठक में उत्तर प्रदेश में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फ रॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, महानिदेशक बीपीआरएंडी और महानिदेशक एनसीआरबी सहित गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोद के नेतृत्व में लाए गए तीन नए आपराधिक कानून दंड केन्द्रित नहीं बल्कि पीड़ित केन्द्रित हैं और इनका उद्देश्य त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है। गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फ रवरी माह में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा कर इन कानूनों को राज्य में पूरी तरह जल्द से जल्द लागू करने को कहा। अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़ी आबादी वाले राज्य में नए आपराधिक कानूनों के शत प्रतिशत क्रियान्वयन से पूरे देश में एक अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उत्तर प्रदेश के सातों कमिश्नरेट्स में 31 मार्चए 2025 तक नए आपराधिक कानूनों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। तकनीक के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य के हर ज़िले में एक से अधिक फॉरेन्सिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फॉरेन्सिक विज़िट के लिए टीमों को तीन श्रेणियों– गंभीर, सामान्य और अति सामान्य . में विभाजित करना चाहिए जिससे संसाधनों और विशेषज्ञों का बेहतर उपयोग किया जा सके और गंभीर मामलों को प्राथमिकता दी जा सके। अमित शाह ने कहा कि इस बात की नियमित और निरंतर मॉनिटरिंग होनी चाहिए कि दर्ज की गई कुल जीरो एफआईआर में से कितनी एफआईआर राज्यों को स्थानांतरित की गईं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को हर 15 दिन में और मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करनी चाहिए।

## लुभावने वादों के बहकावे में न आकर अपने वोट का इस्तेमाल समझदारी से करें: मायावती



**लखनऊ।** देश की राजधानी दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती तीन दिन बाद आठ फरवरी को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यहां चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। तारीखों का ऐलान होते ही बीएसपी प्रमुख मायावती ने कहा है कि उनकी पार्टी यह चुनाव लड़ेगी। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक्स कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि दिल्ली विधानसभा का आमचुनाव आगामी 5 फरवरी 2025 को एक चरण में होगा। चुनाव आयोग द्वारा इस बारे में की गयी घोषणा का स्वागत। बीएसपी यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी व दमदारी के साथ अकेले अपने बलबूते पर लड़ रही है। उम्मीद है कि पार्टी इस चुनाव में ज़रूर बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है और बाहुबल व धनबल से दूर रहने वाली गरीबों-मजलूमों की पार्टी बीएसपी आयोग से यह उम्मीद रखती है कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के क्रम में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील है कि वे किसी पार्टी के लुभावने वादे के बहकावे में ना आकर अपने वोट का पूरी समझदारी से इस्तेमाल करके जनहित एवं जनकल्याण को समर्पित बीएसपी पार्टी के उम्मीदवारों को ही वोट करें, यही अपील।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 153537430 हुई मतदाताओं की संख्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत** निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन मंगलवार को प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के उपरान्त वर्तमान समय मे प्रदेश मे कुल 162462 मतदेय स्थल हैं। आलेख्य प्रकाशन के समय प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या 152513131 थी, जो 07 जनवरी 2025 को अन्तिम रूप से प्रकाशित नामावली में मतदाताओं की संख्या 153537430 हो गयी है अर्थात् कुल 1885446 मतदाता सम्मिलित हुए और कुल 086147 मतदाता विलोपित हुए। इस प्रकार मतदाता सूची मे शुद्ध कुल वृद्धि 1024299 हुई। इस पुनरीक्षण के दौरान कुल 1885446 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। इसमें 0890546 पुरूष, 0994792 महिला एवं 108 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में आलेख्य प्रकाशन के समय जेण्डर रेशियो 874 था, जो अंतिम प्रकाशित नामावली में 876 हो गया अर्थात् जेण्डर रेशियो में 2 अंकों की वृद्धि हुई है। 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं के कुल 04.84 लाख नाम जोड़े गए जो कुल जोड़े गए नामों का 25 से 68 प्रतिशत है। निर्वाचक नामावली में वर्तमान में 18 से19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 16.23 लाख है। मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के संदर्भ में इस पुनरीक्षण अवधि में कुल 08.61 लाख मतदाताओं के नाम विभिन्न श्रेणियों के विलोपित किये गये हैं। जिसमें से आयोग के निर्देशन में विलोपन संबंधी कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप 03.07 लाख मृतक श्रेणी, 03.96 लाख शिफ्टेड श्रेणी तथा 1.48 लाख रिपीटेड श्रेणी में विलोपित किए गए।

# भाजपा सरकार ने जानबूझकर अधिकारियों के जरिए कराई सम्भल की घटनाः अखिलेश यादव

- सपा अध्यक्ष ने कहा, वहां दंगा नहीं था बल्कि पुलिस की गोली से निर्दोष युवाओं की जान ली गई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने सम्भल की घटना जानबूझकर अधिकारियों के माध्यम से कराई है। सम्भल में लोगों के साथ अभी भी बड़े पैमाने पर अन्याय हो रहा है। लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है। झूठे मुकदमे लगाये जा रहे है। जिलाधिकारी, पुलिस प्रशासन असंवैधानिक और अलोतांत्रिक काम कर रहे हैं। सम्भल में दंगा नही था, वहां पुलिस की गोली से निर्दोष युवाओं की जान ली गयी है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर सम्भल की घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सजा दिलाएंगे। नेता प्रतिपक्ष विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय और नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव के साथ मंगलवार को सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार देश का भाईचारा नष्ट करना चाहती है। समाज में नफरत और भेदभाव फैलाना चाहती है। जब देश में प्लेसेस ऑफ़ वर्शिप एक्ट लागू है। तब इतनी जल्दबाजी में शाही जामा मस्जिद के सर्वे की क्या जरूरत थी? अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में घटना के बाद समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल को पीड़ितों से मिलने से क्यों रोका गया, आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। सम्भल में पुलिस प्रशासन ने लोगों के साथ जैसा अन्याय किया हैए वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। पुलिस ने अपने मुताबिक बयान दिलाने के लिए लोगों को पीटाए झूठे मुकदमें लगाये प्रताड़ित किया।

# जल जीवन मिशन के तहत 'सामुदायिक अंशदान' को वहन करेगी राज्य सरकार

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट में की गई 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के ग्रामीणों पर बोझ न पड़े, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी में सामुदायिक अंशदान का वहन सरकार द्वारा करने के निर्देश दिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 2000 करोड़ रुपये का बजट भी जारी कर दिया गया है। सरकार हर घर तक पेयजल पहुंचाने को संकल्पित है।

**अनुराग श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे व जलापूर्ति विभाग**

**योगी** सरकार ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है। 'जल जीवन मिशन' के तहत हर घर नल योजना में सामुदायिक अंशदान का वहन अब योगी सरकार करेगी। हर घर तक नल पहुंचाने में पूंजी लागत का 10 फीसदी भाग सामुदायिक अंशदान के रूप में ग्रामीणों से लिए जाने की योजना थी, लेकिन योगी सरकार ने तय किया है कि इस राशि का बोझ आमजन पर न पड़े। इसके लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। गौरतलब है कि यूपी में जल जीवन मिशन के तहत 40951 योजनाएं स्वीकृत हैं। कुल कार्य की लागत 1,52,521.82 करोड़ है। इसमें केंद्रांश 71714.68 व राज्यांश 71714.68 करोड़ रुपये है। लागत के सापेक्ष यूपी का सामुदायिक अंशदान 9092.42 करोड़ रुपये होता है। योगी सरकार की तरफ से 2024-25 में इसके लिए 2000 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था भी की गई है। इसका लाभ उत्तर प्रदेश के लगभग 2,32,95,697 परिवारों को मिलेगा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की ग्रामीण आबादी को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें निर्माण लागत के सापेक्ष सामुदायिक अंशदान की व्यवस्था थी। सामुदायिक अंशदान के तहत एससी/एसटी आबादी वाले गांवों में पूंजीगत लागत का पांच फीसदी व अन्य गांवों में 10 प्रतिशत भाग आमजन से लिया जाना तय था, लेकिन योगी सरकार ने आमजन को पेयजल उपलब्ध कराने को लोक कल्याणकारी दायित्व के रूप में मानते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया है। इससे ग्रामीणों को सामुदायिक अंशदान नहीं देना होगा। वर्तमान में हरियाणा, बिहार, ओडिसा व पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार द्वारा सामुदायिक अंशदान वहन किया जा रहा है। राजस्थान में भी मुख्यमंत्री ने इसे राज्य सरकार द्वारा वहन किये जाने की घोषणा की है, जबकि मध्य प्रदेश में यह राज्य सरकार द्वारा विचाराधीन है। उत्तर प्रदेश में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल के लिए सामुदायिक अंशदान नहीं देना होगा। ग्रामीणों को सिर्फ रखरखाव के लिए 50 रुपये (वाटर टैरिफ कलेक्शन) अपनी ग्राम पंचायत को देने होंगे।

# यूपी में मजबूती से भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ लड़ रही है कांग्रेसः अविनाश पांडेय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिले/ शहर की इकाइयां भंग किये जाने के बाद उसके नये सिरे से गठन हेतु संगठन सृजन का कार्यक्रम मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं पूर्वांचल जोन के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल की उपस्थिति में आरंभ हुआ। संगठन सृजन कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्षगण जिसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, पूर्व सांसद निर्मल खत्री, पूर्व सांसद राज बब्बर, पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने अपने सांगठनिक अनुभवों से संगठन निर्माण कार्यक्रम को बल दिया। संगठन सृजन कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा सांसद, पूर्व कांग्रेस सांसद पीएल पुनिया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर, पूर्व विधायक विवेक बंसल ने भी शामिल होकर प्रदेश में एक सशक्त संगठन निर्माण में अपना सहयोग प्रदान किया।

राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि आज देश में जिस तरह के नफरत और विघटन के हालात भाजपा सरकार में बन गये हैं, उनसे हमारे नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम उस लड़ाई को जमीन पर उतार कर मजबूती से लड़े। उत्तर प्रदेश में कांग्रेसजन मजबूती से भाजपा के कुशासन के खिलाफ लड़ रहे हैं, वक्त आ गया है कि हम एक सशक्त संगठन निर्माण करें। अजय राय ने कहा कि इन 6 दिनों में संगठन सृजन के लिए मैराथन बैठकों का दौर जारी रहेगा। प्रदेश के जनपदों से आए जमीनी कार्यकर्ताओं से वार्ता कर एक ऐसे मजबूत संगठन का निर्माण किया जायेगा जो इस भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ जारी हमारी लड़ाई को अंतिम व्यक्ति तक ले जायेगा। राय ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि एक सशक्त संगठन निर्माण हेतु हमारे पूर्व अध्यक्षगण एवं वरिष्ठ नेता अपना सहयोग करने एवं अपने अनुभवों से हमें ताकत देने के लिए यहां मौजूद हैं।

## रमेश विधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए महिला कांग्रेस ने दी तहरीर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** नेता रमेश बिधूड़ी का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रियंका गांधी के खिलाफ दिए गए अमर्यादित और अभद्र बयान से कांग्रेसजनों में भारी रोष है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह बयान उनकी कुंठित और स्त्री विरोधी मानसिकता का परिणाम है। असल में भाजपा के तमाम नेताओं द्वारा समय-समय पर देश की आधी आबादी के लिए इस तरह के घटिया बयान दिये जाते रहे हैं, यही भाजपा का वास्तविक चाल चरित्र और चेहरा है। उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी शहला अहरारी, अनामिका यादव एवं उरूषा राणा के नेतृत्व में मंगलवार को महिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल हजरतगंज थाने पहुंचा और वहां जिम्मेदारी अधिकारियों से मिलकर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी।

इस मौके पर सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, हुस्नआरा, सिद्धि श्री, डॉ. रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, विभा त्रिपाठी, सुमन प्रजापति, मीना रावत आदि महिला कांग्रेस की पदाधिकारी मौजूद रहीं।

## महाकुम्भ के दौरान यात्रियों को बेहतर परिवहन सेवा मुहैया होगीः दयाशंकर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पुण्य** भूमि प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक परिवहन सेवायें मुहैया कराने के लिए यूपी परिवहन निगम कटिबद्ध है। 13 जनवरी 2025 से शुरू हो रहे मुख्य स्नान से पूर्व परिवहन निगम द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक बसें श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए उपलब्ध होगी। परिवहन निगम 7 हजार ग्रामीण बस एवं 350 सटल बसों का संचालन महाकुम्भ क्षेत्र में करेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि मुख्य स्नान की अवधि में प्रयागराज के निकटवर्ती जनपदों से आने वाली बसों को प्रयागराज के आउटर मेला क्षेत्र में स्थित 8 अस्थाई बस स्टेशनों तक बसों का संचालन किया जायेगा। करोड़ों श्रद्धालुओं के महाकुम्भ मेला में आने की संभावना है। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत यातायात की सुगमता बनाये जाने के निर्देश दिये हैं। परिवहन मंत्री ने बताया कि श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यालय पर कमाण्ड कन्ट्रोल सेंटर स्थापित व कार्यरत है। महाकुम्भ मेला में संचालित बसों के किसी परिस्थिति में बस के चालकए परिचालक अथवा यात्रियों के सहायतार्थ चौबीस घंटे मुख्यालय स्तर से सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही कन्ट्रोल रूम झूसी प्रयागराज से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक 2 घंटे के अंतराल पर प्राप्त सूचनाओंध्अद्यतन स्थिति उच्च प्रबंधन को अवगत कराने के निर्देश दिये हैं।

# किसानों को मिलेगी माइक्रो क्लाइमेट और बाजार मूल्य की सटीक व त्वरित जानकारी

## प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया ने ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर के लिए किया एमओयू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया ने लाखों किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए जेमिनी-संचालित और बेकन-सक्षम उत्तर प्रदेश ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और गूगल क्लाउड इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट अनिल भंसाली ने हस्ताक्षर किए। गूगल क्लाउड उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर जेमिनी-संचालित बेकन-सक्षम उत्तर प्रदेश ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर लॉन्च करेगा। यह ओपन नेटवर्क लाखों किसानों को सलाहकार सेवाओं, ऋण, मशीनीकरण और अपनी उपज बेचने के लिए बाजार संपर्क सहित आवश्यक सेवाओं तक वन-स्टॉप पहुंच प्रदान करेगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह समझौता उत्तर प्रदेश शासन के सुशासन और डिजिटल सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे किसानों को माइक्रो क्लाइमेट और बाजार मूल्य इत्यादि के बारे में त्वरित और सटीक जानकारी प्राप्त होगी। हर तहसील में वेदर स्टेशन लगभग लग चुके हैं इसको इंटीग्रेटे करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि कृषि के लिए ओपन नेटवर्क उत्तर प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने के हमारे दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह डिजिटल डिवाइड की चुनौतियों को हल करने के लिए एआई का लाभ उठाने में सक्षम हैं। 21वीं सदी की आधुनिक कृषि व्यवस्था में किसानों को आवश्यक उपकरणों और संसाधनों से लैस करेगा। गूगल क्लाउड इंडिया में वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियरिंग और भारत विकास केंद्र के प्रमुख श्री अनिल भंसाली ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि के लिए ओपन नेटवर्क के लॉन्च के साथ गूगल क्लाउड डीपीआई-इन-ए-बॉक्स समाधान को जीवंत होते देखकर बेहद उत्साहित हैं। डीपीआई सार्वजनिक क्षेत्र के डिजिटलीकरण की यात्रा के लिए एक सिद्ध दृष्टिकोण है, और एआई डीपीआई के साथ निर्मित सार्वजनिक सेवाओं की उपयोगिता को तेजी से बढ़ा सकता है। हम दुनिया भर के लोगों तक जेमिनी-संचालित डीपीआई के लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्लाउड इंडिया के उपाध्यक्ष और कंट्री एमडी श्री बिक्रम सिंह बेदी ने कहा कि हम वैश्विक स्तर पर और विशेष रूप से भारत में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को अपनाने में तेजी लाने में मदद करने के इच्छुक हैं, जहां इसने पहले ही जनसंख्या-स्तरीय प्रभाव प्रदर्शित किया है। कृषि में राज्य की प्रगति को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण आधारशिला है, और इस जेमिनी-संचालित ओपन नेटवर्क के माध्यम से, सरकार ने एक खुला और विकेंद्रीकृत दृष्टिकोण बनाया है जिसका लाभ नवोन्मेषक किसानों के लिए समाधान बनाने और लागू करने के लिए उठा सकते हैं।

# महाकुम्भ-2025: अयोध्या में 10 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने का किया गया इंतजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अयोध्या

**प्रयागराज** महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। 10 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम के साथ ही उनकी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान रखते हुए नगर निगम द्वारा जगह-जगह पेयजल, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए हैं। 24 घंटे साफ सफाई रहेगी, इसके लिए दो हजार से अधिक सफाईकर्मी तैनात रहेंगे। यह व्यवस्थाएं 12 जनवरी से 28 फरवरी तक रहेंगी। महाकुम्भ के दौरान देश-विदेश के श्रद्धालु अयोध्या भी पहुंचेंगे। रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, इसलिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हो सकती है। इसे देखते हुए गत दिनों अयोध्या आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन को व्यापक इंतजाम के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि यहां पड़ने वाले प्रांतीय मेले में भी किसी श्रद्धालु को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस पर नगर निगम ने मास्टर प्लान तैयार किया। आश्रय स्थलों में 24 घंटे साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश तथा रात में अलाव की भी व्यवस्था रहेगी।

# जस्टिस यादव के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**जस्टिस** शेखर यादव के विरुद्ध 55 सांसदों द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा है कि ऐसी याचिका पोषणीय नहीं है।

जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील अशोक पांडेय की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में चेयरमैन, राज्य सभा को सांसदों द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव पर कार्यवाही नहीं करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि जनहित याचिका समाज के कमजोर तबके के हितों की रक्षा के लिए होती है। वर्तमान याचिका में ऐसा कोई विषय नहीं है। लिहाजा यह पोषणीय ही नहीं है। गौरतलब है कि जस्टिस शेखर यादव तब विवादों में आ गए, जब उन्होंने प्रयागराज में विश्व हिन्दू परिषद के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 'कठमुल्ला' शब्द का इस्तेमाल किया व यह कहा कि देश बहुसंख्यकों की भावना से चलेगा। इस बयान के बाद कपिल सिब्बल समेत 55 सांसदों ने उनके विरुद्ध राज्य सभा में महाभियोग प्रस्ताव लाया है।

# अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में करें संरक्षितः डीएम

- डीएम ने की निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान एवं गौ आश्रय स्थल संचालन की समीक्षा, दिए निर्देश
- सभी गौशालाओं में ठंड से बचाव हेतु तिरपाल, काऊकोट का प्रबंध तत्काल सुनिश्चित किया जाए
- गौशालाओं में गौवंशों के लिए भूसा, चारा, चूनी आदि की रहे पर्याप्त उपलब्धता



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के अध्यक्षता में निराश्रित गौवंश संरक्षण, गौवंशो को शीत ऋतु से बचाव, सहभागिता योजना, नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण एवं गौ आश्रय स्थल संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गयी।बैठक में जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी व समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करायें जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चिन्हित हॉटस्पॉट पर प्रतिदिन निगरानी कर गौवंशों को गौशालाओ में संरक्षित कराया जाए, हाईवे, प्रमुख सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जाय, संरक्षित किए गए गोवंशो की रिपोर्ट भी उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंश की संख्या के अनुरूप भरण पोषण की मांग समय से प्रेषित की जाये। बीमार गौवंशों पर विशेष ध्यान दिया जाये, उन्हें अलग स्थान पर रखकर इलाज की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। सभी गौशालाओं में ठंड से बचाव हेतु तिरपाल, काऊकोट का प्रबंध तत्काल सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सड़कों अथवा खेतों में घूम रहे निराश्रित गौवंशों को सघन अभियान चलाकर गौशालाओं में संरक्षित करायें जाने के निर्देश दिये। हाईवे पर सायंकाल के समय अभियान चलाकर गौवंशों को संरक्षित कराया जायेए सड़कों पर एक भी निराश्रित गोवंश न पाया जाए। डीएम ने निर्माणाधीन गौशालाओं के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करायें जाने के निर्देश दिये। पशुओं के भरण पोषण के लिए गौशालाओं में भूसा, चूनी, चोकर, पशु आहार आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण की समीक्षा कर संबंधित गौशालाओं में पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित गौशालाओं का निरीक्षण करेंएनिरीक्षण के दौरान जो भी कमियां मिले, तत्काल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को अवगत करते हुए, कमियों को दूर कराए। सहभागिता योजना के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का क्षेत्र में व्यापक प्रचार.प्रसार किया जायेए सुपुर्द गौवंश के भरण.पोषण हेतु लाभार्थियों को निर्धारित धनराशि डीबीटी द्वारा लाभार्थी के बैंक खाते में भुगतान किया जाय। सहभागिता योजना अंतर्गत लाभार्थी को अतिकतम 04 गौवंश सुपुर्दगी में दिये जा सकते है। उन्होंने कहा गौआश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश को सुपुर्दगी में दिये जाने पर उसके भरण.पोषण की बेहतर व्यवस्था हो सकेगी तथा उनके स्वास्थ्यएउत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी जिससे गौआश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों का प्रबन्धन एवं संरक्षण पर सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। डीएम ने कहा इच्छुक लाभार्थियों द्वारा गौआश्रय स्थल में संरक्षित गौवंश को चिन्हित किये जाने के उपरान्त तत्काल गौवंश संबंधित को सुपुर्द किया जाय। मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन.ए जिला परियोजना अधिकारी वीरेंद्र सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुबोध कुमार, समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के संबंध में बैठक

- युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहलः डीएम

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के संबंध में बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। उपायुक्त उद्योग द्वारा डीएम को अवगत कराया गया कि शिक्षित और प्रशिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के संबंध में यह योजना उप्र सरकार द्वारा लाई गई है, इसके द्वारा नए उद्योगों, परियोजनाओं और सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे न केवल बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे बल्कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वरोजगार हेतु इस योजना के माध्यम से वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उप्र सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत इच्छुक युवक/युवतियों को उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने हेतु रू0 05.00 लाख का चार वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगाए जनपद को 1000 का लक्ष्य प्राप्त है। योजना अंतर्गत आवेदन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। डीएम ने सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय कर सामूहिक प्रयास कर योजना के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। विशेषकर प्रशिक्षण से संबंधित विभाग इसमें विशेष रुचि ले तथा योजना का क्रियान्वयन करवाए। यह युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षित प्रशिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगेएस्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार की सुविधा उपलब्ध होगी। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों से ऋण आवेदन केवल आंनलाइन स्वीकार किये जायेगे। आंनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। योजना हेतु पात्रता, आवेदक उप्र का निवासी होना चाहियें, आवेदक की आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष होनी चाहिए, आवेदक की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा.8 उत्तीर्ण होनी चाहियेएआवेदक सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं जैसे.विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाए एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, उप्र स्किल डेवलपमेंट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित हो अथवा किसीमान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से कौशल संबंधी सर्टीफ्केट कोर्स/डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त हो।

# कक्षा 08 तक के सभी विद्यालयों में 11 जनवरी तक रहेगा अवकाश

**पायनियर समाचार सेवा।** कानपुर देहात

**शासन** के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा शीत लहर से सम्बन्धित मौसम विभाग के पूर्वानुमान को दृष्टिगत रखते हुए जनपद कानपुर देहात के अन्य सभी विद्यालयों ;समस्त बोर्डद्ध के लिए निम्न आदेश पारित किये हैं, कक्षा. 08 तक के सभी छात्र.छात्राओं के लिए सभी विद्यालयों में दिनाक 07 जनवरी 2025 से दिनांक 11 जनवरी 2025 तक अवकाश रहेगा।

कक्षा 09 से कक्षा.12 के विद्यार्थियों के लिए जिन विद्यालयों में अवकाश घोषित नहीं है, दिनांक 07.01.2025 से विद्यार्थियों की कक्षाएं यथा सम्भव आन.लाइन करायी जायें। आन लाइन व्यवस्था न होने की स्थिति में कक्षा.09 से 12 के छात्र.छात्राओं के लिए विद्यालय का संचालन प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे के मध्य सुनिश्चित किया जाय। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय द्वारा निम्न व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें. ऐसे छात्र.छात्राओं की कक्षाओं में ठण्ड से बचात हेतु पर्याप्त प्रबन्ध करने की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबन्धन की होगी और यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रत्येक कक्ष में तापमान सामान्य चनाए रखने हेतु हीटर आदि की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करायी जाय। शिक्षण कार्यए प्रयोगात्मक परीक्षा आदि के लिए छात्र.छात्राओं को बाहर ध्खुले प्रागण में कदापि न बैठाया जाय। छात्र.छात्राओं को यूनीफार्म पहनने में शिथिलता प्रदान करते हुए यह सलाह दी जाती है कि ऐसे गर्म कपडे जो ठण्ड से बचाव करने में सक्षम होए उन्हें पहनकर ही विद्यार्थी विद्यालय जाएं। उक्त आदेश का कढ़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# बाबा साहब ने देश के निर्माण में लगाया अमूल्य जीवनः मुखलाल



**फतेहपुर।** शहर के जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर संविधान गौरव अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जीवन पर्यन्त देश के अन्दर फैली कुरूतियों का जमकर विरोध करते हुए उन्हें दूर करने की कोशिशों की चर्चा की गई। श्री पाल ने कहा कि विदेश में कानून की पढ़ाई करने के उपरांत उन्होंने अपना अमूल्य जीवन समय देश के निर्माण में लगाया गया, देश के संविधान निर्माण से ही सभी को समान अधिकार कैसे प्राप्त हो बाबा साहेब के आदर्शों को कैसे समाज अनवरत याद रखे इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके जन्म तीर्थ, शिक्षा तीर्थ, दीक्षा तीर्थ, परिनिर्वाण तीर्थ व चैत्य तीर्थ को पंच तीर्थ के रूप में देश व विदेश में विकसित किया गया। आज समाज के पिछड़ों के साथ ही अनुसूचित समाज व अनुसूचित जनजाति समाज के उत्थान को लेकर देश व प्रदेश की सरकारों द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। खागा विधायक कृष्णा पासवान ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के सपनों को लेकर भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना की गई। वहीं जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने देश के प्रथम व द्वितीय चुनावों में अम्बेडकर को किस कुत्सित मानसिकता से तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा रोका गया और उनके समरसता के प्रयासों को कुचला गया विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। अभियान जिला संयोजक पुष्पराज पटेल, सहसंयोजक पुष्पा पासवान व ज्योती प्रवीण पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, बिंदकी चेयरमैन राधा साहू, खखरेरू चेयरमैन ज्ञानचन्द्र केशरवानी, उदय लोधी, नीरज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, कुलदीप भदौरिया, रामसजीवन कोविंद सहित समस्त जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई एक मौत दो घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पटेल नगर चौराहे के समीप सोमवार की देर रात अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से जा टकरायी। जिसमें एक की मौत हो गई वहीं दो मामूली तौर पर चुटहिल हो गये। चिकित्सीय उपचार के बाद घर वापस भेज दिया। शहर के क्षेत्र के अरबपुर मोहल्ला निवासी अजय का 24 वर्षीय पुत्र रोहित जो मजदूरी करता था। वह अपने साथी सुमित 17 छोटू 18 के साथ 50 नंबर गेट के समीप छत में स्लेब डालकर अपने दोनो साथियों के साथ मोटर साइकिल से घर वापस आ रहा था। जैसे ही यह लोग पटेलनगर चौराहा से कुछ आगे पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से जा टकरायी जिससे रोहित गंभीर रूप से घायल जो गया जबकि उसके दोनो साथी मामूली तौर पर चुटहिल हो गये। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रोगी कल्याण समिति की जांच के लिये तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित, खरीदे गये सामान की जांच की जायेगी

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। डीएम ने समिति के जांच के लिये तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर वित्तीय अनियमिताएं खागेलेगी। जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इस हेतु संसाधनों की किसी भी प्रकार की कमीध्समस्या न हो इसके लिए जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय के लिए विभिन्न कार्यो को वित्तीय नियमो के अंतर्गत करने के निर्देश दिए। कहा कि क्रय कार्यो में वित्तीय नियमो का पूर्णतः अनुपालन किया जाय। जिलाधिकारी ने रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत किए गए क्रय कार्य खर्च की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है । कमेटी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी अन्य सदस्य होंगे। यह समिति इस बात की जांच करेगी कि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत जो भी धन खर्च हुआ है वह नियमानुसार हुआ है अथवा नही इसके अलावा समिति यह भी देखेगी कि कि धनराशि खर्च करने से पूर्व सक्षम स्तर से उसका अनुमोदन लिया गया है अथवा नही जिलाधिकारी ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्यों को निर्धारित शासनादेश के अनुसार किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल की आईसीयू यूनिट संचालित करने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए तथा अस्पताल में आयुष्मान हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जाए। इस मौके पर विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति सीएमओ डॉ गीतम सिंहए सीएमएस महिला अस्पताल एवं सीएमएस पुरुष अस्पताल एवं रोगी कल्याण समिति के अन्य सदस्य जलीस खान आदि मौजूद रहे।

# आपसी बंटवारे को लेकर दो भाइयों के मध्य चली गोली युवक की मौत, पिता पुत्र घायल

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम इटरा में आपसी बटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच में हुई मारपीट के बाद गोलीबारी शुरु हो गयी जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दो लोग घायल हो गये। पुलिस के अनुसार ग्राम इटरा में मंगलवार की दोपहर में खेती बटवारे को लेकर दो सगे भाई राहुल पालीवाल व आलोक पालीवाल के बीच आपसी बटवारे को लेकर विवाद शुरु हो गया पहले दोनो पक्षों में जमकर मारपीट हुई इसके बाद दोनो ओर से अवैध असलहो से गोलीबारी शुरु हो गयी जिसमे राहुल पक्ष की ओर से विवाद कर रहे फूल सिंह प्रजापति (40) निवासी ग्राम नरजिता जिला बांदा को गोली लगने से मौके पर मौत हो गई तथा राहुल उर्फटिंकू पालीवाल उसका पुत्र आयुष घायल हो गये। दोनो घायलो को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुमेरपुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर मौके पर पहुंचे और घटना की तहकीकात की इसके बाद एसपी दीक्षा शर्मा ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया और कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए पुलिस ने बताया की दोनो घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है वहीं राहुल उर्फटिंकू पालीवाल की ओर से आलोक पालीवाल सहित पांच लोगों के खिलाफहत्या के साथ जानलेवा हमले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस में दो लोगों को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा। विवेचना जारी है।

## बालू खदान में नौकरी करता था मृतक

**सुमेरपुर।** बांदा जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र के नरजिता गांव का निवासी फूल सिंह दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई की मौत के बाद भाभी कलावती से विवाह कर लिया था। कलावती के दो पुत्र चंद्रकिशोर एवं हरिश्चंद्र के अलावा दो पुत्रियां सुखवासा एवं विमला हैं। दोनों पुत्रियों का विवाह हो गया है। फूल सिंह बालू खदान में रहकर रखवाली का कार्य करता था। सुबह टिंकू पालीवाल के यहां आया था और गोलीबारी के दौरान गोली लगने से मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पत्नी कलावती दोनों पुत्रों एवं पुत्रियों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**संवाददाता।** कुरारा (हमीरपुर)

**कस्बा** कुरारा के वार्ड छ में बीती रात युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह घटना की जानकारी परिजनो को हुई तो घर मेंकोहराम मच गया। पुलिस को सूचना मिलने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। कस्बा कुरारा के वार्ड छ निवासी राजेश कुमार गुप्ता का पुत्र बेभव उम्र 18 वर्ष नेबीती रात अज्ञात कारण के चलते अपने कमरे में रजाई के खोल से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सुबह जब काफी देर तक वह अपने कमरे से नही निकला तो परिजनो ने देखा तो कमरा अंदर से बंद था। तब खिड़की से देखा तो वह फांसी पर झूल रहा था। तब पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक का पिता राजेश मंडी समिति में मुनीम का कार्य करता था। इस घटना से परिजनो का हाल बेहाल है।

# नगर पंचायत की अनदेखी से क्षतिग्रस्त पड़े पांच पोल



जीटीरोड किनारे पडे मार्ग प्रकाश पोल।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत समधन की लापरवाही और उदासीनता के कारण इस्माईपुर जीटी रोड पर लगाए गए पांच विद्युत प्रकाश पोल पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त पड़े हुए हैं। इन पोलों की मरम्मत न होने से रात के समय अंधेरा छा जाता है। जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चलें कि समधन नगर पंचायत के आंशिक भाग इस्माइलपुर में नागरिकों की सुविधा के लिये लगवाये गये विद्युत प्रकाश पोल विगत कई महीनों से सडक किनारे लावारिस अवस्था में पडे हुये हैं। जिसके कारण महिलाएं और बुजुर्ग रात के समय जीटीरोड से गुजरने में असुरक्षित महसूस करते हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन को इन क्षतिग्रस्त पोलों की पूर्व में मौखिक सूचना दी है लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। जब इस समस्या के संबंध में संबाददाता नें नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार को दूरभाष पर फोन लगाया लेकिन ईओं साहब ने हमेशा की तरह फोन उठाना मुनासिब नही समझा। अब देखना यह है कि महीनों से क्षतिग्रस्त पडे मार्ग प्रकाश पोलों को सही कराया जाता है या नही।

# भाकियू पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**कन्नौज।** राष्ट्रीय आवाहन पर मजदूर और किसानो की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी एवं जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला को सौंपा गया। जिसमें जिलाधिकारी ने सभी प्रकार की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है। मंगलवार को जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कानूनी रूप गारंटी की फसलों की खरीद के साथ 50 प्रतिशत एमएसपी देना सरकार सुनिश्चित करें। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 43 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं उनके स्वास्थ्य को देखते हुए सरकार किसानों की सभी मांगे जल्द से जल्द पूरी करें। किसानों के ऋण को माफकरें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सार्वजनिक सेवाओं स्वास्थ्य शिक्षा बिजली का निजीकरण न किया



डीएम को ज्ञापन सौंपते प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष।

जाए एवं 300 यूनिट बिजली किसानों को मुफ्त दी जाए। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ सरकार समझौते ना करें। राज्य सरकार के अधिकारों का अतिक्रमण करने वाली इन कंपनियों को कंपनियों को बढ़ावा ना दिया जाए। अंधाधुंध भूमि अधिग्रहण को समाप्त किया जाए। सार्वजनिक संपत्ति के निगमीकरण और लोगों को विभाजित करने के लिए विभाजन कारी नीतियों के उद्देश्य से कॉरपोरेट सांप्रदायिक नीतियों को खत्म किया जाए। कृषि उपकरणों एवं उर्वरकों को जीएसटी मुक्त किया जाए। देश में मॉडिफाइड सीड्स पर रोक लगाई जाए शुगर केन कंट्रोल ऑर्डर एवं खंड सारी रेगुलेशंस 2024 को रद्द किया जाए। केंद्र सरकार न्यू नेशन एग्रीकल्चर मार्केट पॉलिसी को रद्द करें। सभी किसान संगठनों से चर्चा कर एक प्रभावी नीति तैयार करें। इस दौरान महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, मारूफ खान, डॉ. साजिद हुसैन, मो. शहराज अहमद, ठाकुर आदि सहित तमाम किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिले में नकहा की पिंकी से हुई आवास प्लस सर्वे की शुरुआत सीडीओ ने आवास प्लस में की स्वयं की फीडिंग

- सीडीओ ने परखी सर्वे व ऐप में फीडिंग की डिटेल की बारीकियां



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को जिले में ब्लाक नकहा से सीडीओ अभिषेक कुमार ने आवास प्लस सर्वे की शुरुआत की। सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं नकहा गांव में झोपड़ी में गुजर बसर करने वाली पिंकी पत्नी संजय के डिटेल आवास प्लस सर्वे में फीड की। सीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों का चयन पारदर्शी तरीके से करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन सर्वे शुरू किया गया है। इसके लिए आवास प्लस एप लॉन्च किया गया है। यह एप लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा और योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा। सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से न केवल गरीबों को छत प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और सुरक्षित भविष्य का विश्वास भी दिला रही है। उन्होंने पीएम आवास के लिए आवास प्लस के लिए निर्धारित ऐप में फीड की जाने वाली डिटेल सहित अन्य बारीकियां भी परखी। निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे से वंचित न रहने पाए।

## कटकुसमा पहुंचे सीडीओ, पीएम आवास का सत्यापन कर लाभार्थियों से किया संवाद

मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडी एसएन चौरसिया के साथ सर्वप्रथम ब्लाक नकहा की ग्राम पंचायत कटकुसमा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी क्रमशः रमेशए सतीश और घनश्याम के आवासों का स्थलीय सत्यापन किया। लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके कुशलता जानी। लाभार्थियों से उनकी जुबानी में आवास आवंटन से किस्त अंतरण और आवास बनने तक पूरी प्रकिया जानी। लाभार्थियों से जाना कि आवास बने में किसी प्रकार की सुविधा तो नहीं हुई। लाभार्थियों ने सीडीओ को बताया कि सोचा नहीं था कि पक्का मकान बनेगा। आवास मिलने में किसी ने कोई अपेक्षा तो नहीं की। इसपर खुले मन से लाभार्थियों ने कहा साहब नहीं!

## सीडीओ ने निर्माणाधीन इंटर कॉलेज भवन का किया निरीक्षण दिए निर्देश

सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडी एसएन चौरसिया, डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों संग राजकीय हाई स्कूल कटकुसमा से ऊंचीकृत होकर इंटर के निर्माणाधीन भवन का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ को भवन की जांच के दौरान कई कमियां मिलीं, जिन्हें दुरुस्त करने के बाद पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिए। विद्यालय का नाम और कक्षाओं पर कक्ष संख्या अंकित नहीं मिला। फिनिशिंग का कार्य भी मानक के रूप नहीं मिला। विद्यालय परिसर में कहीं भी संकेतक नहीं लगे मिलेए जिस पर वर्किंग एजेंसी पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द इन कमियों को दुरुस्त कर कर पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि भवन को जल्द ही संबंधित विभाग को हस्तगत कराया जा सके।

# समाचार पत्र वितरक हैं समाज के सजग प्रहरीः जिलाधिकारी

- डीएम ने समाचार पत्र वितरकों, दिव्यांगजन, निराश्रित महिलाए वृद्धजन, जीरो पॉवर्टी परिवारों को बांटे कंबल, खिल उठे चेहरे
- डीएम की पहल पर हुआ भव्य कार्यक्रमए कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर आई मुस्कान



**लखीमपुर खीरी।** तराई में लगातार बढ़ रही ठंड से जिले के समाचार वितरकों, दिव्यांगजन, निराश्रित महिलाओं, वृद्धजन, जीरो पॉवर्टी परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में कंबल वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग मौजूद करीब 450 लोगों को कंबल वितरित किया। प्रशासन से कंबल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। इस दौरान सभी को लंच पैकेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आम आदमी तक समाचार पत्रों को पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरक प्रशंसा के पात्र हैं। उनका काम किसी चुनौती से कम नहीं है। वितरक सच्चे अर्थ में कर्मयोगी के साथ ही समाज के भी सजग प्रहरी हैं। अखबार वितरण चुनौतीपूर्ण कार्य है। वितरक बदलते मौसम ठंडी, गर्मी व बरसात में भी हमें देश.दुनिया की खबरों से अपडेट कराने के लिए कठिन परिश्रम करते रहते हैं। वितरक सुबह होते ही बिना किसी छुट्टी के रोज अखबार पहुंचाने का जज्बा लोगों के लिए मिसाल है।

मुख्यमंत्री की मंशा है कि हर गरीब के चेहरे पर मुस्कान आए। आम जनता खुशहाल रहे। प्रशासन का उद्देश्य है कि गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजन, वृद्धजन, जीरो पॉवर्टी परिवारो के साथ.साथ समाचार पत्र वितरकों को कंबल प्रदान किया जा रहा है। डीएम ने अपने हाथों से सभी पांच कैटिगरी के चिन्हित महिलाए पुरुषों को अपने हाथ से कंबल ओढ़ाया तथा ठंड से बचने की सलाह दी। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया और इंटरनेट के जमाने में भी अखबार लोगों तक विश्वसनीय खबरें पहुंचाने का साधन बने हैं। समाचार पत्र पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रहे समाचार पत्र वितरकों के कार्य को सराहा। समाचार पत्र वितरक अखबार रूपी इमारत के नींव के पत्थर हैं। हर परिस्थिति में लोगों के जागने से पहले रोज सुबह समाचार पत्र घरों तक पहुंचाना सर्दी.गर्मी और बारिश या अन्य कैसी भी कठिनाई हो वितरक रोज अपना काम पूरी लगन और मेहनत से करते हैं। रोज सुबह तीन.साढ़े तीन बजे उठ कर लोगों तक समाचार पत्र पहुंचाना काबिले तारीफ है। तहसीलदार सदर, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव, प्रशासनिक अधिकारी/नाजिर सदर मोण् सलीम सहित सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंदिरों में वीआईपी की संस्कृति बंद हो: उप राष्ट्रपति

**भाषा।** धर्मस्थल (कर्नाटक)



**उप** राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि हमें वीआईपी संस्कृति को खत्म करना चाहिए, खासकर मंदिरों में क्योंकि वीआईपी दर्शन का विचार ही देवत्व के खिलाफ है। उन्होंने लोगों से विघटनकारी राजनीति से ऊपर उठने और देश को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने का आह्वान किया।

धनखड़ ने कहा, जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है एवं जब हम उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं तो यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है। यह एक अतिक्रमण है। समानता के नजरिए से देखा जाए तो समाज में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए, धार्मिक स्थलों में तो बिल्कुल भी नहीं। धनखड़ यहां श्री मंजूनाथ मंदिर में देश के सबसे बड़े क्यू कॉम्प्लेक्स (प्रतीक्षा परिसर) का उद्घाटन कर रहे थे। इस सुविधा को श्री सानिध्य के नाम से जाना जाता है। धनखड़ ने अपने मुख्य संबोधन में मौजूदा राजनीतिक परिवेश में प्रचलित प्रवृत्ति की आलोचना की, जहां लोग संवाद करने के बजाय लोकतांत्रिक मूल्यों को बाधित करते हैं। उप राष्ट्रपति के मुताबिक भारत में हो रहे राजनीतिक परिवर्तन जलवायु परिवर्तन से भी अधिक खतरनाक हैं जो भारतीय लोकतंत्र के विरोधी राजनीतिक ताकतों द्वारा संचालित हैं।,

धनखड़ ने कहा, हमें भारत विरोधी ताकतों को बेअसर करना होगा जो विभाजन और गलत सूचना के माध्यम से हमें कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। हमें उन्हें हमारे देश के महान नाम और समावेशिता, कल्याण और हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में हासिल की गई सभी उपलब्धियों को कलंकित करने से रोकना होगा। उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे समय में जब भारत कई मोर्चों पर विकास के साथ आगे बढ़ रहा है, हमें विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ एक नया विमर्श शुरू करना चाहिए और एकजुट, केंद्रित और विकासोन्मुख होने के अपने संकल्प के साथ उन्हें हराना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारा समाज भौतिकवाद के सिद्धांतों पर नहीं बना है। इसलिए मैं भारत के कॉरपोरेट जगत से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं और सीएसआर कोष का उपयोग करके स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दें। धनखड़ ने आधुनिक भारत के लिए पांच सिद्धांत भी प्रस्तावित किए, जिन्हें उन्होंने जीवंत और समावेशी लोकतंत्र के लिए पंच प्रण कहा। उप राष्ट्रपति ने कहा कि सामाजिक सद्भाव जो पारिवारिक स्थिरता और मूल्यों को मजबूत करेगा, पर्यावरण संरक्षण और प्रत्एक नागरिक के मौलिक अधिकारों को मजबूत करेगा, ए हमारे मुख्य मूल्य होने चाहिए। धनखड़ ने साथ ही कहा कि मौलिक अधिकारों को मौलिक कर्तव्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें अपने देश के लिए काम करना अपने हितों से ऊपर रखना चाहिए।

धनखड़ ने पत्नी सुदेश के साथ कार्यक्रम से पहले श्री क्षेत्र धर्मस्थल के धर्माधिकारी डी. वीरेंद्र हेगड़े के साथ मंदिर नगर के मुख्य देवता भगवान मंजूनाथ स्वामी (शिव का एक रूप) के दर्शन किए। उन्होंने नए प्रतीक्षा परिसर श्री सानिध्य का भी दौरा किया और श्रद्धालुओं को अत्याधुनिक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में मंदिर ट्रस्ट की प्रतिबद्धता की सराहना की। नई कतार प्रणाली कुल 2,75,177 वर्ग फुट क्षेत्र में फैली हुई है। इसमें तीन मंजिला परिसर है जिसमें 16 हॉल हैं, जिनमें से प्रत्एक में 600 से 800 भक्त बैठ सकते हैं। मंदिर प्रबंधन ने कहा कि परिसर की कुल क्षमता एक समय में 10,000 से 12,000 भक्तों के बीच है। उप राष्ट्रपति ने अपने दौरे के दौरान ग्रामीण छात्रों के लिए एक छात्रवृत्ति कार्यक्रम की भी शुरुआत की जिसे श्री क्षेत्र धर्मस्थल ग्रामीण विकास परियोजना (एसकेडीआरडीपी) या ज्ञान दीप परियोजना नाम दिया गया है।

# विधायकों को असहमति जताते हुए भी सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सुनील कुमार सिंह की याचिका पर अंतिम सुनवाई तय करते हुए कहा कि विधायकों को असहमति जताते हुए भी सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए।

सिंह ने अपनी याचिका में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ टिप्पणी के लिए उन्हें विधान परिषद से निष्कासित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने पिछले साल 13 फरवरी को सदन में तीखी नोकझोंक के दौरान सिंह द्वारा की गई टिप्पणियों पर प्रथम दृष्टया असहमति जताने के बाद मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए नौ जनवरी की तारीख तय की है। राजद नेता की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि सदन के भीतर अभिव्यक्ति की आजादी की व्यापक छूट है, जिस पर पीठ ने टिप्पणी की कि विधायकों को असहमति जताते हुए भी सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल एक अन्य विधान परिषद सदस्य ने भी किया था जिन्हें निलंबित कर दिया गया, लेकिन सिंह के मामले में केवल एक शब्द बोलने पर उन्हें निष्कासित कर दिया गया। सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने सिंघवी से कहा, क्या सदन के अंदर अभिव्यक्ति की आजादी का इस तरह इस्तेमाल किया जाता है? आप (सिंघवी) भी सांसद हैं। क्या आप सदन के अंदर अपने विरोधियों के खिलाफ ऐसी भाषा के इस्तेमाल का समर्थन करते हैं? सिंघवी ने कहा कि वह ऐसी भाषा का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन ऐसी भाषा के इस्तेमाल के लिए निष्कासन से विपक्ष की सीट खाली हो जाएगी। पीठ ने सिंघवी से मामले की अंतिम सुनवाई के लिए तैयार रहने को कहा और इसे नौ जनवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया। पिछले साल 26 जुलाई को सिंह को सदन में अशोभनीय आचरण के लिए बिहार विधान परिषद से निष्कासित कर दिया गया था।

आचार समिति द्वारा कार्यवाहक सभापति अवधेश नारायण सिंह को रिपोर्ट सौंपे जाने के एक दिन बाद सिंह के निष्कासन का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ था। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के करीबी माने जाने वाले सिंह पर 13 फरवरी को सदन में तीखी बहस के दौरान नीतीश कुमार को अपशब्द बोलने का आरोप है।

उन पर मुख्यमंत्री की नकल करके उनका अपमान करने और समिति के समक्ष पेश होने पर उसके सदस्यों की योग्यता पर सवाल खड़े करने का भी आरोप लगाया गया है। सिंह के निष्कासन के अलावा राजद के विधान परिषद सदस्य मोहम्मद कारी सोहैब को भी दो दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। सोहैब पर उसी दिन अशोभनीय आचरण करने का आरोप है। आचार समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोहैब ने जांच के दौरान अपने कृत्य के लिए खेद व्यक्त किया था, जबकि सिंह अपनी बात पर अड़े रहे।

## आतंकवादियों के पाकिस्तान में रह रहे आका की संपत्ति कुर्क

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू**-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में आतंकवादियों के एक आका की अचल संपत्ति मंगलवार को कुर्क कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, लाखों रुपए की यह संपत्ति गुलाम नबी डार के बेटे मुबाशिर अहमद की है जो कथित तौर पर पाकिस्तान में है।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, अवंतीपोरा में पुलिस ने त्राल के पस्तून क्षेत्र के सैयदाबाद में स्थित एक अचल संपत्ति (चार मरला जमीन) जब्त की है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, यह कार्वाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत की गई। अवंतीपोरा पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान पाया गया कि यह संपत्ति आतंकवादियों के एक आका की है।

## प्रशांत किशोर को चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया

**भाषा।** पटना

**बिहार** लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आमरण अनशन कर रहे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को गहन चिकित्सा जांच के लिए मंगलवार को पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पटना के एक निजी अस्पताल के एक चिकित्सक ने आज सुबह किशोर के घर जाकर उनके स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने बताया "उन्हें चिकित्सा संबंधी कुछ समस्याएं हैं जिनकी गहन जांच की जरूरत है। हम उन्हें गहन चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल ले जा रहे हैं। आमरण अनशन कर रहे किशोर को संक्रमण, निर्जलीकरण, कमजोरी और बेचैनी की समस्या है। उनको एक एंबुलेंस में निजी अस्पताल ले जाया गया। किशोर को सोमवार को पुलिस ने अवध आमरण अनशन के लिए गिरफ्तार किया था। यहां की एक अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के कुछ घंटों बाद उन्हें बिना शर्त जमानत पर रिहा कर दिया गया। इससे पहले, किशोर ने जमानत की शर्तों को अनुचित बताते हुए स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे किशोर को सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ पिछले सप्ताह दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार, उन्होंने पटना उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करते हुए गांधी मैदान में आमरण अनशन किया। पटना जिला प्रशासन ने शहर के गर्दनीबाग इलाके के अलावा किसी अन्य स्थान पर इस तरह के विरोध प्रदर्शन पर रोक लगा रखी है।

## ठाणे शहर में कोचिंग संस्थान ने जेईई छात्रों से तीन करोड़ ठगे

**भाषा।** ठाणे

**पुलिस** ने मंगलवार को कहा कि उसने ठाणे शहर में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहे छात्रों से तीन करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक कोचिंग संस्थान के आठ पदाधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। ठाणे नगर थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) संदीप चव्हाण ने कहा कि सोमवार को तब मामला दर्ज किया गया, जब कुछ छात्रों ने संस्थान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस संस्थान की शाखाएं देश के विभिन्न हिस्सों में हैं। उन्होंने शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि संस्थान ने जनवरी 2024 से जेईई छात्रों से 3,20,00,000 रुपए की राशि एकत्र की और अचानक संस्थान और कक्षाएं बंद कर दीं और एकत्र की गई फीस का दुरुपयोग किया।

## नीतीश ने सिवान में 109 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सिवान जिले में 109 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के तहत सिवान जिले में 127 परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने सिवान जिले के नारायणपुर गांव में प्रस्तावित सिवान बाइपास (13.80 किलोमीटर लंबे) के निर्माण के लिए स्थल का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जिले के करहानु बाजार क्षेत्र में जीविका दीदियों द्वारा आयोजित एक समारोह में भाग लिया। जीविका दीदियां जीविका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाएं हैं, जिसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को सशक्त बनाना है।

# उच्चतम न्यायालय भारत के किराए की कोख संबंधी कानूनों में आयु सीमा की पड़ताल करेगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने किराए की कोख (सरोगेसी) संबंधी कानूनों के तहत सरोगेट माताओं और अन्य के लिए आयु सीमा से जुड़े मुद्दों की 11 फरवरी को पड़ताल करने को लेकर मंगलवार को सहमति जताई।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सरोगेसी विनियमन अधिनियम और सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 15 याचिकाओं पर सुनवाई की और केंद्र से मामले में अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वह लिखित दलीलें दाखिल करेंगी और सरकार शीर्ष अदालत के निर्देशों का पालन करेगी। अदालत ने मामले में अंतरिम आदेश पारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वर्ष 2021 के सरोगेसी कानून में इच्छुक माता-पिता और सरोगेट माताओं के लिए आयु सीमा निर्धारित की गई है। कानून के अनुसार, इच्छित मां की आयु 23 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा इच्छित पिता की आयु 26 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अलावा, सरोगेट मां विवाहित होनी चाहिए तथा उसकी आयु 25 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, साथ ही उसका खुद का एक जैविक बच्चा होना चाहिए। ऐसी महिला अपने जीवनकाल में केवल एक बार सरोगेट के रूप में कार्य कर सकती है। कानून में सरोगेसी को विनियमित करने के लिए शर्तें भी दी गई हैं। शीर्ष न्यायालय ने सरोगेट माताओं के हितों की रक्षा के महत्व को रेखांकित किया था तथा शोषण रोकने के लिए एक मजबूत प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया था, विशेष रूप से यह देखते हुए कि भारत में वाणिज्यिक सरोगेसी प्रतिबंधित है।

पीठ ने कहा था, एक डेटाबेस हो सकता है, ताकि एक ही महिला का शोषण न हो। एक प्रणाली अवश्य होनी चाहिए। कोई भी यह नहीं कह रहा है कि यह (सरोगेसी) एक बुरा विचार है, लेकिन इसका गलत तरीके से इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

# पेज 1 का शेष

## दिल्ली में...

शुरू किया है। इसके लिए वह एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे कर चुनाव मैदान है। इस बीच, दिल्ली लोकसभा चुनावों में सातों सीटों पर परचम लहराने और हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शानदार जीत से उत्साहित भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ तीखा हमला करने के लिए उसे आप-दा करार दिया। पिछले सप्ताह रोहिणी में परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के इरादे स्पष्ट करते हुए कहा कि आपदा (आप) नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे। झुग्गी-झोपड़ियों, अनधिकृत कॉलोनियों, अल्पसंख्यक बहुल इलाकों, निम्न मध्यम वर्ग के इलाकों में मजबूत जनाधार वाली आप के खिलाफ भाजपा के सामने एक कठिन चुनौती है। भाजपा के पास आप के महिलाओं और पुजारियों के लिए सहयोग राशि जैसे वादों से निपटने में विफल दिख रही है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वासन दिया है कि मौजूदा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी। भ्रष्टाचार के आरोपों की लहर से जूझ रही आप तीसरे कार्यकाल के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, जिसमें कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सत्ता में वापस आने पर गैर-करदाता महिलाओं को मासिक अनुदान बढ़ाकर 2,100 रुपये करना, सरकारी और कुछ निजी अस्पतालों में 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी दिल्ली के मतदाताओं के लिए स्वास्थ्य योजना का वादा किया है। वहीं हिंदुत्व के नाम पर भाजपा के चुनावी हिंदू आरोप को बेअसर करने के लिए मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारा ग्रंथियों को 18,000 रुपये मासिक सहयोग राशि देने का वादा किया है।

## आम बजट...

का आग्रह किया और कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग नजर रखेगा। आयोग यह भी सुनिश्चित करेगा कि चुनाव धनबल से मुक्त हो। हाल के चुनावों के दौरान, इस बात पर हंगामा हुआ था कि कुछ हेलीकॉप्टरों की जांच की गई। लोग मतदान अधिकारियों को धमकी देने पर भी उतर आए थे, लेकिन हम खुद को नियंत्रित रखते हैं क्योंकि यदि हमने कुछ कहा तो इससे समान अवसर की स्थिति पर असर पड़ेगा। स्टार प्रचारक और राजनीतिक अभियान में शामिल लोग यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य हैं कि शिष्टाचार का पालन किया जाए। इस बार हम बहुत कठोर होंगे। स्टार प्रचारकों को इस तरह से कार्य नहीं करना चाहिए जो आम मतदाताओं को हतोत्साहित करता हो। महिलाओं के खिलाफ किसी भी टिप्पणी को लेकर आयोग का रुख सख्त होगा। जिला मजिस्ट्रेट और निर्वाचन अधिकारी निष्पक्ष स्थिति और प्रत्एक उम्मीदवार के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेंगे। वह राजनीतिक दलों से भी अनुरोध करेंगे कि वे अधिकारियों पर अनुचित दबाव न बनाएं। पार्टियां लिखित में कोई भी स्पष्टीकरण मांग सकती हैं।

## भारत ने...

आमतौर पर सर्दियों के महीनों के दौरान देखी जाती है और देश ऐसे मामलों में किसी भी संभावित उछाल के लिए अच्छी तरह से तैयार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने एक्स पर कहा कि वायरस से घबराने वाली बात नहीं है। यह एक ज्ञात वायरस है जो श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, ज्यादातर हल्का। रोग का पता लगाने के बजाय, हमें सर्दी होने पर सामान्य सावधानी बरतनी चाहिए। मास्क पहनें, हाथ धोएँ, भीड़ से बचें, गंभीर लक्षण होने पर डॉक्टर से परामर्श करें। भारत में अब तक किसी की मौत की सूचना नहीं है। एचएमपीवी कई श्वसन वायरस में से एक है जो सभी उम्र के लोगों में संक्रमण का कारण बन सकता है, खासकर सर्दियों और शुरुआती वसंत के महीनों में। वायरस का संक्रमण आमतौर पर हल्का होता है और अधिकांश रोगी अपने आप ठीक हो जाते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव द्वारा बुलाई गई बैठक में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव डॉ. राजीव बहल, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ अतुल गोयल, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम, (आईडीएसपी), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) और आईडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए।

6.8 तीव्रता...

और द्वितीयक आपदाओं को रोकने, प्रभावित निवासियों को उचित रूप से पुनर्वासित करने और उसके बाद के काम को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। भूकंप के बाद, चीन भूकंप प्रशासन ने स्तर-द्वितीय आपातकालीन सेवा प्रतिक्रिया शुरू की और आपदा राहत प्रयासों में सहायता के लिए साइट पर एक कार्य दल भेजा। शिज़ांग स्वायत्त क्षेत्र ने भी भूकंप के लिए स्तर-द्वितीय आपातकालीन प्रतिक्रिया जारी की। भूकंप प्रभावित क्षेत्र में केंद्रीय अधिकारियों द्वारा कपास के टेंट, कपास के कोट, रजाई और फोल्डिंग बेड सहित लगभग 22,000 आपदा राहत सामग्री भेजी गई है, साथ ही उच्च ऊंचाई वाले और ठंडे क्षेत्रों के लिए विशेष राहत सामग्री भी भेजी गई है। 1,500 से अधिक स्थानीय अग्निशामक और बचाव कर्मियों को भी जमीन पर भेजा गया है। शिगाज़े को शिगास्टे के नाम से भी जाना जाता है जो भारत की सीमा के करीब है। शिगात्से को तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक माना जाता है। यह तिब्बती बौद्ध धर्म के एक प्रमुख व्यक्ति पंचेन लामा की पारंपरिक सीट है, जिनका आध्यात्मिक अधिकार दलाई लामा के बाद दूसरे स्थान पर है। भूकंप का केंद्र डिंगरी काउंटी के त्सोगो टाउनशिप में स्थित था, जिसकी आबादी 20 किलोमीटर के दायरे में लगभग 6,900 लोगों की है। इस क्षेत्र में 27 गांव हैं। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि डिंगरी काउंटी की आबादी 61,000 से अधिक है। भूकंप का केंद्र उत्तर-पूर्व नेपाल के खुंबू हिमालयन रेंज में लोबुत्से से 90 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। सरकारी समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। अपने संदेश में, राष्ट्रपति शी ने कहा कि भूकंप की निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी को मजबूत करना, आपातकालीन बचाव आपूर्ति को तुरंत आवंटित करना, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत में तेजी लाना, यह सुनिश्चित करना कि निवासियों की बुनियादी ज़रूरतें पूरी हों, और सभी के लिए सुरक्षित और गर्म सर्दी की गारंटी देना आवश्यक है। चीन तिब्बत को हिमालयी क्षेत्र का हिस्सा शिज़ांग कहता है। तिब्बती पठार को भारी भूकंपों के लिए प्रवण माना जाता है क्योंकि यह उस स्थान पर स्थित है जहाँ टेक्टोनिक यूरेशियन और भारतीय प्लेटें मिलती हैं, जो अक्सर भारी बल के साथ टकराती हैं। 2015 में नेपाल में आए 8.1 तीव्रता के बड़े भूकंप में शिगास्ते को भी काफी नुकसान हुआ था। 2015 में नेपाल और व्यापक हिमालय में आए 8.1 तीव्रता के बड़े भूकंप में शिगास्ते क्षेत्र में अठारह लोग मारे गए और 55 घायल हो गए। इस बीच, नेपाल में आए तेज भूकंप ने लोगों को घरों से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया। कावरेपालंचवोक, सिंधुपालंचोक धाडिंग और सोलुखुम्बु जिलों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। काठमांडू में दहशत के कारण कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने कुछ देर तक सड़कों पर इमारतों, पेड़ों और बिजली के तारों को हिलते हुए देखा। हालांकि, नेपाल पुलिस के प्रवक्ता का कहना है कि अभी तक उन्हें किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। शंखुवासभा जिला प्रशासनिक कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप के कारण जिले के किमाथांका ग्रामीण नगर पालिका में पत्थर से बनी दो मंजिला इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र तिब्बत में होने के कारण उत्तरी नेपाल में रहने वाले लोगों ने अधिक तेज झटके महसूस किए। यूएसजीएस की रिपोर्ट के अनुसार, सुबह 7 बजे के आसपास एक घंटे के भीतर 4 से 5 तीव्रता वाले कम से कम आधा दर्जन झटके दर्ज किए गए। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि नेपाल के लोग दहशत में आ गए, उन्हें 2015 का वह भीषण भूकंप याद आ गया जिसमें 9,000 लोग मारे गए थे। मंगलवार की सुबह तिब्बत-नेपाल सीमा के पास आए 7.1 तीव्रता के भूकंप से बिहार के कई इलाकों में भी कंपन हुआ। भूकंप का केंद्र नेपाल-तिब्बत सीमा के पास लोबुचे से 93 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था और यह सुबह 6.35 बजे आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था, जिससे बिहार और उत्तर भारत के कई इलाकों में कंपन हुआ। बिहार आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, भूकंप के झटके पटना, मधुबनी, शिवहर, मुंगेर, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, कटिहार, दरभंगा, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण और भारत-नेपाल सीमा से सटे कई अन्य जिलों में महसूस किए गए। भूकंप के झटकों से पटना में लोगों में दहशत फैल गई और लोग एहतियात के तौर पर अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप आने पर कटिहार, पूर्णिया, शिवहर, दरभंगा और समस्तीपुर में भी लोग सड़कों पर निकल आये.

## सीआईसी...

लोगों को नियुक्त करने में विफलता ने अधिनियम के मूल उद्देश्य को ही विफल कर दिया है। भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत ने विभिन्न क्षेत्रों से लोगों की नियुक्ति के लिए निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने केंद्र को ऐसे पदों के लिए अगस्त, 2024 में शुरू हुई चयन प्रक्रिया पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने और इसके पूरा होने की समय सीमा बताने का निर्देश दिया। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के संयुक्त सचिव को हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा गया कि सूचना आयुक्तों के पद के लिए आवेदन करने वाले 161 उम्मीदवारों के नामों पर कब कार्रवाई की जाएगी। पीठ ने केंद्र से दो सप्ताह में पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के नाम और उन्हें शॉर्टलिस्ट करने के मानदंडों का खुलासा करने को कहा। शीर्ष अदालत ने झारखंड पर गंभीरता से ध्यान दिया, जिसने विधानसभा में विपक्ष का कोई नेता नहीं होने के आधार पर उसके बार-बार निर्देशों के बावजूद सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं की। पीठ ने कहा कि झारखंड एसआईसी में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जून, 2024 में जारी किया गया था, लेकिन नियुक्ति को लेकर कोई प्रगति नहीं हुई। इसने झारखंड विधानसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल को निर्देश दिया कि वह सूचना आयुक्तों को चुनने के सीमित उद्देश्य के लिए अपने निर्वाचित सदस्यों में से एक को चयन समिति में नामित करे और उसके बाद नियुक्तियां शुरू हो सकती हैं।

## पीडब्ल्यूडी...

वह प्रमुख हैं। उन्होंने उसी दिन बंगला खाली कर दिया। यह कहते हुए कि केजरीवाल से विभाग को संपत्ति का आधिकारिक हस्तांतरण होना बाकी है, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने तब कहा था कि घर को सील कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह भी कहा था कि बंगले की सूची पूरी नहीं थी और आतिशी के पास बंगले की चाबियाँ थीं, उनके पास आधिकारिक आवंटन पत्र नहीं था। पीडब्ल्यूडी ने आधिकारिक तौर पर 11 अक्टूबर को आतिशी को घर आवंटित किया। उन्होंने 14 अक्टूबर को प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। पीडब्ल्यूडी द्वारा 16 अक्टूबर को 'प्राधिकरण पर्ची' जारी की गई थी, जिसकी वैधता 23 अक्टूबर 2024 तक थी। इस अवधि के दौरान, आतिशी को बंगले में शिफ्ट होना था। पीडब्ल्यूडी ने पत्र में कहा कि कई बार संपर्क करने के बावजूद मुख्यमंत्री ने संपत्ति पर कभी कब्जा नहीं किया। पत्र में आवंटन रद्द करने के पीछे के कारणों का भी उल्लेख किया गया है। पीडब्ल्यूडी ने कहा, विभाग द्वारा प्रस्ताव वापस लेने का निर्णय कई कारकों से प्रभावित था- चल रही जांच जिसके लिए संपत्ति पर समय-समय पर पहुंच की आवश्यकता होती है, यह तथ्य कि बंगला मुख्यमंत्री का निर्दिष्ट आवास नहीं है, बल्कि सामान्य पूल श्रेणी का है, और यह प्रावधान कि आवास प्रमाण पत्र जारी होने के पांच कार्य दिवसों के भीतर भौतिक कब्जा नहीं लेने पर आवंटन स्वत: रद्द हो जाता है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स कहा, तीन महीने के भीतर ही भाजपा ने फिर मुख्यमंत्री आतिशी को मुख्यमंत्री आवास से निकाल दिया। लोग आतिशी को गाली देकर और उन्हें घर से बाहर निकालकर अपनी बौखलाहट दिखा रहे हैं।

## बीएसएफ..

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राणाघाट के सामने स्थित है। पांडे ने कहा, वहां यथास्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, यथास्थिति पहले जैसी ही है और पूर्ण शांति है।

## महामारी के...

6.4 प्रतिशत के मुकाबले 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन अर्थव्यवस्था के लिए राहत लेकर आ सकता है। कृषि क्षेत्र के चालू वित्त वर्ष में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में 1.4 प्रतिशत था। एनएसओ ने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत रहने का अस्थाई अनुमान है। मौजूदा कीमतों पर देश का सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 9.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था जो वित्त वर्ष 2024-25 में 9.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। आंकड़ों के मुताबिक, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी के 2023-24 के 295.36 लाख करोड़ रुपए से 9.7 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 324.11 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचने का अनुमान है। मौजूदा अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3.8 लाख करोड़ डॉलर (85.7 रुपएअमेरिकी डॉलर) है। इसके अलावा, मौजूदा कीमतों पर सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) पिछले वित्त वर्ष के 267.62 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 2024-25 में 292.64 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच जाने का अनुमान है। यह 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाता है। स्थिर मूल्य पर निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) में 2024-25 के दौरान 7.3 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में चार प्रतिशत थी। स्थिर मूल्य पर सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) पिछले वित्त वर्ष के 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष में 4.1 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है।

## राजस्थान...

बाड़मेर में मरू उड़ान के तहत सभी पंचायत मुख्यालयों पर 12 ब्लॉक और एक जिला स्तरीय संवाद आयोजित किया गया। डाबी ने कहा, इसमें 3,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम पिछले साल 12 नवंबर को शुरू हुआ और अंतिम ब्लॉक स्तरीय संवाद 28 नवंबर को हुआ, जबकि जिला स्तरीय कार्यक्रम 29 नवंबर को बाड़मेर के टाउन हॉल में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का दीर्घकालिक लक्ष्य महिला सशक्तिकरण के लिए एक श्रृंखला प्रणाली बनाना है। उन्होंने कहा, सत्रों में भाग लेने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य, वित्तीय प्रबंधन और कौशल विकास के बारे में दूसरों को शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षित और प्रेरित किया जाएगा, जिससे वे इस पहल के लिए ब्रांड एंबेसडर बन सकें। इस पहल को महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया था। उन्होंने कहा कि ब्लॉक-स्तरीय कार्यक्रमों में सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं की भागीदारी को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्रों के लिए बड़े समूहों के बजाय, खुली चर्चा को प्रोत्साहित करने के लिए 55-60 महिलाओं के छोटे समूह बनाए गए। डाबी ने कहा, इस दृष्टिकोण ने महिलाओं को अपने मुद्दों और चिंताओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने की अनुमति दी, जिन्हें बाद में विशेषज्ञों द्वारा संबोधित किया गया।

## शराब और...

साथ विविध तरीके के पटाखों को छोड़ना एक फैशन बन गया हैं। समारोहों में तेज संगीत और पटाखे से जहां यातायात प्रभावित होता है वहीं पटाखों के कारण गदंगी और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। दक्षिणी दिल्ली के खानपुर निवासी अभय बनर्जी ने कहा, काश शादियां सभ्य और सादगी से हो पातीं, लेकिन शादियों के मौसम में दिल्ली में स्थिति और भी खराब हो जाती है। बुजुर्गों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह और भी बुरा है क्योंकि बारात में शामिल लोग कभी भी पड़ोस के मुद्दों की परवाह नहीं करते हैं। मुझे हर शादी के मौसम में इसका सामना करना पड़ता है और सर्दियों के दौरान यह और भी खराब हो जाता है जब दिल्ली की हवा खराब होती है। उम्मीद है कि आरडब्लूए और सामाजिक संगठन भटिंडा जैसे छोटे शहर से सीख लेंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 8 जनवरी, 2025



# शाह ने भारतपोल का आरंभ किया, विदेशों में छिपे भगोड़े अपराधियों को लाने में मिलेगी मदद

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत शुरू की गई आधुनिक प्रणालियां और भारतपोल जैसी प्रौद्योगिकीय व्यवस्थाएं कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भारत में अपराध करने के बाद विदेश भाग गए भगोड़ों को अदालत के कठघरे में लाने में सक्षम बनाएंगी। इंटरपोल से संबंधित मुद्दों पर भारतीय एजेंसियों के साथ त्वरित समन्वय स्थापित करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित नए पोर्टल भारतपोल की शुरुआत के अवसर पर उन्होंने यह कहा। शाह ने कहा कि केंद्र की (नरेन्द्र) मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों में, आरोपियों की अनुपस्थिति में मुकदमा चलाने का प्रावधान जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत एक न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित कर अदालत के आदेश पर, भगोड़े अपराधियों की अनुपस्थिति में उन पर मुकदमा चलाना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में दोषी ठहराए गए अपराधियों को विदेशों से प्रत्यर्पित कराने की प्रक्रिया इस प्रावधान से सरल हो जाएगी। शाह ने कहा, भारतपोल पोर्टल की क्षमताओं के साथ मिलकर यह नया उपाय भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भगोड़ों को अदालत के कटघरे में लाने में सशक्त बनाएगा, चाहे वे कहीं भी छिपे हों। भारतपोल सभी केंद्रीय और राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को एक साझा पोर्टल पर लाएगा, जिससे इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा, जिसमें रेड कॉर्नर नोटिस और रंग आधारित इंटरपोल के अन्य नोटिस शामिल हैं। शाह ने कहा कि कई सालों तक भारत में अपराध कर दुनिया के अन्य देशों में भाग जाने वाले अपराधी हमारे कानूनों की पकड़ से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग कर कानून की पहुंच से बाहर रहे अपराधियों को हमारे कानून की गिरफ्त में लाया जाए। गृह मंत्री ने सीबीआई का आह्वान किया कि वह जमीनी स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने में अग्रणी भूमिका निभाए, जिससे न्यायिक प्रणाली मजबूत होगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और कानून प्रवर्तन प्रयासों की समग्र दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार होगा। गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल राज्य पुलिस बलों को 195 देशों की पुलिस के साथ जानकारी साझा कर उनका सहयोग प्राप्त करने में सहायता करेगी। गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों और विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजे गए अधिकारियों को भी पुलिस पदक प्रदान किए। उन्होंने जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री के पदक भी प्रदान किए।

## कोयला खदान में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए नौसेना के गोताखोरों की मदद ली जाएगी

भाषा। गुवाहाटी

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि दीमा हसाओ जिले में कोयले की एक खदान में फंसे नौ मजदूरों को बचाने में स्थानीय अधिकारियों की मदद के लिए नौसेना के गोताखोरों को बुलाया गया है क्योंकि खदान के अंदर पानी का स्तर करीब 100 फुट तक बढ़ गया है। शर्मा ने बताया कि गोताखोर विशाखापत्तनम से आ रहे हैं और उनके शीघ्र ही पहुंचने की उम्मीद है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया" बचाव अभियान में सहायता के लिए नौसेना के गोताखोरों को बुलाया गया है। तैनात टीम के आकलन के अनुसार खदान के अंदर पानी का स्तर लगभग 100 फुट तक बढ़ गया है। गोताखोर विशाखापत्तनम से आ रहे हैं और उनके जल्द ही पहुंचने की उम्मीद है" एक जिला अधिकारी ने बताया कि बचाव कार्य जारी है लेकिन अभी तक किसी भी श्रमिक को खदान से बाहर नहीं निकाला जा सका है। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि नौ मजदूरों को बचाने के लिए सेना के जवानों को लगाया गया है तथा आवश्यक उपकरणों से लैस गोताखोरों और सैपर्स जैसे विशेषज्ञों का एक राहत कार्य बल श्रमिकों को बचाने के लिए उमरांगसो में घटनास्थल पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना और असम राइफल्स का एक कार्य दल श्रमिकों को बचाने के कार्य में जुट गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए सभी प्रयास नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बचाव कार्यों में मदद के लिए सेना को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, "इस त्वरित प्रतिक्रिया के लिए बहुत-बहुत आभार। हम अपने श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय स्मृति परिसर में प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनेगा, शर्मिष्ठा ने पीएम का जताया आभार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्मृति क्षेत्र परिसर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का एक स्मारक स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुखर्जी का 31 अगस्त 2020 को निधन हो गया था। पूर्व राष्ट्रपति की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनके (शर्मिष्ठा के) पिता को सम्मानित करने के लिए शुक्रिया अदा किया। सरकार ने शर्मिष्ठा मुखर्जी को इस निर्णय की जानकारी देते हुए एक पत्र में कहा, सक्षम प्राधिकारी ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय स्मृति परिसर (राजघाट क्षेत्र का एक हिस्सा) में एक निर्दिष्ट स्थल को चिह्नित करने को मंजूरी दे दी है। पत्र प्राप्त करने के बाद, शर्मिष्ठा ने इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देने के वास्ते उनसे मुलाकात का समय मांगा।

## माकपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में आरएसएस के 9 कार्यकर्ताओं को उम्रकैद

कन्नूर (केरल)। उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में 19 साल पहले माकपा के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में थलस्सेरी की एक अदालत ने मंगलवार को आरएसएस के नौ कार्यकर्ताओं को उम्रकैद की सजा सुनाई। क्षेत्र में दो दलों में राजनीतिक तनाव के बीच तीन अक्टूबर, 2005 को कन्नपुरम चुंडा के माकपा सदस्य (25) रिजिथ शंकरन पर एक मंदिर के पास हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अभियोजन के अनुसार, रिजिथ जब अपने कुछ मित्रों के साथ घर जा रहा था, उसी दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया। हथियारों से लैस आरोपियों ने घात लगाकर एक कुएं के पास उन पर हमला किया। हमले में उसके तीन दोस्त भी घायल हो गए थे। थलस्सेरी की अतिरिक्त जिला सत्र अदालत ने चार जनवरी को आरोपियों को दोषी ठहराया। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे, जिनमें से एक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। दोषियों में सुधाकरन (57), जएश (41), रंजीत (44), अजीन्द्रन (51), अनिलकुमार (52), राजेश (46), श्रीकांत (47), श्रीजीत (43) और भास्करन (67) शामिल हैं। अदालत ने उन्हें भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया, जिनमें हत्या (धारा 302), हत्या का प्रयास (धारा 307), गैरकानूनी तरीके से एकत्र होना (धारा 143), दंगा (धारा 147), हथियारों से जानबूझकर चोट पहुंचाना (धारा 324) शामिल है।

## आगरा अफेयर आज से

मुंबई। अमेज़न की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, नए साल की शुरुआत जोरदार तरीके से करते हुए अपनी आने वाली रोमांस ड्रामा आगरा अफेयर की घोषणा की है, जिसे डाइस मीडिया द्वारा प्रस्तुत किया गया है। स्ट्रीमिंग सेवा ने इस सीरीज़ का एक आकर्षक ट्रेलर रिलीज़ किया है, जो आगरा, प्रेम के शाश्वत शहर, में अधूरे प्यार और छूटे हुए मौकों की दिल छू लेने वाली और मार्मिक कहानी की झलक दिखाता है। इस शो में एक शानदार कलाकारों की टोली है, जिसमें आकाश दहिया, हर्षिता गौर और चकोरी द्विवेदी मुख्य भूमिका में हैं। आगरा अफेयर 8 जनवरी से अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में विशेष रूप से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगा। यह शो दिखाता है कि कैसे कभी-कभी लोगों के सपने उनकी भावनाओं पर हावी हो जाते हैं। यह व्यक्तिगत और भावनात्मक विकास की एक खूबसूरत यात्रा है। डाइस मीडिया की एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट - ओटीटी पार्टनरशिप्स, जानकी अमृते ने कहा, डाइस मीडिया में, हमारा उद्देश्य ऐसी कहानियां बनाने का है जो लोगों के दिलों से जुड़ें और दिल को छूने वाली हों। 'आगरा अफेयर' इसी दिशा में एक और कदम है।

## टीटीके मनाएगा न्यू ईयर का जश्न

बेंगलुरु। छुट्टियों के सीजन का जश्न मनाने के लिये टीटीके प्रेस्टीज ने "न्यू ईयर बोनान्ज़ा 2024" लॉन्च किया है। यह एक खास कैम्पेन है, जो 26 जनवरी, 2025 तक चलेगा। इसमें उपभोक्ताओं को टीटीके प्रेस्टीज के अभिनव एवं बेहतरीन प्रदर्शन वाले रसोईघर उत्पादों की एक बड़ी श्रृंखला पर बेहतरीन छूट तथा कॉम्प्लीमेंटरी उपहार मिलेंगे।इस खास पहल का लक्ष्य टीटीके प्रेस्टीज की विरासत का उत्सव मनाना और भारतीय परिवारों को बेजोड़ महत्व तथा नवाचार प्रदान करने के लिये ब्रैंड की प्रतिबद्धता को मजबूती देना है। त्यौहार के इस मौके पर कंपनी के ग्राहक और पहली बार के खरीदार समान रूप से बड़ी बचत तथा विशेष फायदों का मजा ले सकते हैं। टीटीके प्रेस्टीज लि. के चीफ सेल्स एवं मार्केटिंग ऑफीसर अनिल गुरनानी ने कहा, "भारत के हर परिवार का भरोसेमंद और महत्वपूर्ण ब्रैंड होने पर हमें बड़ा गर्व है।

## पहली बार अंडमान की आदिम जनजाति जारवा सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए गए

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह प्रशासन ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, जारवा समुदाय के 19 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए हैं और उन्हें मतदाता पहचान पत्र प्रदान किए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार ने खुद दक्षिण अंडमान जिले के जिरकाटांग स्थित बस्ती में जारवा आदिम जनजाति के सदस्यों को मतदाता पहचान पत्र सौंपे। दक्षिण अंडमान जिला निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने जारवा समुदाय की अनूठी पहचान को बरकरार रखने और उनकी निजता की रक्षा के लिए एक व्यापक उपाय अपनाया। शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची में उनके नाम शामिल करने की प्रक्रिया इस तरह से तैयार की गई थी कि उनके रोजमर्रा के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप हो, लेकिन भारत के नागरिक के रूप में अपने अधिकारों को वे बखूबी समझें। उन्होंने कहा, यह भारत के लोकतांत्रिक विकास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो सभी नागरिकों के लिए समावेशिता और समानता सुनिश्चित करने के लिए देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। समावेशिता और सांस्कृतिक संरक्षण के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन में, हमने सुनिश्चित किया कि प्रक्रिया का कोई भी पहलू जारवा लोगों की गरिमा से समझौता नहीं करेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस उपलब्धि को हासिल करने में अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति (एएजेवीएस) की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसने सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और सम्मानजनक तरीके से चुनावी प्रक्रिया के बारे में जारवा समुदाय के बीच जागरूकता पैदा कर इस प्रक्रिया को सुगम बनाया। एएजेवीएस ने आदिम जनजाति की पारंपरिक समझ के अनुरूप तरीके अपनाए, चुनावों के महत्व और समुदाय के विशिष्ट सांस्कृतिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाए बिना शासन को आकार देने में उनकी भूमिका को समझाया।

# भारत में एआई, क्लाउड क्षमता के विस्तार में तीन अरब डॉलर का निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट

- 2030 तक एक करोड़ लोगों को एआई का प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी

भाषा। बेंगलुरु



**माइक्रोसॉफ्ट के** चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने मंगलवार को कहा कि कंपनी भारत में अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग और कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमताओं के विस्तार के लिए तीन अरब डॉलर (करीब 25,700 करोड़ रुपए) का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी 2030 तक देश में एक करोड़ लोगों को एआई का प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। नडेला ने यहां प्रौद्योगिकी कंपनियों और स्टार्टअप इकाइयों के संस्थापकों तथा अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी 2030 तक भारत में एक करोड़ लोगों को एआई कौशल का प्रशिक्षण भी देगी। हाल ही में कई प्रौगिकी दिग्गजों ने भारत की यात्रा की है और अब इस सूची में नडेला का भी नाम जुड़ गया है। 1.4 अरब की आबादी वाला भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र में काफी प्रगति कर रहा है। चिप विनिर्माता एनवीडिया के प्रमुख जेनसेन हुआंग, एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज (एएमडी) की लिया सू और दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा के प्रमुख एआई वैज्ञानिक यान लेकून ने हाल ही में भारत की यात्रा की है। नडेला ने कहा कि भारत में तीन अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किसी भी देश में किया गया सबसे बड़ा विस्तार होगा। उन्होंने कहा, भारत में एआई की प्रसार दर बेहतरीन है। हालांकि, उन्होंने इस निवेश के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई। माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर ब्रांड नाम के तहत अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान करती है। इसके 60 से अधिक एज़्योर क्षेत्र हैं जिनमें 300 से अधिक डेटा सेंटर शामिल हैं। नडेला ने कहा, भारत में हम अपने सभी क्षेत्रों को लेकर उत्साहित हैं। हमारे पास मध्य भारत, दक्षिण भारत, पश्चिम भारत और दक्षिण-मध्य भारत है। हमारे पास वे क्षमताएं भी हैं, जिन्हें हमने जियो के साथ मिलकर विकसित किया है। हम क्षेत्रीय स्तर पर काफी विस्तार कर रहे हैं। नडेला ने फरवरी, 2024 में आखिरी बार भारत की यात्रा की थी। उस समय उन्होंने घोषणा की थी कि कंपनी 2025 तक देश में 20 लाख लोगों को एआई कौशल का अवसर प्रदान करेगी, जो छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित होगा। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की। नडेला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में कृत्रिम मेधा मिशन, भारत के बुनियादी ढांचे और उद्यमी महत्वाकांक्षाओं सहित कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भारत को कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता पर काम करने को लेकर उत्साहित हूं। नडेला की इस पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह भारत में माइक्रोसॉफ्ट महत्वाकांक्षी विस्तार तथा निवेश योजनाओं के बारे में जानकर खुश हैं।

## पीथमपुर में कार्बाइड अपशिष्ट के निपटान का विरोध करने वाले संगठन की नए सिरे से आंदोलन की चेतावनी

**धार (मध्यप्रदेश)।** मध्यप्रदेश के पीथमपुर क्षेत्र में यूनियन कार्बाइड अपशिष्ट के निपटान का विरोध करने वाले एक स्थानीय संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर राज्य सरकार अपनी योजना पर आगे बढ़ती है तो वे उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे या फिर नया आंदोलन शुरू करेंगे।धार जिले के एक बड़े औद्योगिक केंद्र पीथमपुर में पिछले सप्ताह हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे, जब भोपाल में बंद पड़ी फैक्ट्री से 337 टन खतरनाक अपशिष्ट को जलाने के लिए रामकी एनवायरो इकाई में लाया गया था।मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को राज्य सरकार को सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपशिष्ट के निपटान के लिए छह सप्ताह के भीतर कदम उठाने का निर्देश दिया।प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे पीथमपुर बचाओ समिति के संयोजक हेमंत हिरोले ने मंगलवार को दावा किया कि उच्च न्यायालय का आदेश स्थानीय लोगों की भावनाओं के अनुरूप है, जो नहीं चाहते कि शहर के आसपास के क्षेत्र में जहरीले अपशिष्ट को जलाया जाए।उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने इस बारे में कोई निर्देश नहीं दिया कि क्या सरकार को दिसंबर 1984 में गैस रिसाव त्रासदी के बाद 40 वर्षों से भोपाल में यूनियन कार्बाइड की बंद पड़ी कीटनाशक फैक्ट्री में पड़े कचरे के निपटान के लिए किसी अन्य स्थान का चयन करना चाहिए।हिरोले ने कहा कि स्थानीय लोग चाहते हैं कि कचरे को सुरक्षित और त्वरित परिवहन के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर कहीं और ले जाया जाए, जैसा कि भोपाल से 220 किलोमीटर दूर पीथमपुर में लाए जाने के समय बनाया गया था।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यदि सरकार फिर भी मनमानी करती है, तो हम उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे और न्याय की अपील करेंगे, या फिर पूरी ताकत से सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि वे तीन जनवरी को किए गए विरोध प्रदर्शन से भी बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे, लेकिन शहर के पास कचरे को जलाने नहीं देंगे।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला, बीएन जॉन के खिलाफ सभी आपराधिक मामले रद्द

**वाराणसी।** कैंटोनमेंट स्थित बंगला नंबर 12 के निवासी बी.एन.जॉन और उनकी पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ लंबित सभी आपराधिक मामलों को खारिज करते हुए न्याय का नया अध्याय लिखा। पत्रकारवार्ता में बी.एन.जॉन ने बताया कि वह एक छात्रावास के स्वामी और प्रबंधक हैं, जिसे एक गैर-सरकारी संगठन संपूर्ण डेवलपमेंट इंडिया के माध्यम से संचालित किया जाता है। यह संगठन वंचित बच्चों को आवास, शिक्षा, और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का कार्य करता है। उन्होंने खुलासा किया कि सैम अब्राहम और के.वी. अब्राहम ने व्यक्तिगत स्वार्थ और जमीन हड़पने की नीयत से उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कराए। इन मुकदमों में से चार में उन्हें पहले ही बरी किया जा चुका है। 3 जून 2015 को सैम अब्राहम के आवेदन पर अधिकारियों ने छात्रावास पर छापा मारा। आरोप लगाया कि छात्रावास किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रावधानों का पालन नहीं कर रहा है और बच्चों को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की। इसके बाद बी.एन.जॉन पर अधिकारियों पर हमले का झूठा आरोप लगाकर धारा 353 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। 20 जून 2015 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, वाराणसी की अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया। लेकिन बी.एन.जॉन ने इसे उच्च न्यायालय और बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। न्यायमूर्ति बी.वी.नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन.कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी आपराधिक कार्यवाहियों को रद्द करने का निर्देश दिया। फैसले के बाद बी.एन.जॉन ने कहा कि यह न्यायपालिका में हमारे अटूट विश्वास की जीत है। हमने लंबे समय तक झूठे आरोपों का सामना किया, लेकिन सत्य की हमेशा जीत होती है।

## तेलंगाना उच्च न्यायालय का केटीआर के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से इनकार

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को फॉर्मूला ई रेस मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया और उन्हें गिरफ्तारी से दी गई छूट को हटा दिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज मामले में राज्य सरकार और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने 31 दिसंबर को याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले अदालत ने आदेश सुनाए जाने तक एसीबी को, बीआरएस अध्यक्ष एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के बेटे रामा राव को गिरफ्तार करने से रोक दिया था। अदालत के वर्तमान आदेश में अब उन्हें गिरफ्तारी से मिली राहत हटा ली गई है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद रामा राव ने बीआरएस नेताओं और कानूनी सलाहकारों के साथ चर्चाएं कीं। बीआरएस के वरिष्ठ नेता टी. हरीश राव ने आरोप लगाया कि यह ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने ध्यान भटकाने की राजनीति के तहत एक गलत मामला थोपा है।

# कोर्ट ने आसाराम को चिकित्सा आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2013 के बलात्कार मामले में जेल में बंद आसाराम को मंगलवार को चिकित्सा आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने आसाराम को रिहाई के बाद अपने अनुयायियों से नहीं मिलने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 86 वर्षीय आसाराम हृदय रोग के अलावा उम्र संबंधी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित है। न्यायालय ने 2023 में गांधीनगर की एक अदालत द्वारा आसाराम को दी गई आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने की उसकी याचिका पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह इस मुद्दे की जांच केवल चिकित्सा आधार पर करेगा। गुजरात उच्च न्यायालय ने 29 अगस्त 2024 को आसाराम की सजा निलंबित करने के अनुरोध वाली याचिका को खारिज कर दिया था और कहा था कि उसे राहत देने का कोई मामला नहीं बनता है। निचली अदालत ने 2013 के एक मामले में आसाराम को जनवरी 2023 में दोषी ठहराया था।

## पटना में मुठभेड़ में दो अपराधी ढेर, एक पुलिसकर्मी घायल

पटना। पटना शहर के फुलवारीशरीफ इलाके में मुठभेड़ में दो अपराधी मारे गए और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया पटना के नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) शरत आर एस ने पीटीआई-भाषा को मंगलवार को बताया कि यह मुठभेड़ कल रात फुलवारीशरीफ थाने के अंतर्गत हिंदुनी इलाके में हुई। पुलिस ने अपराधियों के एक साथी को भी गिरफ्तार किया है। मृतकों की पहचान विवेक और लाल दहिन के रूप में हुई है, जो नालंदा जिले के निवासी हैं।शरत आर एस ने कहा, आसूचना संकलन के क्रम में बीती रात्रि फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के हिन्दुनी गांव में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की नीयत से लूट, सेंधमारी, चोरी इत्यादि घटनाओं में संलिप्त कुछ अपराधियों के इकट्ठा होने की सूचना मिली थी। उक्त सूचना पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संयुक्त थाना की टीम ने छापेमारी की। पुलिस को देखकर उपस्थित अपराधियों द्वारा पुलिस पर गोलीबारी की गई, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया।उन्होंने कहा कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो अपराधी जख्मी हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के क्रम में दोनों ने दम तोड़ दिया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मृत अपराधियों के खिलाफ हत्या एवं अन्य कई गंभीर आरोपों में मामले दर्ज थे।। कार्वाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से दो पिस्टल और एक पिक-अप वाहन को जप्त किया गया है।

# सरपंच की हत्या के विरोध में लातूर जिले में चक्का जाम

**लातूर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के विरोध में एक स्थानीय संगठन ने मंगलवार को चक्का जाम किया। लातूर शहर के पांच स्थानों तथा जिले के महालांगरा, चाकूर नितपुर, बोरगांव काले, बुधोडा, औसा, अहमदपुर और महापुर में प्रदर्शन किया गया। सर्वपक्षीय नागरिक मंच ने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चक्का जाम का आह्वान किया था, लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप किए जाने के बाद दोपहर एक बजे प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने सरपंच की हत्या के मामले में राज्य सरकार की कथित उदासीनता के खिलाफ नारे लगाए और मांग की कि यदि देशमुख की हत्या में महाराष्ट्र के मंत्रियों धनंजय मुंडे और पंकजा मुंडे की संलिप्तता पाई जाती है तो उन्हें पद से हटा दिया जाए। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की अध्यक्षता वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता धनंजय मुंडे भी शक के दायरे में हैं क्योंकि उनके करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या से संबंधित जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। बीड जिले के मसाजोग के सरपंच देशमुख को नौ दिसंबर को कथित तौर पर कुछ लोगों द्वारा पनचक्की परियोजना का संचालन कर रही एक कंपनी से जबरन वसूली के प्रयास का विरोध करने को लेकर अपहृत कर लिया गया था और बाद में प्रताड़ित करने के पश्चात उनकी हत्या कर दी गई थी। धनंजय और उनकी चचेरी बहन एवं भाजपा नेता पंकजा मुंडे दोनों बीड से विधायक हैं।एक प्रदर्शनकारी उदय गवारे ने बताया, अगर सरकार ने सख्त कार्वाई नहीं की तो धनंजय मुंडे के पराली स्थित आवास के सामने धरना दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने जिला अधिकारियों को अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने सरपंच की हत्या में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी, देशमुख परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और सुरक्षा, गवाहों की सुरक्षा और आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। उन्होंने सोमनाथ सूर्यवंशी के परिजनों को भी 50 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की मांग की है। दरअसल, परभणी में संविधान की प्रतिकृति के साथ तोड़फोड़ के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए लोगों में सूर्यवंशी भी शामिल थे, लेकिन हिरासत के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस बीच, बीड से राकांपा (शरदचंद्र पवार) सांसद बजरंग सोनवणे ने कहा कि अगर देशमुख की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी पुलिस को जानकारी नहीं दे रहे हैं तो उन्हें जनता के हवाले कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने बीड शहर में संवाददाताओं से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह घटना (हत्या) 9 दिसंबर को हुई, लेकिन अभी भी एक आरोपी फरार है।

## महाराष्ट्र सरकार को मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग पर विचार करना चाहिए : सुले



**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बीड जिले के एक सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में संवेदनशीलता दिखानी चाहिए और मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग पर विचार करना चाहिए। बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का नौ दिसंबर को अपहरण कर लिया गया था। उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने एक पनचक्की परियोजना संचालित करने वाली ऊर्जा कंपनी से धन उगाही के प्रयास को विफल करने का प्रयास किया था। पुलिस ने अबतक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मुंडे के सहयोगी वाल्मीक कराड को भी घटना से संबंधित जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है।सुले ने बारामती में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आम लोगों में यह मांग और भावना है कि (मुंडे का) इस्तीफा लिया जाना चाहिए। राज्य सरकार को इस बारे में संवेदनशीलता से सोचना चाहिए। जब आदर्श घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण पर आरोप लगे थे, तो उन्होंने नैतिक आधार पर अपना इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार को तय करना है कि क्या करना है।सुले ने कहा कि यह घटना पिछले महीने से ही सुर्खियों में है। उन्होंने कहा, कम से कम देशमुख की बेटी के आंसू देखने के बाद सरकार को कुछ संवेदनशीलता दिखानी चाहिए, जो अपने पिता के लिए न्याय मांग रही है। राकांपा (एसपी) सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## महिला सशक्तीकरण के लिए राजस्थान मरु उड़ान पहल शुरू होगी

जयपुर। राजस्थान सरकार महिलाओं की व्यावहारिक जरूरतों पर केंद्रित अनूठी महिला सशक्तीकरण पहल मरु उड़ान नौ जनवरी से पूरे राज्य में शुरू करेगी। बाड़मेर की जिला कलेक्टर टीना डाबी ने गत वर्ष नवंबर में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक नई पहल मरु उड़ान शुरू की थी। महिला अधिकारिता विभाग की आयुक्त नीतू राजेश्वर ने इस बारे में आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, कार्यक्रम की उपयोगिता और प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इसे नौ जनवरी से राजस्थान के सभी जिलों में राजस्थान मरु उड़ान नाम से शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उद्योग, पुलिस, परिवहन, कृषि एवं बागवानी, शिक्षा सहित विभिन्न विभाग हिस्सा लेंगे। योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, संबंधित कार्यक्रमों और गतिविधियों का व्यय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बजट से किया जा सकेगा। इसके अलावा आवश्यकतानुसार कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत सहयोगी का निर्धारण करके वित्तीय सहायता ली जा सकेगी।

## एसबीआई ने निवेशक शिक्षा व जागरूकता पहल की

नई दिल्ली। पहले जहां पारंपरिक निवेश विकल्प ही सबसे भरोसेमंद माने जाते थे, वहीं आज सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए म्यूचुअल फंड एक मजबूत और आसान विकल्प बन गए हैं।आज के दौर में, जब वित्तीय स्थिरता और संपत्ति का निर्माण बहुत महत्वपूर्ण हो गया है, सीमित संसाधनों से शुरुआत करना चुनौतीपूर्ण लग सकता है। लेकिन एसआईपी इस चुनौती का बेहतरीन समाधान है। यह न केवल आसान और सुलभ है, बल्कि लंबे समय में आपकी पूंजी को प्रभावी ढंग से बढ़ा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि आप हर महीने 5,000 रुपये का निवेश इक्विटी म्यूचुअल फंड में करते हैं, तो 12.62प्रतिशत की औसत वार्षिक रिटर्न के साथ 12 साल में यह निवेश 15.88 लाख रुपये से अधिक हो सकता है। और अगर आप इसी निवेश को 30 साल तक जारी रखते हैं, तो आपकी राशि 1.73 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। एसआईपी का यह जादू चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत और नियमितता का परिणाम है। यही वजह है कि छोटी शुरुआत भी समय के साथ बड़े वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करती है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 8 जनवरी, 2025



# भारत, अमेरिका को साझेदारी में काम करने की जरूरत

● विश्वसनीय आधार बनाने के लिए जरूरी

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और उनके भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के बीच बैठक के बाद व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने कहा कि भारत और अमेरिका को अब अपने साझेदारों के साथ एक विश्वसनीय आधार बनाने और नवोन्मेष के वास्ते लचीला रुख अपनाने के लिए पहले से कहीं अधिक काम करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस ने कहा, यह स्वीकार करते हुए कि हमें अपने साझेदारों के साथ एक विश्वसनीय आधार बनाने और और नवोन्मेष के वास्ते लचीला रुख अपनाने के लिए पहले से कहीं अधिक काम करने की जरूरत है, दोनों देशों ने अपनी प्रौद्योगिकी और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं को एकीकृत करने के लिए एक साथ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर सुलिवान और डोभाल ने 2022 में क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) पर पहल शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस सप्ताह सुलिवन, डोभाल के साथ बैठक करने के लिए भारत की यात्रा पर गए थे। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भी बैठक की। व्हाइट हाउस ने कहा, बैठक के दौरान, सुलिवन और डोभाल ने रणनीतिक प्रौद्योगिकियों का संयुक्त रूप से उत्पादन और विकास करने के हमारे प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया, जो हमें दुनिया के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और किफायती प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने की अनुमति देगा।

## अमेरिकी कांग्रेस सदस्य सुहास सुब्रमण्यन ने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली



**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस सदस्य सुहास सुब्रमण्यन ने गीता पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। इस साल वह अकेले ऐसे सांसद हैं जिन्होंने हिन्दुओं के पवित्र धार्मिक ग्रंथ भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली है। सुब्रमण्यन वर्जीनिया से पहले भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य हैं और उनके शपथ लेने के दौरान उनकी मां भी मौजूद थीं। शपथ ग्रहण के बाद सुब्रमण्यन ने एक बयान में कहा, मेरे माता-पिता ने मुझे वर्जीनिया से पहले भारतीय-अमेरिकी सांसद के रूप में शपथ लेते देखा। उन्होंने कहा, अगर आपने मेरी मां को भारत से डलेस हवाई अड्डे पर उतरने पर यह बताया होता कि उनका बेटा अमेरिकी कांग्रेस (संसद) में वर्जीनिया का प्रतिनिधित्व करने वाला है, तो शायद वह आप पर विश्वास न करतीं। वर्जीनिया का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला, इसके लिए मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में निर्वाचित पहली अमेरिकी हिन्दू तुलसी गबार्ड (43) पहली ऐसी सांसद हैं जिन्होंने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली थी। उन्होंने पहली बार तीन जनवरी 2013 को हवाई के कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिनिधि सभा की सदस्य के रूप में शपथ ली थी।गबार्ड ने किशोरावस्था में ही हिंदू धर्म अपना लिया था।

# जस्टिन ट्रूडो की जगह कौन लेगा?

भाषा। टोरंटो



**कनाडा के** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी पार्टी तथा देश की जनता के बीच घटते समर्थन को देखते हुए सोमवार को पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। अब ट्रूडो की लिबरल पार्टी को एक नया नेता ढूंढना होगा जिसे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडाई वस्तुओं पर भारी कर लगाने की धमकियों से निपटना भी होगा। इसके अलावा कनाडा में चुनाव भी कुछ ही महीनों में होने हैं। ट्रूडो ने सोमवार को कहा कि पार्टी के नए नेता के चुने जाने तक उनकी प्रधानमंत्री पद पर बने रहने की योजना है।वह वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के पिछले महीने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद उबर नहीं पाए जो लंबे समय से उनकी वफादार और सबसे प्रभावी मंत्रियों में से एक थीं। कनाडा के सबसे प्रसिद्ध प्रधानमंत्रियों में से एक रहे पियरे ट्रूडो के 53 वर्षीय बेटे जस्टिन ट्रूडो की लोकप्रियता, खाद्य और आवास की बढ़ती लागत तथा बढ़ते आव्रजन सहित कई मुद्दों को लेकर मतदाताओं के बीच काफी घट गई है। कनाडा के लिए आगे क्या है?ट्रंप के 20 जनवरी को शपथ लेने से पहले किसी नए कनाडाई नेता के नाम की घोषणा होने की संभावना नहीं है। यह राजनीतिक उथल-पुथल कनाडा के लिए एक कठिन समय पर आई है। ट्रंप कनाडा को 51वां राज्य कहते रहते हैं और उन्होंने धमकी दी है कि अगर सरकार ने अमेरिका में प्रवासियों और नशीले पदार्थों के प्रवाह को नहीं रोका तो वह सभी कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत कर लगा देंगे। हालांकि मैक्सिको की तुलना में कनाडा से बहुत कम लोग सीमा पार करते हैं। उन्होंने मैक्सिको पर भी कर लगाने की धमकी दी है अगर ट्रंप कर लगाते हैं तो व्यापार युद्ध की आशंका है। कनाडा ने जवाबी कार्वाई करने का संकल्प लिया है। नया प्रधानमंत्री कब मिलेगा ?लिबरल पार्टी को 24 मार्च को संसद सत्र के पुनः शुरू होने से पहले एक नया नेता चुनना होगा, क्योंकि तीनों विपक्षी दलों का कहना है कि वे पहला मौका मिलते ही अविश्वास प्रस्ताव लाकर लिबरल पार्टी की सरकार को गिरा देंगे, जिसके बाद चुनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। ऐसे में नए प्रधानमंत्री के ज्यादा समय तक पद पर रहने की संभावना नहीं है। वसंत ऋतु में चुनाव होने से विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी को बहुत अधिक लाभ होने की उम्मीद है।अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? आम तौर पर ऐसा देखने को नहीं मिलता कि किसी केंद्रीय बैंक के गवर्नर का प्रभाव किसी रॉकस्टार सरीखा हो।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति अगले सप्ताह चीन की यात्रा करेंगे

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायक 14 जनवरी से चीन की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे।सरकारी प्रवक्ता एवं मंत्री नलिंदा जयतिस्सा ने यहां कहा कि यह यात्रा श्रीलंका-चीन संबंधों के 68 साल पूरे होने का प्रतीक है। दिसानायक ने 21 सितंबर को पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद दिसंबर में उन्होंने भारत का दौरा किया, जो पदभार ग्रहण करने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा थी। भारत के बाद अब वह चीन की यात्रा पर जा रहे हैं।राष्ट्रपति के साथ विदेश मंत्री विजिता हेराथ और परिवहन मंत्री बिमल रथनायक भी यात्रा पर रहेंगे।

## कॉयनस्विच केयर्स शुरू करेगा रिकवरी प्रोग्राम

नोएडा। करोड़ से अधिक यूजर्स के लिए भारत के अग्रणी क्रिप्टो प्लेटफॉर्म कॉयनस्विच ने रु 600 करोड़ के रिकवरी प्रोग्राम 'कॉयनस्विच केयर्स' की घोषणा की है, जो जुलाई 2024 के कथित वीरएक्स साइबर अटैक से प्रभावित यू?र्स की मदद के लिए रिकवरी प्रोग्राम है।हमारा यह प्रोग्राम निवेशकों के खोए भरोसे को लौटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।'' आशीष सिंघल, सह-संस्थापक, कॉयनस्विच ने कहा। यह धनराशि दो साल की अवधि के लिए निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य यूजर्स के नुकसान की भरपाई करना और साथ ही भारतीय क्रिप्टो कम्युनिटी के विकास को सुनिश्चित करना है। इस पहल के माध्यम से प्रभावित यूजर अपने नुकसान की भरपाई कर सकते हैं, रिवॉर्ड्स अर्न कर सकते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ मार्केट में फिर से प्रवेश कर सकते हैं। 'हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यूजर मार्केट के मौजूदा अवसरों से चूक न जाएं और अपने क्रिप्टो को जल्द से जल्द काम पर लगाएं। इससे न सिर्फ उनके नुकसान की भरपाई बल्कि ट्रेडिंग से कमाई की संभावना भी बढ़ेगी सिंघल ने कहा।

## 150 केंद्रों का ऑफलाइन नेटवर्क बना देंगे शिक्षा

**कोटा।** कोटाके वार्षिक कार्यक्रम दिशा 2025 के दौरान छात्रों के बीचए फिजिक्सवाला के संस्थापक और सीईओए अलख पांडे ने कहा कि शिक्षकों के रूप में, यह देखना हमारे लिए बेहद दुखद है जब छात्र निराश होकर कठोर कदम उठाते हैं। हम उनकी आशा बनना चाहते हैं। आज मैं आप सभी से निवेदन करता हूं, हमारे साथ इस प्रयास में जुड़ें ताकि हम आपदाओं को टाल सकें। इसके अलावाए उन्होंने 20 जनवरी 2025 तक सभी ऑफलाइन बैचों पर आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 30 प्रतिशत छूट की घोषणा भी की। वर्तमान में फिजिक्सवाला भारत के 20 राज्यों में 150 से अधिक विद्यापीठ और पाठशाला केंद्र खोल चूका है। इनमें से लगभग दस केंद्रों में विद्यापीठ रेजिडेंशियल प्रोग्राम भी उपलब्ध है। शैक्षणिक वर्ष 2025.26 के लिएए पीडब्लू ने कई नए शहरों में केंद्र खोलकर अपने ऑफलाइन नेटवर्क का विस्तार किया है।

## अटलांटा के पास होंडुरास वाणिज्य दूतावास में गोलीबारी, एक की मौत

डोराविले। अटलांटा के बाहरी इलाके में स्थित होंडुरास वाणिज्य दूतावास में सोमवार को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। मैक्सिको के विदेश मामलों के सचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि इस गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति मैक्सिको का नागरिक था जो वाणिज्य दूतावास में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था।शहर की प्रवक्ता एमिली हिनान ने बताया कि डोराविले पुलिस को दोपहर करीब ढाई बजे गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने पाया कि दो लोगों को गोली लगी है।

## हसीना की ब्रिटिश सांसद भतीजी ने आरोपों के बीच भ्रष्टाचार-रोधी निगरानी संस्था के सामने अपना पक्ष रखा

**लंदन।** बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व नेता शेख हसीना की भतीजी और आर्थिक मामलों की मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक ने लंदन में संपत्तियों के उपयोग को लेकर आरोपों के बीच सोमवार को ब्रिटिश प्रधानमंत्री के मंत्रियों के हितों संबंधी स्वतंत्र सलाहकार के समक्ष अपना पक्ष रखा।सिद्दीक अपनी बहन अजमीना द्वारा दिए गए उत्तरी लंदन के फ्लैट के इस्तेमाल को लेकर ब्रिटेन में खबरों में हैं। मध्य लंदन में एक दूसरी संपत्ति को लेकर भी वह चर्चा में हैं जिसके बारे में कहा जाता है कि वह हसीना की पार्टी अवामी लीग से जुड़े एक व्यवसाई द्वारा सिद्दीक को दिया गया है।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने आरोपों के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा,"ट्यूलिप सिद्दीक ने स्वतंत्र सलाहकार के पास अपना पक्ष रखकर पूरी तरह से उचित काम किया है। मुझे उन पर भरोसा है, और यही प्रक्रिया अब आगे होगी। प्रधानमंत्री के मंत्रियों के लिए आचार संहिता संबंधी स्वतंत्र सलाहकार सर लॉरी मैग्नस अब दावों की जांच करेंगे। निगरानी संस्था को लिखे अपने पत्र में सिद्दीक ने किसी भी गलत काम से इनकार किया और कहा कि वह सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिद्दीक ने अपने पत्र में कहा,"हाल के दिनों में मेरे वित्तीय मामलों और बांग्लादेश की पूर्व सरकार से मेरे परिवार के संबंधों के बारे में मीडिया में बहुत सी गलत खबरें छपी हैं।

# दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी को राष्ट्रपति यून को हिरासत में लेने के लिए नया वारंट मिला

भाषा। सियोल



**दक्षिण कोरिया की** भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी ने कहा है कि उसे महाभियोग के जरिए अपनी शक्ति खो चुके राष्ट्रपति यून सुक एओल को हिरासत में लेने के लिए न्यायालय से नया वारंट मिल गया है। राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने पिछले सप्ताह यून को हिरासत में लेने के एजेंसी के प्रयास पर पानी फेर दिया था। उच्च पदस्थ अधिकारियों से संबंधित भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने मंगलवार को तुरंत इस बात की पुष्टि नहीं की कि वारंट कितने समय तक वैध रहेगा। सीआईओ ने राष्ट्रपति के तीन दिसंबर के अल्पकालिक मार्शल लॉ का आदेश जारी करने जैसे बगावत के आरोपों को लेकर यून से पूछताछ की योजना बनाई है। सांसदों के यह पूछने पर कि वारंट की अवधि कब समाप्त होगी, एजेंसी के मुख्य अभियोजक ओह डोंग-वून ने उत्तर देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी जानकारी संवेदनशील होती है, क्योंकि एजेंसी और पुलिस संबंधित वारंट पर अमल करने के तरीकों पर विचार कर रही है। हिरासत वारंट आमतौर पर सात दिनों की होती है लेकिन इसे 10 दिनों के लिए बढ़ाया जा सकता है। सियोल पश्चिमी जिला अदालत ने पिछले सप्ताह के शुरू में यून को हिरासत में लेने के लिए वारंट जारी किया था और उनके आवास की तलाशी के लिए एक अलग वारंट जारी किया था, क्योंकि उन्होंने तीन दिसंबर के मार्शल लॉ आदेश पर पूछताछ के लिए उपस्थित होने से इनकार करके अधिकारियों के आदेश की अवहेलना की थी। भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी के लगभग 150 जांचकर्ताओं और सहायक पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यून को हिरासत में लेने का प्रयास किया, लेकिन राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के साथ पांच घंटे से अधिक समय तक चले तनावपूर्ण गतिरोध के बाद वे सियोल में उनके निवास से वापस चले गए। जांचकर्ताओं ने सोमवार को पिछले वारंट की अवधि समाप्त होने से पहले यून को हिरासत में लेने का कोई और प्रयास नहीं किया। भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी और पुलिस ने यून को हिरासत में लेने के लिए और अधिक बलपूर्वक प्रयास करने का संकल्प लिया है। हालांकि यह तब तक एक जटिल प्रक्रिया हो सकती है जब तक वह (यून) अपने आधिकारिक निवास में रहते हैं। पुलिस और सेना के साथ संयुक्त जांच का नेतृत्व कर रही भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी यून के खिलाफ उन बगावतों के आरोपों की जांच कर रही है जिसके तहत उन्होंने मार्शल लॉ घोषित किया और संसद को घेरने के लिए सैनिकों को रवाना कर दिया। नाकेबंदी को पार करने में कामयाब रहे सांसदों ने कुछ घंटों बाद यून द्वारा जारी मार्शल लॉ के खिलाफ मतदान किया। संसद द्वारा चौदह दिसंबर को उन पर महाभियोग चलाने के लिए मतदान करने के बाद यून की राष्ट्रपति शक्तियों को निलंबित कर दिया गया। संवैधानिक न्यायालय ने इस बात पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है कि यून को औपचारिक रूप से पद से हटाया जाए या उन्हें बहाल किया जाए। अगर जांचकर्ता यून को हिरासत में लेने में कामयाब हो जाते हैं, तो वे औपचारिक गिरफ्तारी करने की अनुमति के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे अन्यथा उन्हें (यून को) 48 घंटे बाद रिहा कर दिया जाएगा। ओह ने सांसदों को बताया कि एजेंसी पुलिस के साथ इस बात पर विचार-विमर्श कर रही है कि अगर राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के सदस्य यून को हिरासत में लेने के प्रयासों में बलपूर्वक बाधा डालते हैं तो उन्हें गिरफ्तार किया जाए या नहीं।

# इजराइली सेना के हमलों में तीन फलस्तीनियों की मौत

भाषा। यरुशलम



**इजराइल की** सेना ने कब्जे वाले पश्चिमी तट पर रात भर और मंगलवार को कई हमले किए, जिसमें फलस्तीन के तीन नागरिकों की मौत हो गई। इजराइली सेना ने बताया कि उत्तरी पश्चिमी तट के गांव तमुन में कुछ फलस्तीनियों ने सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसके बाद किए गए हवाई हमले में फलस्तीन के दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। उसने बताया कि निकटवर्ती गांव तालुजा में हुई मुठभेड़ में एक अन्य आतंकवादी मारा गया, हालांकि इसमें इजराइली सेना का एक जवान भी घायल हो गया। सेना ने कहा कि उसने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से 20 से अधिक संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। सेना ने बताया कि इससे एक दिन पहले पश्चिमी तट पर इजराइली नागरिकों को ले जा रही एक बस पर बंदूकधारियों ने गोलीबारी की थी, जिसमें दो महिलाओं और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी।

## असद के पतन के बाद पहली वाणिज्यिक उड़ान सीरिया की धरती पर उतरी

**दमिश्क।** सीरिया के तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल करने की घटना के करीब एक महीने बाद पहली अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक उड़ान मंगलवार को दमिश्क हवाई अड्डे पर उतरी। यह विमान कतर से सीरिया पहुंचा। जॉर्डन की सरकारी समाचार एजेंसी पेट्रा की खबर के मुताबिक, रॉयल जॉर्डन एयरलाइंस का एक विमान परीक्षण उड़ान के तहत दमिश्क के लिए रवाना हुआ है। नागरिक उड्डयन नियामक आयोग के प्रमुख कैप्टन हैथम मिस्तो अन्य विशेषज्ञों की एक टीम के साथ विमान में सवार थे। उन्होंने कहा कि इस उड़ान का उद्देश्य नियमित उड़ानें पुनः शुरू करने से पहले दमिश्क हवाई अड्डे की तकनीकी स्थिति का आकलन करना था।करीब एक महीने पहले विद्रोहियों ने असद को अपदस्थ कर दमिश्क पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद पूर्ववर्ती सरकार से राजनयिक संबंध तोड़ चुके अरब और पश्चिमी देश नए पदाधिकारियों के साथ राजनयिक संबंध धीर-धीरे बहाल कर रहे हैं। असद के पतन के बाद स्थापित सरकार का नेतृत्व इस्लामवादी विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम या एचटीएस कर रहा है। सीरिया के नए विदेश मंत्री असद अल-शिबानी ने हाल के दिनों में कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की है। असद को अपदस्थ किए जाने से पहले सीरिया करीब 14 साल तक गृह युद्ध से जूझता रहा और उम्मीद है कि उसके पुनर्निर्माण के लिए खाड़ी देशों द्वारा वित्तपोषण अहम साबित होगा।

# बाइडन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की कोशिश कर रहे : ट्रंप



भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया कि जो बाइडन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अंतिम सप्ताहों में जलवायु और अन्य आधिकारिक मसलों पर बाइडन के हालिया कार्यकारी आदेशों का हवाला दिया। ट्रम्प, 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में बाइडन की जगह लेंगे। ट्रंप ने खुद के सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, बाइडन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए इस तरह के फैसले लिए जा रहे हैं जो पहले कभी नहीं देखे गए। ग्रीन न्यू स्कैम , धन की बर्बादी के फैसले और हास्यास्पद कार्यकारी आदेश इसके उदाहरण हैं। ट्रंप ने कहा, डरो मत, ए सभी आदेश जल्द ही समाप्त हो जाएंगे, और हम सामान्य समझ तथा ताकत वाला देश बन जाएंगे। कांग्रेस (अमेरिकी संसद) द्वारा ट्रंप की जीत की पुष्टि किए जाने से कुछ पहले और बाइडन के अमेरिका के अधिकांश तटरेखा पर तेल तथा प्राकृतिक गैस के लिए खुदाई पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद उनका यह बयान आया।

## ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने का प्रस्ताव दोहराया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के कुछ समय बाद सोमवार को कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने का अपना प्रस्ताव दोहराया। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने नेतृत्व के प्रति बढ़ते असंतोष के मद्देनजर सोमवार को पद से इस्तीफे की घोषणा की। इस साल कनाडा में आम चुनाव होने हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा कि जब तक पार्टी नया नेता नहीं चुन लेती, तब तक वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे। ट्रंप, पांच नवंबर को अपनी चुनावी जीत के बाद मार-ए-लागो में ट्रूडो से मुलाकात के बाद से ही कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने का विचार व्यक्त करते रहे हैं। उसके बाद से वह कई बार अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसका जिक्र कर चुके हैं। ट्रंप के पिछले कार्यकाल (2017-2021) के दौरान भी ट्रूडो के साथ उनके कभी अच्छे संबंध नहीं रहे।ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, कनाडा में भी बहुत से लोग अपने देश को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने के इच्छुक हैं। अमेरिका अब उन भारी व्यापार घाटे और सब्सिडी को वहन नहीं कर सकता है जिनकी कनाडा को अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए जरूरत है। जस्टिन ट्रूडो को यह पता था और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। ट्रूडो के इस्तीफे के बाद सोमवार को ट्रंप ने कहा, अगर कनाडा अमेरिका का हिस्सा बन जाता है तो कोई कर नहीं होगा, कर बहुत कम हो जाएंगे और वे रूसी और चीनी जहाजों के खतरे से पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे जो लगातार उन्हें घेरे रहते हैं। साथ मिलकर, यह कितना महान देश बनेगा। कनाडा की ओर से ट्रंप के प्रस्ताव पर कोई तवज्जो नहीं दी गई है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर कनाडा अमेरिका के साथ अपनी दक्षिणी सीमा से मादक पदार्थ तस्करी और अवैध प्रवासियों की घुसपैठ को नहीं रोकता है तो कनाडाई आयात पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाएगा।

## शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेगा भारतीय अमेरिकी ढोल बैंड समूह

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने के बाद आयोजित होने वाली परेड में शामिल होने के लिए एक भारतीय अमेरिकी ढोल बैंड को आमंत्रित किया गया है। यह परेड कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) से व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास एवं कार्यालय) तक निकाली जाएगी। सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि टेक्सास स्थित भारतीय पारंपरिक ढोल बैंड समूह शिवम ढोल ताशा पाठक अपनी जीवंत ताल और जोशीले धुन के साथ वाशिंगटन में इस कार्यक्रम के दौरान दुनिया को भारत की समृद्ध संगीत परंपराओं की एक झलक पेश करेगा, जिसे विश्व भर में लाखों लोग देखेंगे।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया इलाज के लिए लंदन रवाना होंगी

ढाका। बांग्लादेश की बीमार पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया इलाज के लिए मंगलवार रात लंदन रवाना होंगी। जिया के सहयोगियों ने यह जानकारी दी। जिया ऐसे समय में लंदन जा रही है, जब अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए जन आंदोलन के बाद उनकी धुर विरोधी शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था और उसके बाद से बांग्लादेश अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर अनिश्चितता से जूझ रहा है। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार देश चला रही है और उसकी दिसंबर 2025 में या अगले साल की पहली छमाही में चुनाव कराने की योजना है। जिया को हसीना के शासनकाल में भ्रष्टाचार के दो मामलों में 17 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। ए मामले उस समय के हैं, जब जिया प्रधानमंत्री थीं।

## मेटा ने फैक्ट चेक की जगह एक्स शैली के कम्युनिटी नोट का इस्तेमाल शुरू किया

**न्यूयॉर्क।**फेसबुक और इंस्टाग्राम के मालिक मेटा ने मंगलवार को कहा कि वह तीसरे पक्ष को शामिल कर फैक्ट-चैक (तथ्यों की जांच) करने के अपने कार्यक्रम को समाप्त कर रहा है और इसकी जगह उपयोगकर्ताओं द्वारा लिखे गए कम्युनिटी नोट्स कार्यक्रम को ला रहा है, जो एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच एक्स द्वारा इस्तेमाल किए गए मॉडल के समान है।मेटा स्वतंत्र तीसरे पक्षों की संलिप्तता वाले अपने फैक्ट चेक कार्यक्रम को समाप्त करने की शुरुआत अमेरिका से करेगा। कंपनी ने कहा कि उसने कार्यक्रम को समाप्त करने का फैसला इसलिए किया, क्योंकि तथ्यों की जांच करने वाले विशेषज्ञों के अपने पूर्वाग्रह हैं और बहुत अधिक सामग्री की तथ्य जांच के दायरे में आ गई है। इसके बजाय, कम्युनिटी नोट्स मॉडल का इस्तेमाल किया गया। मेटा के वैश्विक मामलों के मुख्य अधिकारी जोएल कपलान ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, हमने इस तरीके को एक्स पर काम करते देखा है – जहां वे अपने समुदाय को यह तय करने का अधिकार देते हैं कि पोस्ट संभावित रूप से भ्रामक हैं और उन्हें अधिक संदर्भ की आवश्यकता है।

## पीबीपार्टनर्स ने बिलबोर्ड अभियान शुरू किया

मुंबई। पीबीपार्टनर्स ने हाल ही में एक बिलबोर्ड अभियान शुरू किया है, जो लखनऊ, वाराणसी और पटना में टॉप परफार्मेंस देने वाले एजेंट पार्टनर्स, जो अलग-अलग बिजनेस यूनिट्स (जीवन, मोटर, स्वास्थ्य) में कार्यरत है, उनपर रोशनी डालेगा।ये बिलबोर्ड उच्च-ट्रैफिक क्षेत्रों में बड़े ही रणनीतिक रूप से लगाए गए हैं, जो दिग्गज एजेंट पार्टनर्स की कामयाबी का उत्सव तो मनाते हैं, साथ ही एजेंट पार्टनर्स समुदाय को सशक्त करने की पीबीपार्टनर्स की प्रतिबद्धता को भी उजागर करते हैं। इस पहल से एक तीर से दो निशाने लगते हैं, यानी दो मकसद पूरे होते है। पहला एजेंट पार्टनर्स की कड़ी मेहनत को पहचान मिलना और दूसरा समुदाय के अन्य सदस्यों में बेहतर प्रदर्शन और सफलता प्राप्त करने के जोश को जगना। इस अभियान के बारे में बात करते हुए पीबीपार्टनर्स के को-फाउंडर ध्रुव सरीन ने एजेंट पार्टनर्स को पहचानने और सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, पीबीपार्टनर्स में हम मानते हैं कि हमारे एजेंट पार्टनर्स हमारी सफलता के पीछे सबसे बड़ी ताकत हैं। हम उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए तहे दिल से आभार प्रकट करते हैं।

## सिंगापुर ने ठगी के संभावित पीड़ितों की सुरक्षा के लिए विधेयक पारित किया

**सिंगापुर।** सिंगापुर ने मंगलवार को एक नया विधेयक पारित किया, जिसके तहत पुलिस को बैंकों को ठगी के पीड्तिों के बैंकिंग लेनदेन को प्रतिबंधित करने का आदेश देने की शक्ति प्रदान की गई है।सिंगापुर की गृह और सामाजिक एवं पारिवारिक विकास राज्य मंत्री सन जुएलिंग ने संसद में विधेयक को दूसरी बार पेश करते हुए कहा कि धोखाधड़ी करने वालों से सुरक्षा के लिए विधेयक द प्रोटेक्शन फ्रॉम स्कैम बिल ऐसे समय में लाया गया है जब धोखाधड़ी सिंगापुर में एक"गंभीर चिंतौ बनी हुई है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के मुताबिक, मंत्री ने कहा, यह विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ है, जो पुलिस को निर्णायक रूप से कार्य करने और धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ हमारे उपायों में कमी को दूर करने की अनुमति देता है। विधेयक पुलिस और वाणिज्यिक मामलों के विभाग सहित निर्दिष्ट अधिकारियों को बैंकों को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने की अनुमति देगा।

## लोपेज और बेन एफ्लेक के बीच तलाक को लेकर सहमति बनी, न्यायाधीश से मंजूरी का अनुरोध

लॉस एंजिलिस। अमेरिकी अभिनेत्री, गायिका एवं फिल्म निर्माता जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक के बीच तलाक को लेकर सहमति बन गई है और दोनों ने न्यायाधीश से उनके तलाक को मंजूरी देने का अनुरोध किया है। लोपेज ने सोमवार को लॉस एंजिलिस सुपीरियर कोर्ट में दस्तावेज दाखिल किए जिनसे पता चलता है कि दंपति ने तलाक के लिए आवेदन करने के लगभग एक महीने बाद सितंबर में मध्यस्थता के माध्यम से अपने तलाक का निपटारा कर लिया था। हालांकि, ज्यादातर वित्तीय विवरण सार्वजनिक रूप से दर्ज नहीं किए गए लेकिन लोपेज या एफ्लेक में से कोई भी एक-दूसरे को भरण-पोषण नहीं देगा। तलाक होने के बाद लोपेज अपने कानूनी नाम से एफ्लेक शब्द हटा देंगी। इस सुपरस्टार जोड़ी ने जुलाई 2022 में विवाह किया था। लोपेज ने अगस्त 2024 में तलाक के लिए अर्जी दी थी।

## पाकिस्तान में 22,000 से अधिक नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में नेशनल असेंबली की एक समिति को सूचित किया गया कि देश के 22,000 से अधिक नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नेशनल असेंबली पाकिस्तानी संसद का निचला सदन है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, आंतरिक मामलों से संबंधित नेशनल असेंबली की स्थाई समिति की सोमवार को राजा खुर्म नवाज़ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने इस चलन पर चिंता जताई और खासकर नौकरशाहों, न्यायाधीशों और सांसदों के लिए इस चलन को प्रतिबंधित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। बैठक में प्रस्तावित कानून पर विचार-विमर्श किया गया,।

# रोहित-कोहली का भविष्य चयनकर्ताओं पर निर्भर : गावस्कर

भाषा। सिडनी

**भारत के पूर्व** कप्तान सुनील गावस्कर ने पिछले छह महीनों में टीम के खराब प्रदर्शन की गहन समीक्षा करने की वकालत करते हुए कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य अब पूरी तरह से चयनकर्ताओं के हाथ में है। गावस्कर ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर चल रही बहस के संदर्भ में कहा, वे कितने समय तक टीम में रहेंगे यह वास्तव में चयनकर्ताओं पर निर्भर है। अब जबकि भारत डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा है तो उन कारणों पर विचार करना उचित होगा कि ऐसा क्यों हुआ। डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद यह पहली बार है जबकि भारत इसके फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। वह रविवार को समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से1-3 से हार के बाद फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। भारत को इस हार के कारण पिछले एक दशक में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से हाथ धोना पड़ा। उसकी पराजय का मुख्य कारण बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन रहा। रोहित और कोहली भारतीय बल्लेबाजी की कमजोर कड़ी साबित हुए। कोहली ने नौ पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए, जबकि रोहित ने पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए। गावस्कर ने टीम के बल्लेबाजों की बार-बार विफलता की ओर इशारा करते हुए कहा, यह स्पष्ट है कि पिछले छह महीनों में हमारी बल्लेबाजी विफल रही और यही मुख्य कारण था कि हम उन मैच में भी हार गए जो हमें जीतने चाहिए थे। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, इसलिए, अगर इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी के नए चक्र के लिए टीम में बदलाव की जरूरत है तो उम्मीद है कि चयनकर्ता इस बात पर गौर करेंगे कि 2027 में फाइनल तक कौन खिलाड़ी टीम में रहेगा और उसके अनुसार चयन करेंगे। गावस्कर ने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि घरेलू क्रिकेट में कुछ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अब उन्हें उचित मौका देने की जिम्मेदारी चयनकर्ताओं



पर है। जब तक उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा तो हमें कैसे पता चलेगा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे? गावस्कर ने नितीश कुमार रेड्डी जैसी प्रतिभा को सामने लाने के लिए चयन समिति की भी सराहना की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के जिन तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए उनमें रेड्डी भी शामिल थे। शतक लगाने वाले अन्य बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कोहली थे। उन्होंने कहा, नितीश कुमार रेड्डी में क्षमता देखने और उसे टेस्ट टीम में चुनने के लिए अजीत अगरकर और उनकी टीम को बधाई। गावस्कर ने गेंदबाजी के बारे में कहा कि भारत के पास पर्याप्त प्रतिभा है, जिसे अपेक्षित अवसर दिए जाने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ी पर जरूरत से ज्यादा बोझ न पड़े। उन्होंने कहा, भारत के पास कई होनहार तेज गेंदबाज हैं जो मौके का इंतजार कर रहे हैं। बुमराह पर ज्यादा बोझ नहीं डाला जाना चाहिए और अगर अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो हमारे पास एक ऐसा आक्रमण हो सकता है जो किसी भी परिस्थिति में मैच जीत सकता है। भारतीय क्रिकेट में स्टार खिलाड़ियों को सिर पर बिठाए रखने की संस्कृति रही है जिसे समय-समय पर बड़ी समस्या माना जाता है लेकिन गावस्कर ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए अपने पांव जमीन पर बनाए रखना मुश्किल काम नहीं है।

### शास्त्री व पोंटिंग ने शमी के चोट पर सवाल उठाए

**सिडनी।** मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए पूर्व दिग्गज रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग ने कहा कि अगर इस अनुभवी तेज गेंदबाज को पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के दूसरे भाग में टीम में शामिल किया जाता तो भारत का पलड़ा भारी हो सकता था। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में छह विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 31 से अपने नाम की और पिछले एक दशक में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती। शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद अपने गृह राज्य बंगाल के लिए तीनों प्रारूपों रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली टी20 और विजय हजारे वनडे में प्रभावशाली प्रदर्शन किया जिससे उनकी भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद बढ़ गई थी। लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने घुटने की सूजन का हवाला देते हुए मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले आधिकारिक तौर उनकी वापसी की संभावना को समाप्त कर दिया था। हालांकि पोंटिंग और शास्त्री दोनों का मानना है कि भारत को शमी को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाना चाहिए था।

# एशियाड स्वर्ण विजेता बहादुर सिंह सागू एएफआई अध्यक्ष चुने गए

भाषा। चंडीगढ़



**एशियाई** खेलों के स्वर्ण विजेता और गोला फेंक के पूर्व खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को यहां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लंबे समय से शीर्ष पद पर कार्यरत आदिल सुमरिवाला की जगह लेंगे। बुसान एशियाई खेल 2002 में गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने तथा 2000 और 2004 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 51 वर्षीय सागू को चार साल (2025 से 2029) के लिए इस पद पर चुना गया है। वह एएफआई एथलीट आयोग के सदस्य भी हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के निजी कारणों से अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाने के बाद सागू मैदान में एकमात्र उम्मीदवार बचे थे। अंजू को भी दूसरे कार्यकाल के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। जालंधर के रहने वाले सागू पंजाब पुलिस में कमांडेंट के पद पर कार्यरत हैं। एएफआई की दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक में उनके चुनाव को औपचारिक रूप दिया गया। सागू ने एशियाई खेल 2002 में पुरुषों के गोला फेंक में 19.03 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20.40 मीटर है। उन्हें पद्म श्री से भी सम्मानित किया जा चुका है। वह सीनियर चयन समिति के भी सदस्य हैं। सागू ने कहा, मुझे अध्यक्ष चुनने के लिए मैं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं। मैं एएफआई के मौजूदा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाऊंगा जो पहले से ही मजबूत हैं और अच्छे परिणाम दे रहे हैं। मेरी टीम और मैं भारतीय एथलेटिक्स को और भी आगे ले जाने के लिए सभी को साथ लेने की कोशिश करेंगे।

### भारत इस साल भाला फेंक की प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा

चंडीगढ़। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंगलवार को बताया कि भारत संभवतः इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है। इसमें 2029 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है।एएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने पुष्टि की कि भारत ने 2029 विश्व चैंपियनशिप और 2027 में होने वाली विश्व रिले प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है।

### स्मिथ, विलियमसन का पीएसएल से जुड़ने पर संदेह

कराची। स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन जैसे विदेशी बल्लेबाजों का पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के आगामी सत्र में शामिल होने की संभावना बेहद कम है जबकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस साल अप्रैल-मई में आयोजित होने वाली लीग में इंग्लैड के खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से मंजूरी का इंतजार है। डेविड वार्नर, आदिल राशिद, क्रिस वोक्स और मुस्तफिजूर रहमान जैसे दिग्गज 11 को खिलाड़ियों के ड्राफ्ट के दौरान प्लैटिनम श्रेणी में शामिल होंगे।

### भारतीय टीम दिव्यांगों की ट्रॉफी के लिए श्रीलंका रवाना

नई दिल्ली। शारीरिक रूप से दिव्यांगो की चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के लिए भारत की 17 सदस्यीय टीम मंगलवार को श्रीलंका रवाना हो गई। प्रथम श्रेणी के पूर्व क्रिकेटर और मुख्य कोच रोहित झलानी की देखरेख में जयपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के बाद टीम का चयन किया गया। श्रीलंका में 12 जनवरी से होने वाले टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम का सामना इंग्लैड, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसी मजबूत अंतरराष्ट्रीय टीमो से होगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के महासचिव रविकांत चौहान ने कहा, टीम को कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद चुना गया है।

### पाकिस्तान पर जुर्माना, पांच डब्ल्यूटीसी अंक कटे

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यूलैंड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियो पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया और टीम के पांच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक भी काटे। जून में लार्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा टेस्ट चार दिन के भीतर 10 विकेट से जीतकर दो मैच की श्रृखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि वेस्टइंडीज के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने यह जुर्माना तब लगाया जब समय की छूट को ध्यान मे रखने के बावजूद पाकिस्तान को निर्धारित समय मे पांच ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया।

### तुलसीमति ने पिता को समर्पित किया पुरस्कार

नई दिल्ली। जन्मजात विकृति और गहरे रंग के कारण सहपाठियो से एलियन का ताना सुनने वाली भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी तुलसीमति मुरुगेसन ने पेरिस पैरालंपिक मे रजत पदक जीतने के बाद अर्जुन पुरस्कारो की सूची में जगह बनाकर बचपन की अपनी कड़वी यादो को पीछे छोड़ दिया है। इस 22 साल की लड़की की कहानी अथक दृढ़ता की है जो दिहाड़ी मजदूरी करने वाले अपने पिता डी. मुरुगेसन के अटूट समर्थन से प्रेरित है। उनके पिता ने समाज के विरोध के बावजूद अपनी बेटियों (तुलसीमति और किस्ट्टीघा) को खेलो मे आगे बढ़ना जारी रखा।

### इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन में उतरेगा सबसे बड़ा भारतीय दल

नई दिल्ली। लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू की अगुवाई मे भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल 14 जनवरी से यहां शुरू होने वाले योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेगा। ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर एक शी युकी जैसे शीर्ष सितारो के साथ भारत के 21 खिलाड़ी इसमे भाग लेंगे। इसमें पुरुष एकल में तीन, महिला एकल मे चार, पुरुष युगल मे दो, महिला युगल मे आठ और मिश्रित युगल में चार जोड़ियां चुनौती पेश करेंगी।

# घर में सूपड़ा साफ होना बड़ी असफलता : युवराज

भाषा। दुबई

**विश्व कप** विजेता पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह का मानना है कि न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर सूपड़ा साफ होना भारतीय टीम के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की हार से भी बड़ी असफलता है। भारत को पिछले कुछ महीनों में टेस्ट क्रिकेट में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उसे घरेलू मैदान पर कमजोर न्यूजीलैंड से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जो टीम के टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ था। इसके बाद उसे पांच मैच की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से उसकी धरती पर1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इन दोनों पराजय के लिए काफी हद तक टीम की बल्लेबाजी विशेषकर कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का खराब प्रदर्शन जिम्मेदार रहा। युवराज ने पीटीआई वीडियो से कहा, मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड से हारना अधिक पीड़ादायक है। क्योंकि वे घरेलू मैदान पर 3-0 से हार गए। आप जानते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। इसे (बीजीटी हारना) तब भी स्वीकार किया जा सकता है क्योंकि आप ऑस्ट्रेलिया में दो बार इस जीत चुके हैं और इस बार आपको हार का सामना करना पड़ा। भारत की 2011 विश्व कप जीत के नायक 43 वर्षीय युवराज ने कहा, मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया पिछले कई वर्षों से बेहद मजबूत टीम रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली ने एक शतक लगाया लेकिन वह लगातार ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर आउट हुए। दूसरी तरफ रोहित शर्मा पांच पारियों में केवल 31 रन बना पाए और इसलिए उन्होंने सिडनी में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेलने का फैसला किया। लेकिन युवराज ने कहा कि दोनों



खिलाड़ियों की पिछली उपलब्धियों को देखते हुए उनकी आलोचना करना अनुचित है। उन्होंने कहा, हम अपने दिग्गज खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात कर रहे हैं, हम उनके बारे में बहुत बुरी बातें कह रहे हैं। युवराज ने कहा, लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अतीत में क्या हासिल किया है। वे इस समय के महानतम क्रिकेटरों में से एक हैं। ठीक है, वे हार गए, उन्होंने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली। वे हमसे भी ज्यादा दुखी हैं। युवराज ने कहा कि उन्हें न केवल रोहित और कोहली बल्कि नए मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी पूरा भरोसा है, जो उनके पूर्व साथी भी थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कोच के रूप में गौतम गंभीर, चयनकर्ता के रूप में अजीत अगरकर तथा रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह के रूप में भारतीय टीम के पास अभी क्रिकेट की अच्छी जानकारी रखने वाले सबसे अच्छे दिमाग हैं। उन्हें यह तय करना होगा कि भविष्य में भारतीय क्रिकेट के लिए सही रास्ता क्या है। इस आक्रामक बल्लेबाज में रोहित के सिडनी टेस्ट से बाहर रहने के फैसले की भी सराहना की।उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह बड़ी बात है। मैंने पहले कभी नहीं देखा कि कप्तान का फॉर्म अच्छा नहीं चल रहा हो और वह खुद बाहर बैठ गया हो। यह रोहित शर्मा की महानता है कि उन्होंने टीम को खुद से आगे रखा। युवराज ने कहा, मुझे लगता है कि वह एक महान कप्तान हैं। चाहे जीतें या हारें, वह हमेशा एक महान कप्तान रहेंगे। उनकी कप्तानी में हमने (वनडे) विश्व कप फाइनल खेला है। हमने टी20 विश्व कप जीता है। हमने बहुत कुछ हासिल किया है।

### लॉयड ने प्रस्तावित दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली की आलोचना की

**गयाना (वेस्टइंडीज)।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्लाइव लॉयड ने कहा है कि तीन बड़े देशों के बीच अधिक श्रृंखलाओं के आयोजन के लिए दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली रखना एक बुरा विचार होगा। उन्होंने कहा कि यह वेस्टइंडीज और उन देशों के लिए बहुत हानिकारक होगा जिन्होंने टेस्ट खेलने का दर्जा पाने के लिए कड़ी मेहनत की है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड के सहयोग से इन तीन देशों के बीच अधिक श्रृंखलाओं के आयोजन के लिए दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली की संभावना तलाश रहा है। द एज की खबर के अनुसार आईसीसी चेयरमैन जय शाह इस महीने के अंत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड और उनके इंग्लैंड के समकक्ष रिचर्ड थॉम्पसन से बारीकियों पर चर्चा करने के लिए मिलने वाले हैं। त्रिनिदाद एवं टोबैगो गार्जियन ने लॉयड के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि यह उन सभी देशों के लिए भयानक होगा जो टेस्ट खेलने का दर्जा पाने के लिए इतनी मेहनत करते हैं और अब वे निचले वर्ग में आपस में खेलेंगे।

## क्विक न्यूज

### आईटीएफ जे300: माया ने उलटफेर किया

**नई दिल्ली।** भारत की माया राजेश्वरन रेवती ने मंगलवार को यहां उलटफेर करत हुए आईटीएफ जे300 टेनिस स्पर्धा के लड़कियों के एकल वर्ग के पहले दौर में दुनिया की 60वें नंबर की खिलाड़ी अदा कुमरू का हराया जबकि शीर्ष वरीय और खिताब की दावेदार योआना कोन्सटेनटिनोवा दूसरे दिन हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। कोयंबटूर की माया ने डीएलटीए परिसर में पहले दौर में तुर्की की चौथी वरीय कुमरू को सीधे सेट में 6-। 7-6 से हराया। पंद्रह साल की माया दुनिया की 139वें नंबर की खिलाड़ी हैं। माया से पहले भारत की रिषिता रेड्डी बासिरेड्डी और ऐश्वर्या जाधव भी लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। खिताब की दावेदार कोन्सटेनटिनोवा को नेइटो ने 6-3 6-। से हराया। नेइटो दुनिया की शीर्ष 400 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं हैं। फ्रांस की दूसरी वरीय एलिजाह इनिसान ने जापान की मियाकी यामागिशी को 7-6 6-। से शिकस्त दी।

### खेल रत्न से चूकने वाले खिलाड़ियों से नारंग ने कहा, प्रेरित रहें और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करें

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने इस साल के खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित नहीं किए गए खिलाड़यों से निराश नहीं होने और इसे भविष्य की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती के रूप में लेने का आग्रह किया है। तोक्यो खेलों के कांस्य को पिछले साल पेरिस में स्वर्ण पदक में बदलने वाले तीरंदाज हरविंदर सिंह जैसे कुछ पैरा खिलाडि़यों ने खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामित नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की है। लंदन 2012 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता और अब भारतीय ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष नारंग ने कहा कि खिलाडि़यों का अंतिम लक्ष्य पुरस्कारों से अधिक पदक होना चाहिए। नारंग ने पीटीआई वीडियो से कहा, किसी भी खिलाड़ी के लिए पुरस्कार प्रोत्साहन का स्रोत होता है। लेकिन जब कोई खिलाड़ी अपनी यात्रा शुरू करता है तो पुरस्कार अंतिम लक्ष्य नहीं होते। जो चीज सबसे ज्यादा मायने रखती है वह है देश के लिए पदक जीतना। पुरस्कार आते-जाते रहेंगे। अगर इस बार नहीं तो अगले साल मिल सकते हैं।

### टाटा मोटर्स देगा रफ्तार को रोमांच

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी ऑटोमोटिव निर्माता, टाटा मोटर्स सीएनजी वाहन सेगमेंट को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। युवाओं को रफ्तार का रोमांच भी मिलेगा। कंपनी ने खुद को मार्केट लीडर के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। मजबूत उत्पाद पोर्टफोलियो और रणनीतिक पहलों के साथए कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही तक संपूर्ण सीएनजी सेगमेंट में प्रभावशाली 21.1 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। उत्तर प्रदेश में इस अवधि के दौरान ब्रांड की कुल कार बिक्री में सीएनजी वाहनों की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत थी जो मजबूत क्षेत्रीय विकास की स्थिति को दर्शाता है। पर्यावरण अनुकूल मोबिलिटी के प्रति टाटा मोटर्स की प्रतिबद्धता उभरते ऑटोमोटिव परिदृश्य को अपनाने के लिए इसके सक्रिय दृष्टिकोण में स्पष्ट रूप से जाहिर होती है। टियागो टिगोर, नेक्सॉन,ऑल्ट्रोज़ और पंच जैसे लोकप्रिय मॉडल सीएनजी मॉडल्स की बिक्री को बढ़ाने में सहायक रहे हैं,टाटा पंच इस क्षेत्र में ब्रांड के सबसे अधिक बिकने वाले सीएनजी मॉडल के तौर पर उभर कर सामने आया है और इसके बाद नेक्सॉनए ऑल्ट्रोज़ए टिगोर और टियागो का स्थान है। ये आंकड़े स्थायी वाहन सेगमेंट में टाटा मोटर्स के नेतृत्व और नए व पर्यावरण.अनुकूल मोबिलिटी समाधान मुहैया कराने के प्रति उसके समर्पण पर जोर देता है।

### इंग्लैंड से अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्राफी मैच का बहिष्कार करने का आग्रह

**लंदन।** ब्रिटेन के 160 से अधिक राजनेताओं ने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने का अनुरोध किया है। राजनेता चाहते हैं कि ईसीबी तालिबान शासन के महिलाओं के अधिकारों के दमन के खिलाफ आवाज उठाए और 26 फरवरी को पाकिस्तान के लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले पुरुषों के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच का बहिष्कार करे। तालिबान की 2021 में सत्ता में वापसी के बाद से खेल में महिलाओं की भागीदारी को प्रभावी रूप से गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों का उल्लंघन भी है लेकिन अफगानिस्तान को आईसीसी की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है। ऐसे में ब्रिटेन के सांसदों ने एक पत्र लिखकर ईसीबी से अपनी नैतिक आपत्ति दर्ज कराने की अपील की है। यह पत्र लेबर सांसद टोनिया एंटोनियाज़ी में लिखा है तथा इसमें निगेल फराज और जेरेमी कॉर्बिन सहित हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सांसदों के हस्ताक्षर हैं।

### त्रीसा और गायत्री की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में

**कुआलालंपुर।** भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।यहां छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल 30 मिनट में 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर अंतिम 16 में जगह पक्की की। लखनऊमें सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी सफलता से उत्साहित त्रीसा और गायत्री को गैरवरीय थाई जोड़ी से खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में कुछ समय में ही 17-8 की बढ़त बना ली और फिर यह गेम अपने नाम करने में देर नहीं लगाई। त्रीसा और गायत्री को दूसरे गेम के शुरू में थोड़ा चुनौती का सामना करना पड़ा।

# बुमराह आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित

भाषा। दुबई

**स्टार भारतीय तेज** गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हाल में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के कारण मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के दिसंबर 2024 महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। बुमराह ने दिसंबर में तीन टेस्ट में 14.22 के औसत से 22 विकेट चटकाए। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच टेस्ट में कुल 32 विकेट लिए। बुमराह पीठ



में जकड़न के कारण सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में मेजबान टीम की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। बुमराह ने ब्रिसबेन और मेलबर्न में नौ-नौ विकेट चटकाए थे जिससे भारत मेजबान टीम को कड़ी चुनौती देने में सफल रहा था। बुमराह को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेन पेटरसन से कड़ी चुनौती मिलेगी। कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 3-। से श्रृंखला जीती थी। तेज गेंदबाज कमिंस ने दिसंबर में भारत के खिलाफ तीन टेस्ट में 17.64 की औसत से 17 विकेट हासिल किए।

### डिविलियर्स को उम्मीद, भारतीय खिलाड़ियों को एसए-20 में खेलने की स्वीकृति देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी एबी डिविलियर्स को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड निकट भविष्य में भारतीय खिलाड़ियों को एसए20 में भाग लेने की अनुमति देगा क्योंकि इससे इस फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग की लोकप्रियता बढ़ेगी। दिनेश कार्तिक एसए20 में भाग लेने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनने वाले हैं लेकिन यह तभी संभव हो पाया जब उन्होंने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। बीसीसीआई अपने सक्रिय खिलाड़ियों को विदेशी लीग में भाग लेने की अनुमति नहीं देता है और अभी तक भारत से बाहर की प्रतियोगिताओं में खेलने का एकमात्र तरीका स्वदेश में अपने करियर को विराम देना है। डिविलियर्स ने नौ जनवरी से शुरू होने वाले एसए20 के तीसरे सत्र से पूर्व मैं और अधिक भारतीय खिलाड़ियों को इसमें शामिल होते देखना पसंद करूंगा। और उम्मीद है कि बीसीसीआई भविष्य में और अधिक भारतीय खिलाड़ियों को एसए20 में शामिल होने की अनुमति देगा। डिविलियर्स अच्छी तरह से जानते हैं कि बीसीसीआई निकट भविष्य में सक्रिय भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी लीग के लिए उपलब्ध नहीं कराने जा रहा है लेकिन वह विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को एसए20 में देखना पसंद करेंगे।

### मलेशिया ओपनः छत से पानी टपकने के कारण प्रणय का मैच रूका

**कुआलालंपुर।** भारत के एचएस प्रणय को सत्र के पहले मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में निराशाजनक शुरुआत का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां आशियाटा एरिना में छत से पानी टपकने के कारण कनाडा के ब्रायन यैंग के खिलाफ उनका मैच बीच में ही रोकना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के बाद वापसी कर रहे प्रणय जब करीब 25 मिनट के खेल के बाद मुकाबले में 21-12, 6-3 से आगे चल रहे थे तब छत से बारिश का पानी रिसने लगा और कोर्ट तीन पर खेल रोकना पड़ा। एक घंटे से अधिक विलंब के बाद शाम लगभग सवा चार बजे मुकाबला दोबारा शुरू हुआ लेकिन इसे दोबारा रोकना पड़ा क्योंकि पानी फिर टपकने लगा। ब्रायन जब दूसरे गेम में 11-9 से आगे थे तब अधिकारियों ने मुकाबले को स्थगित करने का फैसला किया जो अब बुधवार को 21-12, 9-11 के स्कोर से आगे शुरू होगा। प्रणय के साथ मौजूद भारतीय कोच आरएमवी गुरुसाईदत्त ने पीटीआई से कहा, प्रणय का मैच स्थगित कर दिया गया है। वह कल उसी स्कोर से मुकाबले को आगे शुरू करेगा।

# भारत यूथ में उपविजेता, जूनियर में जीता कांस्य

- उज्बेकिस्तान का दबदबा, यूथ के साथ जूनियर में भी चैंपियन
- आईएचएफट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल कांटिनेंटल फेज एशिया

**लखनऊ।** उज्बेकिस्तान की यूथ अंडर-18 टीम ने आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल कांटिनेंटल फेज एशिया का खिताब मेजबान भारत को 47.23 से हराकर जीता। जूनियर अंडर-20 के फाइनल में भी उज्बेकिस्तान ने जीत दर्ज की जिसने कजाखिस्तान को 38-18 से हराया। चैंपियनशिप की यूथ व जूनियर विजेता टीम अब इंटरकांटिनेंटल फेज में चुनौती पेश करेगी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में भारत की यूथ टीम उपविजेता रही जबकि जूनियर टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। चैंपियनशिप के समापन समारोह में अतिथिगण के.विंद्र नायक



आईएएसए प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, वीके सिंह आईपीएस अपर पुलिस महानिदेशक,सुहास एल वाई आईएएस सचिव खेल, उत्तर प्रदेश शासन, व विराज सागर दास अध्यक्ष उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशनद्ध ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने किया। आज यूथ वर्ग के फाइनल में भारत के खिलाफ शुरू से ही उज्बेकिस्तान ने अटैकिंग गेम दिखाया और लगातार गोल दागते हुए अपनी मजबूत पकड़ बनाये रखी। उज्बेक खिलाड़ियों ने अनुभव व फुर्ती के सहारे पहले हॉफ में मेजबान के खिलाफ25-13 से बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौको पर आक्रामक खेल दिखाया लेकिन मिले मौकों को वो भुना नहीं सके। इसके चलते उज्बेक खिलाड़ियो ने अंतर बढ़ाते हुए 47-23 से जीत हासिल की। विजेता टीम से योरकुलोव ने 9, तुर्गुनोव कुवोंचबेक ने 7, सफारोव ने 8 व अब्दुकरिमोव ने 6 गोल किए। भारत की ओर से रवि ने 7, अंशु व प्रवीण गिल ने 5.5 जबकि मनीष यादव ने 4 व सुयश अवस्थी ने 2 गोल किए। जूनियर वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान ने कजाखिस्तान को 38-18 से हराया। मध्यांतर तक उज्बेकिस्तान 17-6 से आगे था। उज्बेकिस्तान से एशंकुलोव जलोलिद्दीन ने 8ए राखत जोल्दास्बाएव ने 6 व रहिमोव ने 5 गोल किए। कजाखिस्तान से मिखाइल सालमोव व अज़ीज़ान रकीमज़ानोव ने 5-5 गोल किए। इससे पूर्व तीसरे स्थान के मैच में भारतीय जूनियर अंडर.20 टीम ने बांग्लादेश को 40-24 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत मध्यांतर तक 17-9 से आगे था। भारत के लिए जसप्रीत सिंह व मोहित ने सर्वाधिक 9.9 गोल दागे। यूथ अंडर.18 में तीसरे स्थान के मैच में कजाखिस्तान ने कांस्य पदक जीता जिसने बांग्लादेश को 33.29 से हराया। विजेता टीम से वादिम कैसिन ने सर्वाधिक 15 गोल किए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001